सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 23 जुलाई , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 199, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 13.53 अंकों की गिरावट

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 13 .53 अंक की मामूली गिरावट के साथ 82,186 .81 अंक पर बंद हुआ। } 14

## ब्रिटेन यात्रा से भारत को व्यापक साझेदारी की उम्मीद

प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर से पहले, देश के प्रमुख थिंक टैंक ने ब्रिटेन की हिंद प्रशांत रणनीति को नया स्वरूप देने का आहवान किया। } 16

संक्षेप

### दो आईएएस व सात पीसीएस के तबादले

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने मंगलवार को दो आईएएस और सात पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। पीसीएस से आईएएस बनने वाले विनोद कुमार गौड़ को उप सचिव उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज से मुख्य विकास अधिकारी फरुर्खाबाद बनाया गया है। अरविंद कुमार मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी फरुर्खाबाद को अपर निदेशक सूचना बनाया गया है। पीसीएस अधिकारियों में प्रतीक्षारत डा. अलका वर्मा को निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, गौरव रंजन श्रीवास्तव एडीएम (वि/रा) बहराइच से उपसचिव उप्र लोक सेवा आयोग ...शेष पृष्ठ 14 पर

### चंदौली : जिम संचालक की दिन दहाड़े हत्या

चंदौली । जिले में हथियारबंद बदमाशों ने एक जिम संचालक पर कथित रूप से ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद मंगलवार सुबह एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बताया कि यह घटना सोमवार देर रात मुगलसराय थाना क्षेत्र के धरना गांव के पास की है जहां कुछ बदमाशों ने जिम संचालक अरविंद यादव (40) पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर उसकी हत्या कर दी। मृतक के भाई नीरज यादव ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनके भाई सोमवार रात अपने जिम में गए थे तभी गांव के ही निवासी कल्लू यादव, रामलखन, अमर यादव, बाबू यादव और काजू यादव सहित आठ युवक पांच मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां पहुंचे। तहरीर के मुताबिक कल्लू यादव और उसके साथियों ने अरविंद पर गोलियां बरसा दीं जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अरविंद

### नाले में गिरी बस, एक यात्री की मौत, 8 घायल

बिजनौर। बिजनौर जिले में चंडीगढ़ से उत्तराखंड के टनकपुर जा रही रोडवेज बस के अनियंत्रित होकर एक नाले में जा गिरने से उस पर सवार एक यात्री की मौत हो गई तथा आठ अन्य जख्मी हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेई ने मंगलवार को बताया कि 21/22 जुलाई की दरमियानी रात लगभग ढाई बजे चंडीगढ़ से टनकपुर जा रही रोडवेज बस मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर बैराज के पास चालक को झपकी आ जाने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बरसाती नाले में जा गिरी। बस में चालक और परिचालक सहित नौ लोग सवार थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने आठ लोगों को निकाल लिया मगर 30 वर्षीय एक अज्ञात यात्री की बस में भरे पानी में डूब कर मौत हो गई।



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- युवा पीढ़ी भारत को जल संकट से बचा सकती है (पृष्ठ-02)
- गढ़मुक्तेश्वर बनेगा ग्रामीण पर्यटन का नया केंद्र (पृष्ठ-02)
- रुपया पांच पैसे कमजोर होकर 86.36 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- बाजार में उतार-चढ़ाव बड़ी चुनौती : सेबी (पृष्ठ-14)
- वित्तीय समावेश सूचकांक 4.3 प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ-14)


## कांवड़ मार्ग में होटल मालिकों को प्रदर्शित करना होगा लाइसेंस

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों के लिए क्यूआर कोड संबंधी निर्देश पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया और इस मार्ग पर मौजूद सभी होटल मालिकों को निर्देश दिया कि वे वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने लाइसेंस व पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करें। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वह होटल या ढाबा मालिक का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करने के अन्य मुद्दों पर विचार नहीं कर रही, क्योंकि मंगलवार को कांवड़ यात्रा का अंतिम दिन है। पीठ ने कहा हमें बताया गया है कि यात्रा का आज अंतिम दिन है, इसलिए इस स्तर पर हम केवल यह आदेश पारित कर सकते हैं कि सभी संबंधित होटल मालिक वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करने के निर्देश का पालन करेंगे। शीर्ष अदालत ने शिक्षाविद अपूर्वानंद ...शेष पृष्ठ 14 पर



## हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही बाधित

### एसआईआर सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर हुई नारेबाजी, आसन के समीप आये कुछ सदस्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार को दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे फिर शुरू होने के कुछ ही पल बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित कई मुद्दों पर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।



उच्च सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे शुरू हुई और उपसभापति हरिवंश ने पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल को समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक 2025 विचार करने एवं पारित करने के लिए प्रस्ताव पेश करने को कहा। इसी बीच विपक्षी सदस्यों ने एसआईआर सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया और कुछ सदस्य आसन के समीप आ गए। उपसभापति ने सदस्यों से अपने स्थानों पर लौट जाने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। लेकिन हंगामा न थमते देख उन्होंने बैठक पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। हंगामे की वजह से सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल भी नहीं हो पाया। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाए। इसके बाद उन्होंने सदन को सूचित किया कि कुछ सदस्यों ने दिन का नियत कामकाज स्थगित कर एसआईआर प्रक्रिया, पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग करते हुए 12 कार्य स्थगन नोटिस दिए हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के सदस्य पी संदोष कुमार ने उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था। हरिवंश ने बताया कि ये नोटिस अस्वीकृत कर दिए गए हैं। उन्होंने सदन में शून्यकाल शुरू करने को कहा। इसी बीच विपक्षी सदस्य अपनी मांगों को ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महिलाओं को योगी सरकार का तोहफा

## 1 करोड़ तक की संपत्ति खरीदने पर एक प्रतिशत कम देना होगा स्टाम्प शुल्क

विशेष संवाददाता

लखनऊ। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ रुपये तक मूल्य की संपत्ति (जैसे मकान, जमीन आदि) यदि किसी महिला के नाम खरीदी जाती है, तो उस पर स्टाम्प शुल्क में 1% की छूट मिलेगी। अब तक राज्य में यह छूट केवल 10 लाख रुपये तक की संपत्ति पर ही लागू थी, जिसमें अधिकतम 10 हजार रुपये तक की छूट मिलती थी। लेकिन अब सरकार ने इस छूट को बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये तक की संपत्ति पर लागू कर दिया है, जिससे महिलाओं को अधिक लाभ मिलेगा। मंगलवार शाम लोकभावन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में कुल 37 मद पारित किए गए। इसमें 11 अगस्त से विधानसभा के मॉनसून सत्र की शुरूआत का भी निर्णय लिया गया।

निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि सरकार का मानना है कि इस फैसले से मध्यम वर्ग की महिलाओं को संपत्ति की मालिक बनने में मदद मिलेगी, जिससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि वे समाज में आर्थिक रूप से अधिक सक्षम और सम्मानित बनेंगी। यह छूट मिशन शक्ति कार्यक्रम को भी मजबूती देगी, जिसके तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा रहा है। बजट 2024 में केंद्र सरकार ने भी महिलाओं के पक्ष में निष्पादित विलेखों पर स्टाम्प शुल्क कम करने की बात कही थी। प्रदेश सरकार का यह फैसला उसी दिशा में एक सकारात्मक और प्रभावी कदम माना जा रहा है। इस पहल से महिलाओं के पक्ष में सम्पत्ति के स्वामित्व को सामाजिक सम्मान एवं आर्थिक वित्तीय स्वतन्त्रता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, महिलाओं के नाम सम्पत्ति के पंजीकरण में भारी वृद्धि की सम्भावना है जिससे मिशन शक्ति के उद्देश्य पूर्ति में सहायता मिलेगी।

**चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को कैबिनेट की मंजूरी**

योगी कैबिनेट ने चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को भी मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 939.67 करोड़ रुपये की लागत से इंजीनियरिंग-प्रोक्योरमेंट-कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) पद्धति पर पूरी की जाएगी। 15.172 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर ग्राम अहमदगंज तक जाएगा। एक्सप्रेसवे को प्रारंभ में 4 लेन और भविष्य में 6 लेन तक विस्तार योग्य बनाया जाएगा। यह वाराणसी-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग 135 बीजी से संपर्क स्थापित करेगा। इस फैसले से जहां चित्रकूट में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी सुगम और तेज यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना के तहत निर्माण कार्य 548 दिनों में पूरा किया जाएगा और इसके बाद पांच वर्षों तक अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। इस परियोजना में केंद्र सरकार की कोई वित्तीय भागीदारी नहीं होगी। निर्माण कार्य के दौरान और बाद में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 38 लाख मानव दिवसों का सृजन होने की संभावना है।



**मंत्रिमंडल के अन्य निर्णय**

- मध्यम वर्ग की महिलाओं को संपत्ति की मालिक बनने में मिलेगी मदद
- महिलाओं में आत्मविश्वास के साथ सम्मान की भी होगी वृद्धि
- कैबिनेट ने बैठक में कुल 37 प्रस्ताव किये गये पारित

### 121 पॉलीटेक्निक संस्थानों का होगा कायाकल्प

**सरकार ने प्रदेश के डिप्लोमा सेक्टर में तकनीकी शिक्षा को उद्योगों की मांग के अनुरूप उन्नत बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से राज्य के 121 राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में टाटा टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना कर उनका कायाकल्प किया जाएगा। इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने स्वीकृत कर लिया। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 6935.86 करोड़ रुपये है, जिसमें से 6034.20 करोड़ रुपये टीटीएल वहन करेगा, जबकि** ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अब युवाओं को मिलेंगे ज्यादा फीचर्स वाले अत्याधुनिक टैबलेट

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत अब प्रदेश के युवाओं को स्मार्टफोन की जगह टैबलेट वितरित किए जाएंगे। योगी कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि तकनीकी रूप से युवाओं को अधिक सक्षम बनाने के लिए सभी लाभार्थियों को अब टैबलेट ही वितरित किए जाएं। यह योजना पांच वर्षों तक लागू रहेगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2000 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। इसमें केंद्र सरकार पर कोई व्यय भार नहीं होगा। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि टैबलेट की बड़ी स्क्रीन, बेहतर बैटरी, मल्टीटास्किंग क्षमता और ...शेष पृष्ठ 14 पर



### 11 अगस्त से शुरू होगा मॉनसून सत्र

लखनऊ। योगी कैबिनेट ने राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों (विधान सभा एवं विधान परिषद) का वर्ष 2025 का द्वितीय (मॉनसून) सत्र 11 अगस्त, सोमवार से आहूत करने का निर्णय लिया है। योगी कैबिनेट ने यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 174 (1) की अनिवार्य व्यवस्था के अंतर्गत लिया है, जिसके अनुसार एक सत्र की अंतिम बैठक और अगले सत्र की प्रथम बैठक के बीच अधिकतम अंतर छह माह का हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि पिछला सत्र 18 फरवरी को आरंभ होकर 5 मार्च, 2025 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था और 12 मार्च को सत्रावसान की अधिसूचना जारी की गई थी। नियमानुसार 5 सितंबर से पूर्व नए सत्र का आयोजन जरूरी था। आगामी सत्र में शासन द्वारा सत्रावसान के बाद जारी किए गए अध्यादेशों के प्रतिस्थानी विधेयकों को प्रस्तुत कर पारित कराना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक विधायी एवं औपचारिक कार्य भी किए जाएंगे। अभी विधानमंडल के मानसून सत्र की बैठकों का तारीखवार विस्तृत ब्यौरा सामने नहीं आया है।

## गोवंश की देखभाल में लापरवाही, कई अफसर नपे

### दो आउटसोर्सिंग एजेंसियों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एफआईआर

विशेष संवाददाता

लखनऊ/मेरठ (उप्र)। मेरठ की कान्हा उपवन गौशाला में गोवंश मवेशियों की देखभाल में गंभीर लापरवाही उजागर होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई की गयी और दो संबंधित फर्म एवं एक अधिकारी समेत दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गयी। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

इस बीच मेरठ से मिली खबर के अनुसार पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभिषेक तिवारी ने बताया कि कान्हा उपवन गौशाला में भूख से गोवंश मवेशियों की मौत के मामले में नगर निगम के प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह को आज सुबह उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया तथा उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम एवं सरकारी धन के गबन के आरोप में मामला दर्ज किया गया। सीओ ने बताया कि पूछताछ के बाद हरपाल सिंह को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना सिविल लाइन ...शेष पृष्ठ 14 पर



प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह गिरफ्तार

### भारत-पाक सीमा पर तैनात होगा ड्रोन स्क्वाड्रन

नयी दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनाती के लिए पहलौ ड्रोन स्काड्रनै तैयार कर रहा है। साथ ही, उसने ऑपरेशन सिंदूर से सीखे गए सबक के मद्देनजर घातक यूएवी हमलों के खिलाफ अपनी सुरक्षा व्यवस्था और चौकियों को मजबूत करना शुरू कर दिया है। सुरक्षा प्रतिष्ठान के आधिकारिक सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इस मोर्चे पर विशिष्ट सीमा चौकियों (बीओपी) पर तैनात स्काड्रन में विभिन्न प्रकार के टोही, निगरानी और हमलावर ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) और विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मी शामिल होंगे, जो इन मशीनों को संचालित कर सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस स्काड्रन का संचालन चंडीगढ़ स्थित बीएसएफ के पश्चिमी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## देहरादून के चहुंमुखी विकास में जुटे धामी

### राज्य की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का चलेगा अभियान : सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिस्पना और बिंदाल नदी पर प्रस्तावित चार लेन एलिवेटेड रोड कॉरिडोर की सभी प्रक्रियाएं तेज की जाएं। साथ आशारोड़ी से मोहकमपुर तक बनने वाले रिंग रोड/बाईपास और यूटिलिटी डक्ट पॉलिसी को भी शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए तेजी से कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण में नवीनतम तकनीकों का उपयोग अनिवार्य हो। विशेष रूप से भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में जियोसिंथेटिक रिटेनिंग वॉल जैसी आधुनिक तकनीक से सुरक्षित व टिकाऊ सड़कों का निर्माण किया जाए। उन्होंने जर्जर हो चुके पुलों के पुनर्निर्माण और मरम्मत को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने केदारखंड और मानसखंड के बीच आपसी संपर्क को बेहतर बनाने और देहरादून, हल्द्वानी, दिल्ली व अन्य प्रमुख शहरों के बीच कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करने के लिए प्रभावी योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरादून-मसूरी मार्ग पर यातायात का दबाव कम करने के लिए वैकल्पिक मार्गों पर तेजी से कार्य करने का आह्वान किया। सड़कों के डामरीकरण के कार्यों में भी गति लाने की आवश्यकता जताई। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. पंकज पाण्डेय ने बताया कि रिस्पना नदी पर 11 किलोमीटर और बिंदाल नदी पर 15 किलोमीटर लंबे चार लेन एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के पहले चरण की फिजिबिलिटी और हाइड्रोलॉजिकल ...शेष पृष्ठ 14 पर



विशेष खबर

### धर्मांतरण के लिए पनामा से हो रही थी डॉलर की बारिश, ईडी के हाथ लगे कागजात

## छांगुर बाबा केस में मनी लॉन्ड्रिंग का पर्दाफाश

जिला संवाददाता

बलरामपुर। धर्मांतरण के विवाद में चल रहे छांगुर बाबा मामले में एक और सनसनीखेज कड़िया जुड़ गई है। जांच एजेंसी को नवीन रोहरा नामक छांगुर बाबा के राजदार से ऐसा दस्तावेज मिला है, जिसमें किसी पनामा की शैल कंपनी लोगोस मरीना एसए का जिक्र है। इस कंपनी को साल 2003 में पनामा में दर्ज कराया गया था। अब इस खुलासे ने पूरे विवाद को और भी गहराई तक पहुंचा दिया है।

प्राप्त जनकारी के अनुसार लोगोस मरीना एसए नाम की कंपनी को 30वीं स्ट्रीट, बाल्बोआ एवेन्यू, बिल्डिंग नंबर 39, पनामा सिटी, पनामा में रजिस्टर कराया गया था. यह कंपनी पनामा स्थित फर्म इंटरनेशनल शिपिंग ब्यूरो के माध्यम से दर्ज हुई थी और इसकी अधिकृत शेयर पूंजी 10,000 अमेरिकी डॉलर रखी गयी थी। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर धर्म परिवर्तन मामले में मुख्य आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा पर शिकंजा कसता जा रहा है। एऊ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी में विदेशी फंडिंग और कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। बता दें कि ईडी की लखनऊ शाखा ने छांगुर बाबा और संबंधित धन शोधन के एक मामले में गैरकानूनी धर्मांतरण, विदेशी धन के उपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संभावित खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों से संबंधित षड्यंत्र रचने के आरोप हैं। ईडी ने बलरामपुर, लखनऊ और मुंबई में स्थित छांगुर बाबा उनके करीबी सहयोगी नवीन रोहरा और अन्य से संबंधित 15 ठिकानों पर पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के दौरान, विदेशों से धन प्राप्त करने और अचल संपत्ति अर्जित करने के लिए का आरोप है। साथ ही अपराध से जुड़े दस्तावेज बरामद कर जब्त किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि एक आरोपी के बैंक खाते से लगभग 2 करोड़ रुपए की धनराशि शाहजाद शेख के खाते में ट्रांसफर की गई थी। इसमें से एक करोड़ रुपए से अधिक की रकम छांगुर बाबा के खातों से शेख के खाते में गई। प्रवर्तन निदेशालय को शक है कि इस धन का इस्तेमाल अवैध रूप से धर्मांतरण गतिविधियों में किया गया।







## मंत्रिमंडल ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को दी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। इस समझौते पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता कहा जाता है। इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लंदन यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए जाएंगे। मोदी की चार दिवसीय ब्रिटेन और मालदीव यात्रा बुधवार से शुरू हो रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल प्रधानमंत्री के साथ होंगे। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इस व्यापार समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता बनाने का भी प्रस्ताव है। इस समझौते का उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते में वस्तुओं, सेवाओं, नवोन्मेष, सरकारी खरीद और बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे मुद्दों पर अध्याय हैं। समझौते की विषय वस्तु पर आमतौर पर दोनों देशों के वाणिज्य मंत्री हस्ताक्षर करते हैं। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे प्रभावी होने से पहले ब्रिटिश संसद की मंजूरी की जरूरत होगी।

C M Y K

# पलायन का नहीं, बल्कि खुशहाली का माध्यम बने कृषि: योगी


विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भी यूपी में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि है। लगभग तीन करोड़ किसान कृषि पर निर्भर करते हैं। इसके बाद सर्वाधिक रोजगार एमएसएमई दे रहा है।इसके माध्यम से 1.65 करोड़ लोग रोजगार प्राप्त करते हैं। सीएम ने कहा

- मुख्यमंत्री ने उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस में की शिरकत
- आज भी सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है कृषि

कि कृषि पलायन का नहीं, बल्कि खुशहाली का माध्यम बने। यह तभी संभव है, जब इस क्षेत्र में किए जाने वाले अनुसंधान का लाभ किसानों को दे पाएंगे। सीएम ने कहा कि यूपी विकसित होता है तो भारत को विकसित होने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में ईमानदारी से प्रयास करता है तो उस लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस में शिरकत की। सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन और पुस्तिकाओं, न्यूज लेटर का विमोचन किया। उन्होंने राष्ट्रीय संगोष्ठी 'विकसित कृषि-विकसित उत्तर प्रदेश@ 2047' में अपने विचार भी रखे। सीएम ने कृषि वैज्ञानिकों, युवा प्रतिभाओं, एफपीओ आदि का सम्मान भी किया।

सीएम ने कहा कि हमें भारत की जलवायु, मिट्टी के अनुरूप शोध व विकास को बढ़ाने के लिए खुद को तैयार करना होगा। यूपी के अंदर यह सभी संभावनाएं छिपी हुई हैं। पीएम मोदी ने देशवासियों के सामने 2047 तक भारत को विकसित करने का लक्ष्य रखा है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों को भी अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। हमें विकसित उत्तर प्रदेश बनाना है और इसके लिए सभी क्षेत्रों में अपनी संभावनाओं को तलाशना है। केंद्र सरकार ने तय किया है कि भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनेगा। हमने भी तय किया है कि 2029 में यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाएंगे। सीएम ने कहा कि कृषि व कृषि अनुसंधान की दृष्टि से यूपी प्रकृति व परमात्मा की कृपा वाला प्रदेश है। हमारे पास विस्तृत और उर्वरा कृषि भूमि, पर्याप्त जल संसाधन है। दुनिया में यूपी एकमात्र ऐसा राज्य होगा, जिसका 86 फीसदी से अधिक भूभाग सिंचित है। यहां केंद्र व राज्य सरकार के कृषि विश्वविद्यालयों का बेहतरीन



संजाल है। यूपी सरकार पहले से चार कृषि विवि संचालित कर रही है। पांचवां विवि भी स्थापित हो रहा है। केंद्र सरकार द्वारा भी प्रदेश में पहले से ही कृषि विवि संचालित हो रहे हैं और कृषि अनुसंधान के लिए 15 से अधिक संस्थान कार्यरत हैं। 89 कृषि विज्ञान केंद्र भी अपनी विशेषज्ञता का लाभ किसानों को प्रदान करते हैं। इसके बावजूद किसानों की स्थिति चौंकाने वाले तथ्य प्रस्तुत करती है। प्रदेश के बमुश्किल 25 से 30 फीसदी किसान ही ऐसे हैं, जो वैज्ञानिक शोध व अनुसंधान के कार्यों को प्रभावी ढंग से खेती में लागू कर पा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि देश की आबादी का 16 फीसदी हिस्सा यूपी में निवास करता है। देश के कृषि योग्य कुल भूमि का केवल 11 फीसदी यूपी में है। इस भूमि पर देश का 20 फीसदी से अधिक खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है। हालांकि यूपी की भूमि के समतलीकरण, उर्वरता, जल संसाधन को देखते हुए इससे तीन गुना अधिक उत्पादन लिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए कृषि शोध, विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। सीएम ने कहा कि वही देश विकसित हुए हैं, जिन्होंने अधिकाधिक शोध और विकास पर ध्यान दिया। उनका क्षेत्र अलग हो सकता है। जिसने जिस क्षेत्र में कार्य किया, वह वहां आगे बढ़ा।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, प्रमुख सचिव रविंद्र, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जलवायु, मिट्टी के अनुरूप शोध व विकास को देंगे बढ़ावा : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'विकसित कृषि-विकसित उत्तर प्रदेश@ 2047' में अपने विचार भी रखे। सीएम ने कहा कि यूपी के पास देश ही नहीं, दुनिया का पेट भरने का भी सामर्थ्य है। यहां के क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप अनुसंधान और प्रकृति-पर्यावरण के अनुरूप शोध को बढ़ाने के लिए और गति दिए जाने की आवश्यकता है।

सीएम ने कहा कि आपके द्वारा किए गए शोध व विकास के कार्यक्रमों की गति देश व प्रदेश की प्रगति में निर्णायक भूमिका का निर्वहन कर सकती है। सीएम ने कहा कि हमने इजराइल की मदद से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए थे। उन्होंने हमें तकनीक सहयोग किया था। यहां के वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण लेकर उसे आगे बढ़ाने में योगदान किया था। उसका एक्सटेंशन क्या है। हमें उस दिशा में भी प्रयास करने चाहिए। यदि इजराइल यह कार्य कर सकता है तो हमारे कृषि विवि क्यों नहीं कर सकते। कब तक किसानों को खेतीबाड़ी से पलायन करने के लिए मजबूर होते देखते रहेंगे। सीएम ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। इस समय भारी बारिश होनी चाहिए, लेकिन प्रदेश के लगभग 15-16 जनपदों में औसत से कम बारिश हुई है। अगल-बगल के राज्यों में जहां बारिश पहले कम होती थी, वहां भारी बारिश हो रही है। इन स्थितियों का सामना कैसे कर सकते हैं। सीएम ने कहा कि 2047 में जब भारत 30

- सीएम ने जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम को लेकर जतायी चिंता

ट्रिलियन डॉलर की इकॉमनी होगा तो यूपी कहां होगा, उसकी प्रति व्यक्ति आय क्या होगी। कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी क्या स्थिति होनी है। इस पर यूपी ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है। हम विजन 2047 की कार्ययोजना के साथ तो आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन हमारे पास शॉर्ट टर्म भी होना चाहिए कि हमें दो वर्ष में क्या अचीव करना है। हमें 2027, 29 और 35 की भी बात करनी चाहिए। पब्लिक को अपील करने के लिए शॉर्ट टर्म, मीडियम और लॉन्ग टर्म प्लानिंग को लेकर चलना होगा। कृषि विवि, कृषि विज्ञान केंद्रों व अनुसंधान के लिए कार्यरत संस्थान इस दिशा में प्रयास प्रारंभ करें। सीएम ने कहा कि कोई फसल एक महीने विलंब होगी और बीज वही पुराना है तो उसके प्रोड्क्शन पर भी 30 फीसदी तक असर होगा। सीएम ने पूछा कि क्या लेट वेरायटी के लिए किसानों को तैयार किया। बीज की उपलब्धता व डिमास्ट्रेशन के लिए किसान को प्रशिक्षित किया। यदि कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विवि, अनुसंधान केंद्रों के माध्यम से समय पर सही जानकारी व डिमास्ट्रेशन से बताएंगे नहीं कि इस बीज से इसका इतना प्रोडक्शन लिया जा सकता है तो उसे विश्वास नहीं होगा। आज भी यदि वह पुरानी रणनीति के तहत पुरानी तकनीक पर आधारित खेती करने पर मजबूर है तो इसलिए, क्योंकि हम उसे केंद्रों तक लाने में विफल रहे हैं। सीएम ने कहा कि कृषि, हार्टिकल्चर, सब्जी, पशुपालन-डेयरी में हम थोड़ा भी प्रयास करेंगे तो लोगों को इस दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। पीएम मोदी कहते हैं कि लागत कम और उत्पादन को बढ़ाएंगे तो किसानों के चेहरे पर खुशहाली ला सकते हैं, लेकिन यह शोध और विकास के माध्यम से ही संभव हो सकता है। इसमें बहुत कुछ किया जा सकता है। सीएम ने आशा जताई कि उपकार विशिष्ट शोध व विकास कार्यक्रमों के माध्यम से यूपी के किसानों का उपकार करेगा।

# गढ़मुक्तेश्वर बनेगा ग्रामीण पर्यटन का नया केंद्र : जयवीर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनपद हापुड़ स्थित गढ़मुक्तेश्वर और उसके आस-पास के क्षेत्रों की धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को आधुनिक स्वरूप देने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन

- पर्यटन विभाग ने गढ़मुक्तेश्वर के विकास के लिए 19.50 करोड़ रुपये की परियोजनाएं की स्वीकृत

विभाग द्वारा 19.50 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

इस परियोजनाओं से ना केवल तीर्थस्थलों के सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि आधुनिक पर्यटक सुविधाएँ भी विकसित होंगी। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक देशी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित करके स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर एक पौराणिक एवं धार्मिक स्थल है। गंगा किनारे स्थित इस स्थल पर दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते है। इन परियोजनाओं में ब्रजघाट का पुनर्विकास सम्मिलित है, जहां वॉटर लेजर शो, वेंडिंग जोन, फूड प्लाजा और आधारभूत सामुदायिक सुविधाओं की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा, नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे नक्का कुआं (गुरु तेगबहादुर गुरुद्वारा के पास), कल्याणेश्वर महादेव मंदिर, और पंचायत मंदिर (बड़ा बाजार) का भी पर्यटन विकास किया जा रहा है। उन्होने बताया कि हापुड़ जनपद का गढ़मुक्तेश्वर, एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक नगर है, जो अब पर्यटन विकास की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश के मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। गंगा नदी के तट पर स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, जो भगवान शिव को समर्पित है, श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस



मंदिर को मनोकामनाएं पूरी करने वाला माना जाता है। यहां हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर एक ऐतिहासिक मेला लगता है। मान्यता है कि यह मेला 5000 वर्षों से समय से लगता रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा यहाँ पर्यटन अनुभव को और भी समृद्ध करने के लिए गढ़मुक्तेश्वर के आसपास के गांवों में ग्रामीण होमस्टे विकसित किए गए हैं। यहाँ गंगा नदी के किनारे बसे पूठ पुष्पावती गांव में 10 होमस्टे स्थापित किए गए हैं, जिससे पर्यटकों को गांवों की जीवनशैली, परंपराएं और आतिथ्य का अनुभव हो सके। यह प्राचीन गांव महाभारत कालीन धार्मिक मान्यताओं से जुड़ा हुआ है। यहाँ का शिव मंदिर, शांत घाट, और ऐतिहासिक शंकर टीला इस स्थान की आध्यात्मिक आभा को और बढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय समुदाय की भागीदारी से भी पर्यटन को प्रोत्साहन मिल रहा है। ग्रामवासियों को आतिथ्य, स्टोरीटेलिंग, फूड सेफ्टी और गाइडिंग जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया है। हाल ही में 15 महिलाओं और युवाओं के लिए अगरबत्ती और धूपबत्ती निर्माण पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें गोबर, फूलों और जड़ी-बूटियों जैसे प्राकृतिक तत्वों से पर्यावरण अनुकूल उत्पाद बनाना सिखाया गया।

# 25 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की हुई सुनवाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने 25 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने कार्यालय में सोमवार को सुनवाई की। उनके द्वारा प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए

- 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से 25 राजनीतिक दल रहे उपस्थित

दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। उन्होंने अंशदान रिपोर्टए वार्षिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरणी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के आधार पर बिंदुवार जानकारी ली।

प्रदेश के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के उपरांत, सुनवाई की नियत तिथि 21 जुलाई को



केवल 25 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इन राजनीतिक दलों ने पिछले छह वर्षों के दौरान कोई भी निर्वाचन नहीं लड़ा है। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से उक्त दलों के अध्यक्षों एवं महासचिवों को अपना प्रत्यावेदनए शपथपत्र (हलफनामा) एवं आवश्यक अभिलेखों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में जमा करने एवं सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये गए थे। उन्होंने बताया कि 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से 94 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्यावेदनध्सुनवाई में अनुपस्थित रहे।

सुनवाई में पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में आदर्श लोकदल फतेहपुर, आदर्श मानवतावादी पार्टी लखनऊ, आदर्श व्यवस्था पार्टी देवरिया, अखिल भारतीय राष्ट्रीय परिवार पार्टी वाराणसी, अखिल भारतीय विकास कांग्रेस पार्टी लखनऊ, अखिल राष्ट्रवादी पार्टी कासगंज, आजाद भारत पार्टी (यूनाइटेड) वाराणसी, बहुजन विजय पार्टी गोरखपुर, देशहित पार्टी देवरिया, इंडिया राइजिंग पार्टी कन्नौज, जन विकासपार्टी लखनऊ, कठोर शासन पार्टी बिजनौर, लोकतांत्रिक युवाशक्ति पार्टी आगरा, पूर्वांचल जनता दल बलिया, राष्ट्रीय समाजवादी जनक्रांति पार्टी गौतमबुद्ध नगर, समता समाजवादी कांग्रेस पार्टी वाराणसी, पश्चिमी यूपी विकास पार्टी गौतमबुद्धनगर, इंडियन बहुजन समाजवादी पार्टी बिजनौर, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे.) पार्टी मुरादाबाद, नवजन क्रांति पार्टी वाराणसी, गांधी एकता पार्टी वाराणसी, शांति मोर्चा गाजियाबाद, राष्ट्रवादी प्रताप सेना हापुड़, भारतीय संगठित पार्टी (एस.) गाजियाबाद एवं देशभक्त निर्माण पार्टी जनपद मऊ के राष्ट्रीय अध्यक्ष/महासचिव उपस्थित रहे।

# बिजली निजीकरण के विरोध का लोकदल ने किया समर्थन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने ऊर्जा विभाग के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों द्वारा ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के आवास का घेराव और इस पूरे घटनाक्रम पर लोकदल ने सरकार की निजीकरण नीति की तीखी आलोचना करते हुए कर्मचारियों के आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए कहा है कि



बिजली जैसे आवश्यक और जनहित से जुड़े विभाग का निजीकरण सीधे जनता के हितों पर हमला है। इससे न सिर्फ कर्मचारियों की नौकरी असुरक्षित होगी बल्कि आम उपभोक्ताओं पर इस महंगाई में महंगी बिजली का बोझ और बढ़ जाएगा। लोकदल ने इस घेराव को सरकार की उदासीनता का परिणाम बताया और स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने जल्द ही इस मुद्दे पर सकारात्मक संवाद नहीं किया, तो लोकदल इस आंदोलन को और व्यापक जन समर्थन देने के लिए राज्यभर में जनजागरण अभियान शुरू करेगा। सुनील सिंह ने यह भी कहा कि आंदोलनकारी कर्मचारियों की मांगें जायज हैं और सरकार को तुरंत निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाकर वार्ता की पहल करें। लोकदल ने यह भी चेतावनी दी कि अगर सरकार ने कर्मचारियों की आवाज नहीं सुनी, तो पार्टी विधान सभा से सड़क तक आंदोलन को तेज करेगी।

# भाजपा सरकार में मातृ शक्ति की उपेक्षा हो रही : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चल रहे संगठन सृजन अभियान को गति देने एवं प्रदेश की आधी आबादी को कांग्रेस संगठन से जोड़ने को लेकर मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय उत्तर प्रदेश महिला कांगेस की पूर्वी जोन की अध्यक्ष शहला अहारारी की

- कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में उप्र महिला कांग्रेस की पूर्वी जोन की बैठक सम्पन्न

अध्यक्षता में पूर्वी जोन की महिला जिला/शहर अध्यक्षों की बैठक हुई।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की उपस्थिति रही। बैठक में पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी एवं पूर्व विधायक मीता गौतम भी शामिल रहीं। बैठक में प्रदेश में चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत महिला कांग्रेस संगठन में जिला, ब्लाक, बूथ एवं वार्ड की कमेटियों में




महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर गहन चर्चा हुई, जिसमें 15 प्रतिशत एससी, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक एवं 25 प्रतिशत ओबीसी वर्ग की महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपकर कांग्रेस संगठन में तरजीह देने पर विचार विमर्श हुआ।

बैठक में अजय राय ने कहा कि आप देश की आधी आबादी और आधा वोट है। आज भाजपा जो सत्ता में काबिज है उसका श्रेय आप सभी महिलाओं को ही जाता है। भाजपा आधी आबादी के वोट के ही दम पर आज सत्ता में काबिज है। मगर आज इस भाजपा सरकार में मातृ शक्ति की उपेक्षा हो रही है। आए दिन उनके खिलाफ जघन्य अपराध हत्या, बलात्कार, लूट जैसी जघन्य घटनाएं हो रही और उससे भी ज्यादा दुखद बात यह है कि थानों में उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की जा रही है। बढ़ती महंगाई के चलते आप के घरों का बजट बिगड़ गया है आटा, दाल, सब्जी सहित सभी खाद्य सामग्रियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। मगर यह सरकार सिर्फ धर्म की आड़ में अपनी सभी खामियों को छुपाने का प्रयास कर रही है। अब देश और प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों को समझ चुकी है वह बदलाव चाहती है और कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। मेरा आप सभी से यह आग्रह है कि आप जहां कहीं भी किसी महिला के साथ अत्याचार, अन्याय होता है आप वहां जाए और उसकी आवाज को उठाने का काम करें। मुझे आाश ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यदि आप पूरी मेहनत के साथ समाज की सभी वर्गों की महिलाओं को जोड़कर एक टीम के रूप में कार्य करेंगी तो निश्चित ही 2027 के चुनाव में भाजपा इस प्रदेश की सत्ता से बाहर होगी।

# भाजपा किसी को वोट नहीं डालने देना चाहती है : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा किसी को वोट नहीं डालने देना चाहती है। बिहार में जो कार्रवाई चल रही है, इसी तरह उत्तर प्रदेश में वोट डिलीट किए गए थे। जिन लोगों ने 2019 के लोकसभा चुनाव में वोट डाला था, उनमें से कई लोगों के वोट 2022 के चुनाव में डिलीट कर दिए गए थे।



उन्होंने कहा है कि जब हमने आवाज उठाई तो चुनाव आयोग ने हमें नोटिस दिया था। सपा और हमारे कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में मेहनत करके ऐसे 18 हजार से ज्यादा लोगों की पहचान की, जिन्होंने पहले वोट डाला था, लेकिन अगले चुनाव में उनका वोट डिलीट कर दिया गया था, उनके शपथ पत्र लेकर चुनाव आयोग को भेजा था। लेकिन चुनाव आयोग ने किसी भी अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। अखिलेश यादव ने कहा कि हम लोग चाहते हैं कि पहलगाम के मामले पर लोकसभा में चर्चा हो और जब चर्चा हो तो उस समय प्रधानमंत्री मौजूद रहे, क्योंकि बिना प्रधानमंत्री के क्या चर्चा और क्या बयान। पहलगाम हमले के मामले में क्या भूल हुई, क्या चूक हुई और क्या गलती हुई। क्या इंटेलिजेंस फेलियर हुई। इस तरह की घटना कोई एक बार नहीं हुई। पहलगाम में हुई, पुलवामा में भी हुई थी। भाजपा सरकार के समय में संसद भवन पर हमला भी हुआ था।

# युवा पीढ़ी भारत को जल संकट से बचा सकती है : स्वतंत्र देव सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ भूजल सप्ताह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन जागरण है, हमारी धरती की प्यास बुझाने का संकल्प है। इस अभियान

- जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भूजल सप्ताह–2025 का किया समापन
- जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित, भूजल संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाइये
- आज यह आवश्यक हो गया है कि हम जल संरक्षण एवं संवर्धन को त्वरित गति प्रदान करें

को सिर्फ एक सप्ताह की जागरूकता तक सीमित मत रखिए, इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाइए। जिस दिन आपका घर, आपकी कॉलोनी, आपका शहर-सब मिलकर जल बचाना शुरू करेंगे, उसी दिन एक स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित भारत का निर्माण शुरू हो जाएगा।

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह बातें आज यहां गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में आयोजित भूजल सप्ताह- 2025 के राज्य स्तरीय समापन समारोह के अवसर पर कहीं। भूजल सप्ताह के अंतर्गत प्रदेशव्यापी अभियान के माध्यम से सभी जनपदों, ब्लॉकों, संस्थानों एवं विद्यालयों में जल संचयन की दृष्टि से जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किये गए। भूजल सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे जल शक्ति मंत्री द्वारा जल की प्रत्येक बूँद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि जल हमारे ग्रह का जीवन रक्त है, जो जीवन को बनाए रखता है। प्रदेश की तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में जल की भूमिका बहुआयामी है तथा इसकी उपलब्धता विभिन्न क्षेत्रों को अलग-अलग तरीकों से प्रभावित




करती है। इसलिए आज यह आवश्यक हो गया है कि हम जल संरक्षण एवं संवर्धन को त्वरित गति प्रदान करें एवम् इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की स्थानीय आवश्यकताओं एवम् भूगर्भ जल परिस्थितियों के अनुरूप उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन एवं विनियमन) अधिनियम-2019 लागू किया गया है। प्रदेश के शासकीय, अर्द्धशासकीय तथा स्कूल-कालेजों के भवनों पर रूफटाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की अनिवार्य रूप से स्थापना को अधिनियम के प्राविधानों में सम्मिलित किया गया है तथा इस विषय में निरन्तर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। अटल भूजल योजना के लाभकारी परिणामों से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रदेश के शेष जनपदों में उत्तर प्रदेश अटल भूजल योजना लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है। आज, जल संरक्षण मात्र एक जरूरत नहीं सामूहिक जिम्मेदारी बन गयी है। इसलिए भूजल सप्ताह जैसे कार्यक्रम विभिन्न हितधारकों को जोड़ने एवम्-एक प्लेटफार्म तैयार करने में अहम भूमिका निभा रही है। हम सब को मिलकर पारंपरिक ज्ञान से प्रेरणा लेते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाकर प्रदेश की आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित-भविष्य सुनिश्चित करना होगा। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि प्रदेश में जहां एक तरफ भूजल की उपलब्धता निरन्तर कम होती जा रही है, वहीं, इस संसाधन पर दबाव अत्यधिक बढ़ता जा रहा है। हर राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के हाथों में होता है। कोई सरकार, कोई नीति, कोई तकनीक उतनी असरदार नहीं हो सकती, जितनी कि युवाओं की सोच, उनका जज्बा और उनका संकल्प। इसलिए मैं आपसे कहता हूं कि 2047 में जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब वह भारत कैसा होगा- यह कोई और नहीं, आप तय करेंगे। आप जो सोचेंगे, जो करेंगे, जैसे आदतें अपनाएंगे वही भविष्य की नींव बनेगी। आपका एक कदम आने वाले भारत को जल संकट से बचा सकता है। भूजल सप्ताह समारोह के अवसर पर अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण / महानिदेशक उपाम द्वारा अपने उद्बोधन में जल को प्रकृति का अनुपम उपहार बताते हुए प्रकृतिक संसाधनों के संरक्षण, संचयन एवं प्रबन्धन के लिये जन सहभागिता के साथ सार्थक प्रयास किये जाने पर बल दिया गया और उपस्थित जनमानस में जागरूकता का संदेश देते हुये जल की प्रत्येक बूँद का संरक्षण, खेती किसानी, उद्योग एवं दैनिक उपभोग में जल के इष्टतम उपयोग हेतु आह्वान किया गया, जिससे कि हमारी आगामी पीढ़ियों को भी भूगर्भ जल की उपलब्धता प्राप्त हो सके।

# महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार कर रही हैं कार्य : केशव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री को देश व विदेश में विपणन हेतु सरकार लगातार प्रयत्नशील है और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूह महिला सशक्तिकरण के शक्ति केंद्र के साबित हो रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्रांति आई है। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ आगे बढ़ रही है। सरकार व समाज की सहभागिता से समूह स्वावलंबी



तो होंगे ही और विकास की नई ऊंचाइयों को भी छुएंगे। महिलाएं जो काम करती हैं, उसमें सफलता अवश्य मिलती हैं। सरकार उनके सहयोग के लिए हमेशा तैयार है। महिला स्वयं सहायता समूह वर्तमान में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्रांति का एक केंद्र बन चुका है। आज देश एवं प्रदेश के हर जिले हर गांव में समूह की महिलाओं को बहुत बड़ी ताकत के रूप में देखा जाता है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# मामूली कहासुनी पर होटलकर्मी की गोली मारकर हत्या




- चिनहट क्षेत्र के विकल्प खंड स्थित होटल ईशान-इन का मामला
- घटना में इस्तेमाल असलहा सहित कातिल महिला मित्र के साथ गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट के विकल्पखंड स्थित एक होटल में सोमवार देर रात मामूली कहासुनी को लेकर होटलकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी होटल में अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा था। तभी उसकी होटलकर्मी से बहस हो गई। कहासुनी के बाद आरोपी अपनी महिला मित्र को लेकर चला गया। थोड़ी देर बाद दोबारा महिला मित्र के साथ होटल पहुंचा और होटल कर्मी पर ताबड़तोड़ तीन फायर कर दिया, जिसमें एक गोली होटलकर्मी के गले में जा लगी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे होटलकर्मी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने आरोपी युवक और युवती को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि युवती ने कॉल करके युवक को बुलाया था। देर रात होटल से युवती को बाहर जाने को लेकर होटलकर्मी ने रोका था। जिसको लेकर कहासुनी हो गई थी। चिनहट के प्रेम बाग कालोनी निवासी देवेंद्र मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा और उदयसेन यादव का पार्टनरशिप में विकल्प खंड में ईशान इन होटल है। उदयसेन यादव का ममेरा भाई सुल्तानपुर के जयसिंह स्थित बलहरी निवासी दिवाकर यादव (20) पुत्र दीपू यादव होटल में काम करता था। करीब सात दिन से इसी होटल में गोरखपुर के गुलरिया चरगांवा बनकटी उर्फ इटहिया बेलवा रायपुर निवासी पुष्पा गौतम उर्फ पायल पुत्री भोला प्रसाद ठहरी थी। पुष्पा गोमतीनगर के विकासखण्ड स्थित ग्वारी गांव में किराए पर रहती है। होटल मालिक उदयसेन यादव ने बताया कि सोमवार रात 12:30 से 1 के बीच पुष्पा नशे की हालत में फोन पर बात करते हुए बाहर निकली। इस बीच उसको लेने एक युवक आया। देर रात होटल से बाहर जाने को लेकर दिवाकर ने उनको मना किया तो दोनों दिवाकर से कहासुनी करना शुरू कर दी। कहासुनी के बाद दोनों बाइक से वहां से चले गए। थोड़ी देर बाद बाइक सवार युवक पुष्पा के साथ दोबारा होटल पहुंचा और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोली सीधे दिवाकर के गले में लगी। फायरिंग करने बाद युवक ने बाइक से भागने का प्रयास किया लेकिन बाइक स्टार्ट नहीं हुई जिसके बाद आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गया। दिवाकर को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक होटल मालिक देवेन्द्र मिश्रा की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर अयोध्या जिले के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र स्थित अमसीन व हाल पता ओम साई विष्णु विहार कंचनपुर मटियारी निवासी आकाश तिवारी पुत्र विनोद कुमार तिवारी को महिला मित्र पुष्पा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

**नशे में होटल से बाहर जा रही थी युवती:** पुलिस के मुताबिक, आरोपी युवक की पहचान गोसाईंगंज अयोध्या निवासी आकाश तिवारी पुत्र विनोद तिवारी के रूप में हुई। वह लखनऊ में कातिपुरम कॉलोनी मटियारी पर किराए के मकान में रहता है। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। वहीं युवती 16 जुलाई से होटल में रुकी थी। वो दारू के नशे में थी। उसने ही आकाश को कॉल करके बुलाया था। घटना के समय आकाश भी काफी नशे में था। युवती इवेंट मैनेजमेंट का काम करती है। वह सात दिन से होटल में रुकी थी।

**पिता बोले ड्राइवर की नौकरी करता था बेटा:** दिवाकर की हत्या के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। छोटे भाई प्रभाकर ने बताया कि दिवाकर चार माह पहले उदयसेन के साथ लखनऊ आया था। पिता सतीश कुमार यादव ने बताया कि दिवाकर घर से लखनऊ में नौकरी करने की बात कहकर निकला था। उसने यहां पर ड्राइवर की नौकरी करने की बात कही थी। हम लोगों को दिवाकर के होटल में काम करने की जानकारी नहीं थी। कल रात को उदयसेन का फोन आया। तब उसने बताया कि झगड़ा हो गया है। सब लोग थाने में बैठे हैं। हम लोग लखनऊ पहुंचे तो हत्या की जानकारी हुई। पता चला कि बेटा होटल में रूम सर्विस का काम करता था। दिवाकर पांच भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि होटल मालिक ने रात में सवा एक बजे घटना की पुलिस को सूचना दी। बताया कि होटल में ठहरी युवती ने फोन करके एक युवक को बुलाया। युवती की दिवाकर यादव से देर रात होटल से बाहर जाने व आईडी कार्ड दिखाने की बात को लेकर बहस हो गई। जिस पर युवक ने दिवाकर को गोली मार दी है।

**पहले भी हत्या व जानलेवा हमले का है आरोपी:** शशांक सिंह ने बताया कि होटल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। शुरूआती जांच में पता चला है कि बात मामूली बहस से शुरू हुई और फिर हत्या तक पहुंच गई। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है, ताकि असल वजह साफ हो सके। आरोपी आकाश तिवारी के खिलाफ थाना सुशांत गोल्फ सिटी में वर्ष 2023 में हत्या, जानलेवा हमला, मारपीट, गाली गलौज व एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा बीबीडी थाने में वर्ष 2024 में मार-पीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज है।

# अमीनाबाद में छापा, तीन लाख की नॉरकोटिक्स दवाएं फ्रीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने मंगलवार को अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट में नॉरकोटिक्स दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया। चार थोक दवा की दुकानों पर छापेमारी की। करीब तीन लाख रुपए की दवाओं को फ्रीज किया गया।

दुकानदार दवाओं के क्रय-विक्रय के बिल नहीं दिखा पाए थे। जबकि एक फर्म में योग्य व्यक्ति की गैरमौजूदगी में दवाओं की बिक्री की जा रही थी। फर्म से दवाओं के क्रय-विक्रय पर पाबंदी लगा दी गई है। एफएसडीए के सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने निर्देशन में ड्रग इंस्पेक्टर संदेश मौर्य, विवेक कुमार सिंह, उन्नाव के ड्रग इंस्पेक्टर अशोक कुमार और सीतापुर की ड्रग इंस्पेक्टर अनीता कुरील की टीम ने अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट में ताबड़-तोड़ छापेमारी की। चार थोक दवा की दुकानों में छापेमारी की कार्रवाई की। सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने बताया कि मैसर्स ओम साई राम मेडिकोज पर 2.60 लाख रुपए की नॉरकोटिक्स दवाएं एवं मैसर्स श्री बांकेबिहारी फार्मा पर 40 हजार की अन्य औषधियों को फ्रीज किया गया। फर्मों को निर्देशित किया गया है कि नॉरकोटिक्स एवं अन्य दवाओं के क्रय-विक्रय का सत्यापन कराये जाने के बाद ही विक्रय किया जायेगा। मेसर्स दवा च्वाइस फार्मेसी प्राइवेट लिमिटेड पर दवाओं के विक्रय बिल नियमानुसार जारी की गंभीर अनियमित्ता पाई। साथ ही फर्म के कॉम्पीटेंट पर्सन पूजा तिवारी गैरहाजिर थीं। लिहाजा फर्म से दवाओं के क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। फर्म का संचालन बंद कराते हुए जवाब तलब किया है। इसके बाद टीम मेसर्स गुरुजी फार्मासिस्टिकल पहुंची। दवाएं, बिल व उपचार की जांच की। कई कारोबारियों ने बंद की दुकानें एफएसडीए की सख्ती के बाद अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट के कई कारोबारियों ने दुकानें कुछ दिनों के लिए बंद कर दी है। करीब आधा दर्जन दुकानें हैं जो गुरुवार से शनिवार से बंद हैं। 11 नमूने लिए, गए, सहायक आयुक्त ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुल 11 दवा के नमूने एकत्र किए गए। जांच के लिए, नमूने राजकीय प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। इनमें तीन नमूने नॉरकोटिक्स दवाओं के भी शामिल हैं। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मरीजों की जान से खेलने वालों पर सख्ती कार्रवाई की जाएगी।

# कार कंपनी की डीलरशिप का झांसा देकर एक करोड़ ऐंठे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। साइबर जालसाजों ने टोयटा किर्लोस्कर कंपनी की डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर 1.01 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। जालसाजों ने फर्जी कांट्रैक्टर लेटर भी भेज दिया। विभिन्न मदों के नाम पर लगातार मांग बढ़ती देख पीड़ित को ठगी का पता चला।

पीड़ित ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। विपुलखंड-पांच निवासी सीएस इंफ्रा कंस्ट्रक्शन के उपाध्यक्ष रवितोष अस्थाना ने बताया कि दो माह पहले उन्होंने बलिया के रसड़ा में टोयटा किर्लोस्कर प्राइवेट लिमिटेड की डीलरशिप लेने के लिए गूगल पर सर्च कर आवेदन फार्म भरा था। 15 मई को सीआरएम अभिजीत पाटिल नाम से उनके पास आए मेल के बाद दस्तावेज भेज दिए। छह जून को हेड डीलर डेवलपमेंट सेल विनोद जैन ने मेल पर कांट्रैक्ट लेटर भेजा। पीड़ित रवितोष ने बताया कि पंजीकरण, एनओसी, लाइसेंस शुल्क समेत अन्य मदों के नाम पर 1.01 रुपये जमा करा लिए। इसके बाद उन्हें सीईओ योशिमुरा मसाकाजु का साइन किया हुआ लेटर उन्हें भेजा गया। इसके बाद 23 जून को उनसे 1.62 करोड़ रुपये जमा करने को कहा गया तो उन्होंने मना कर दिया। शक होने पर उन्होंने दोबारा सर्च किया तो उन्हें कंपनी की दूसरी आईडी मिली। बात कर उन्होंने अपना कांट्रैक्ट लेटर भेजा तो पता लगा यह फर्जी है। उन्होंने पहले जिस साइट पर संपर्क किया था वह आईडी भी फर्जी है। इंस्पेक्टर साइबर थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मासूम और वृद्धा की मौत पर निजी अस्पतालों में हंगामा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अलीगंज के पुरनिया बंधा रोड स्थित निजी अस्पताल में मंगलवार सुबह मासूम की मौत के बाद परिवारीजनों ने हंगामा किया। परिवारीजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल के स्टाफ ने डॉक्टर बनकर मासूम का लापरवाही से इलाज किया।

अस्पताल के मैनेजर ने डॉक्टर से फोन पर दवा पूछकर बच्चे को दी, जिससे उसकी तबियत बिगड़ी। साथ ही मौत के डेढ़ घंटे के बाद परिवारीजनों को सूचना दी गई। उधर, गोमती नगर के निजी अस्पताल में बिहार की वृद्धा की मौत होने पर परिवारीजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। दोनों मामलों में पुलिस ने पहुंचकर परिवारीजनों को शांत कराया और मामला सुलट सका। सीतापुर के मछरेहटा निवासी इंद्रप्रकाश के बेटे हर्षित (तीन) को आंत में समस्या थी। परिवारीजन इलाज के लिए पहले नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टर ने केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। सोमवार रात वह बच्चे को लेकर ट्रॉमा पहुंचे। वहां पर काफी देर तक इंतजार के बाद भी बेड नहीं मिल सका। आरोप है कि एक दलाल ने बेहतर इलाज का झांसा देकर पुरनिया बंधा रोड अस्पताल में भर्ती करा दिया। चाचा सुमित का आरोप है कि पूरी रात अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं था। मैनेजर और दूसरे स्टाफ ने डॉक्टर से फोन पर दवा पूछकर बच्चे का इलाज किया। इस दौरान बच्चे की हालत बिगड़ गई। तड़के करीब साढ़े चार बजे बच्चे की मौत हो गई। स्टाफ ने घटना को करीब डेढ़ घंटे तक छुपाए रखा। सुबह करीब छह बजे परिवारीजनों को बच्चे की मौत की जानकारी दी गई। घटना से नाराज परिवारीजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। परिवारीजनों ने सीएमओ से शिकायत करने की बात कही है।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि अस्पताल की वीडियो फुटेज के साथ इलाज संबंधित रिकार्ड तलब किया जाएगा। जांच में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की संस्तुति होगी। इसके अलावा बिहार गोपालगंज निवासी महिला (72) को दिल की बीमारी थी। वह लखनऊ में अपने परिचित के घर आई हुई थीं। सोमवार दिन में उन्हें छाती के पास दर्द और उलझन महसूस हुई। तबियत बिगड़ने लगी तो परिवारीजनों ने उन्हें गोमती नगर विकास खंड के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। परिवारीजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मरीज की मौत पर हंगामा शुरू कर दिया। बेटे ने आरोप लगाया कि अस्पताल वालों ने एक लाख 72 हजार रुपए का बिल बना दिया, जबकि इलाज महज एक ही दिन किया गया। हंगामे की सूचना पर गोमती नगर पुलिस पहुंची। काफी देर तक मान मनौव्वल चलता रहा। आखिरकार पुलिस के हस्तक्षेप के बाद परिवारीजनों से 40 हजार रुपए इलाज का बिल जमा कराया। परिवारीजन भी शांत हो गए। शव लेकर चले गए।

## अश्लील वीडियो वायरल करने का लगाया आरोप

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता ने अपने पति पर फेक आईडी द्वारा उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि जयप्रकाश नगर निवासी पीड़िता रितू शुक्ला पत्नी पंकज कुमार शुक्ला का आरोप है कि पिकनिक स्पाट खुर्रम नगर पंकज कुमार शुक्ला पुत्र स्व कमलेश कुमार शुक्ला से उसका विवाह फरवरी 2023 में हुआ था लेकिन पति समेत ससुरलीजनों द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा जिसपर उसने अपने पति और ससुरलीजनों के खिलाफ कृष्णा नगर थाने पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था जिसका मामला मीडियशन में चल रहा है। पीड़िता के अनुसार पति के बड़े भाई उसके साथ अश्लील हरकत करते थे और पति करवा चौथ पर उसकी साड़ी खींच कर अश्लील वीडियो बना लिया और यह उसकी बहन और जीजा को भेज दिया था मेडिसिएशन दौरान उसे बदनाम करने की धमकी पति ने दी थी और कहा था कि इस कदर बदनाम कर दूंगा की आत्महत्या के लिए मजबूर हो जाओगी जिसके पश्चात फेक आई बना उसकी अश्लील वीडियो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की नामजद शिकायत पर धमकी, अश्लीलता और आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


## महिला डॉक्टर का कोरियर ब्वॉय ने किया मोबाइल हैक, परिचितों से मांगे रुपये

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में रहने वाली एक महिला डाक्टर को एक कोरियर ब्वॉय ने मैसेज भेजकर मोबाइल फोन हैक कर लिया और उनके परिचितों को मैसेज भेजकर रुपयों की मांग करने लगा। जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता डॉ. ने साइबर सेल और स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। आशियाना क्षेत्र के पकरी पुल स्थित एक निजी अस्पताल में कार्यरत महिला चिकित्सक डॉ. सुमिता अरोरा के अनुसार दो दिन पूर्व 20 जुलाई की दोपहर करीब 1:30 बजे एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने कोरियर पहुंचाने की बात कही और उन्हें एक एसएमएस भेजा। जिसपर उन्होंने एसएमएस को खोलकर उस नंबर पर कॉल किया, लेकिन नंबर नहीं मिला। लगभग आधे घंटे बाद पीड़िता के परिचितों को उनके मोबाइल नंबर से पैसे मांगने के मैसेज आने लगे। स्कैमर ने नीतिश कुमार नाम से मैसेज किया और 45,000 रुपये मांगे। पीड़िता का कहना है कि उनका व्हाट्सएप नहीं चल रहा है और उनके सारे बैंक अकाउंट्स उस मोबाइल फोन पर जुड़े हुए हैं। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## 91वीं वाहिनी में किया पौधरोपण

लखनऊ। मगलवार को 91 वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल, बिजनौर (लखनऊ) द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बरगद, पीपल, आम, अमरूद जैसे फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाना था, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता भी उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम में कमांडेंट जीतेन्द्र कुमार ओझा ने अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुए वृक्षों के जीवन में महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहाः वृक्ष हमें न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जलवायु सुधारने तथा वन्यजीवों को आश्रय देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए वृक्ष अनिवार्य हैं।₹ इस मौके पर सत्येंद्र नाथ मिश्रा पुलिस उप महानिरीक्षक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल रेंज लखनऊ उपस्थित रहे, विशेष सम्माननीय अतिथिगण के रुप मे निपुन अग्रवाल, (पुलिस उपायुक्त, दक्षिण लखनऊ) सुधा वाजपेई (प्राचार्या, सीवी गुप्ता महाविद्यालय), दर्शन सिह (अदानी ग्रुप चौधरी चरण सिह एयरपोर्ट लखनऊ) व 91वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल के वरिष्ठ अधिकारी आलोक कुमार (उप कमांडेंट), योगेश पांडे (उप

# विद्युत आवाजाही से उपभोक्ता परेशान जेई ने कहा-सही चल रही है आपूर्ति



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीते कई दिनों से लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्र के उपभोक्ता काफी परेशान हैं। विद्युत उपभोक्ताओं मे बिजली विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश व्याप्त है। सरोजनीनगर क्षेत्र के खुर्रमपुर पावर हाउस का है। जहां लगातार कई दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती के साथ साथ आवा जाही लगातार की जा रही है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गर्मी के मौसम में बिजली की कटौती से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग के अधिकारी समस्या के समाधान में रुचि नहीं ले रहे हैं। जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रात हो या दिन बिजली की कुछ मिनट चलते ही बंद हो जाती है। जिसके चलते बिजली की अधिक से अधिक कटौती से क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान दिखते है। यहीं नहीं इस गर्मी में छोटे बच्चों सहित बूढ़े व बुजुर्गो को उमस भरी गर्मी में रहना बहुत मुश्किल हो रहा है। बिजली विभाग के एक छोटे कर्मचारी ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। विभाग समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत है। सोमनाथ का कहना है कि लोनहा गांव में काफी दिनों से 24 घंटे में करीब 50 से ज्यादा फीडर ट्रिप करती रहती है। जिसके चलते छोटे छोटे बच्चे इस भीषण गर्मी में सो नहीं पाते है। सुधीर का कहना है कि विद्युत विभाग के मनमाने रवैए से ठीक तरह से लाइन नहीं चल पा रही है। रात हो या दिन एक घंटों में तकरीबन 40 बार तक की आवाजाही की रहती है। जिससे क्षेत्र में आए दिन विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। जिससे इस गर्मी मे उपभोक्ता काफी परेशान है। उधर जेई खुर्रमपुर पावर हाउस राजकुमार का कहना है की लाइन तो सही चस्लो रही है। आवा जाही जैसी कोई समस्या नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच करवाते है।

# घर या आसपास पेड़ जरूर लगायें : डॉ. अरूण सक्सेना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज लखनऊ में हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन नवभारत पार्क, नादान महल रोड, नक्खास, लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के वन मंत्री डा. अरूण सक्सेना उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अम्मार रिजवी, प्रदेश अध्यक्ष, हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति, उप्र, पूर्व कार्यवाहक, मुख्यमंत्री, उप्र. ने की। हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति के प्रदेश सचिव देव वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. अरूण सक्सेना ने प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री, उ.प्र. हेमवती नन्दन बहुगुणा के फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरम्भ किया जिसके बाद डा. अम्मार रिजवी ने कार्यक्रम में आये लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि हेमवती नन्दन बहुगुणा स्मृति समिति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे प्रदेश भर में पेड़ लगाने का अभियान चला रही है। जिसके क्रम में आज लखनऊ में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि डा. अरूण



सक्सेना ने उपस्थित लोगो को बताया कि यू.पी. की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में लगभग 37 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगा चुकी है व पार्टी द्वारा पेड़ लगाने का कार्य चल रहा है। हम सभी को अपने-अपने घर पर या घर के आस पास कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए जिसका लाभ हमारे साथ ही अन्य लोगो और जीव जन्तुओं को भी होगा। मुख्य अतिथि डा. अरूण सक्सेना एवं अन्य अतिथिगणों ने पेड़ लगा कर कार्यक्रम का समापन किया।

## गुलाल खेड़ा क्रॉसिंग अंडरपास निर्माण कार्य के दौरान बड़ी संख्या मे धरना-प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ में जहां सभी रेलवे क्रॉसिंग का नवीनीकरण और कही कही अंडरपास फलाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है, वही सरोजनीनगर क्षेत्र स्थित ग्रामसभा पिपरसंड गुलाल खेड़ा रेलवे क्रॉसिंग पर दिन शुक्रवार को रेलवे विभाग के पीसीसीएल कंपनी ठेकेदार द्वारा राहगीरों का रास्ता रोककर अंडरपास का निर्माण शुरू किया गया, जिस संबंध में आसपास के लोगों ने विरोध जताया और निर्माण कार्य को रुकवाया। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसानों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया, वही रेलवे द्वारा अंडरपास निर्माण कार्य को स्थानीय लोगों ने रुकवाया और राहगीरों के लिए रास्ता बनाने की मांग की। स्थानीय विशिष्ट निवासी संजय सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, ग्राम प्रधान मोहित सिंह, पूर्व प्रधान सोनू सिंह, राजेंद्र लोधी पूर्व पार्षद, सुशील शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष सवर्ण युवा महासभा सहित अन्य लोगों का कहना है कि आय दिन गुलाल खेड़ा क्रॉसिंग से सैकड़ों लोगों का आना जाना रहता है, आसपास के किसानों का खेत है जिस पर खेती करते है। अगर रेलवे क्रॉसिंग का रास्ता रोक दिया जाएगा तो आसपास के लोग कैसे आ जा पाएंगे। इसलिए पहले क्रॉसिंग के पास से राहगीरों के लिए कोई रास्ता दिया जाय, तभी अंडरपास निर्माण कार्य किया जाय। स्थानीय लोगों द्वारा दिए सूचना पर सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह प्रतिनिधि निखिल त्रिपाठी और राजेश त्रिपाठी मौके पर पहुंचे, स्थानीय किसानों की समस्या सुनी और संबंधित रेलवे ठेकेदारों से बातचीत कर रास्ता दिलवाने पर सहमति बनी।

## प्राथमिक स्कूलों के विलय के विरुद्ध आज भी होगी सुनवाई

लखनऊ। बेसिक शिक्षा अधिकारियों के तहत आने वाले स्कूलों के विलय मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मंगलवार को काफी देर तक बहस चली। हालांकि समय की कमी के चलते बहस पूरी न हो पाने पर मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ बुधवार को भी सुनवायी करेगी। उक्त अपीलों में बच्चों की ओर से उनके अभिभावकों ने विशेष अपीलें दाखिल करते हुए, एकल पीठ के 7 जुलाई के निर्णय को चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि 7 जुलाई को एकल पीठ ने स्कूलों का विलय करने के विरुद्ध दाखिल याचिकाओं को खारिज कर दिया था। एकल पीठ ने अपने निर्णय में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21ए के तहत अनिवार्य व निःशुल्क शिक्षा का अधिकार तो है लेकिन यह नहीं माना जा सकता है कि अनुच्छेद 21ए के तहत राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों को एक किलोमीटर की दूरी के भीतर ही निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करे। अपीलायार्थियों की ओर से दलील दी गई है।

# गीत और अभिनय के साथ दिखायी पार्श्व गायक मुकेश की जिन्दगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बॉलीवुड के जानेमाने गायक मुकेश की जयंती मंगलवार को मनायी गई। कामायनी संस्था की ओर से संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में मुकेश के जीवन पर आधारित नाटक एवं उनके गाए गीतों का का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुकेश की जीवन की झलकियों के साथ ही उके समकक्ष नौशाद, मोतीलाल, राजकपूर, मनोज कुमार और लता मंगेश्कर के किरदारों को भी मंचित किया गया। इसके साथ ही अशोक मंगलानी और संतोष तिवारी ने मुकेश एवं रश्मि ने लता मंगेश्कर के गीतों को आवाज दी। नाटक में मुकेश की भूमिका शुभम चौहान ने निभायी। वहीं राजकपूर के रूप में अंकुर सक्सेना, नौशाद की भूमिका सुमित श्रीवास्तव, मनोज के रूप में अमित द्विवेदी, मोतीलाल की भूमिका अभिषेक यादव, नितिन मुकेश की भूमिका अली अब्बास ने निभायी। प्रस्तुति का निर्देशन एवं लेखन नवीन श्रीवास्तव ने किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उम्मीद संस्था के सचिव बलबीर सिंह, शैलेन्द्री देवी एवं महेश चन्द्र देवा को समाज सेवा के लिए पुरस्कृत किया गया।

# गोपी पुथरन के साथ काम करना शानदार अनुभव : वाणी कपूर

## वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को प्रमोट करने शहर पहुंची वाणी कपूर, सुरवीन चावला और वैभव राज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के माइथोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर मंडला मर्डर्स का प्रसारण नेटफि्लक्स पर होने वाला है, जिससे पहले इस सीरीज के कलाकार, वाणी कपूर, सुरवीन चावला और वैभव राज गुप्ता लखनऊ पहुंचे। इन कलाकारों ने शहर की ऐतिहासिक विरासत का आनंद लिया और अपने फैन्स को इस शो के बारे में बताया। इस सीरीज के कुछ हिस्सों की लखनऊ में शूटिंग की गई है, इसलिए यह विज़िट और अधिक खास थी।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, वाणी ने बताया कि रिया उनके लिए क्या खास बनाती है। उन्होंने बताया, उसकी एक निजी ज़िंदगी है—वह अपने ही राक्षसों से, अपने ही अंतर्द्वंद्वों से जूझ रही है। वह सिर्फ.मजबूत ही नहीं, बल्कि कमजोर भी है, और वह भी कमजोरी दिखाने वाले तरीके से नहीं। उसकी कमजोरी उसकी सच्चाई को स्वीकार करने से आती है, और यही ताकतवर है। ऐसे किरदार कम ही देखने को मिलते हैं जो मजबूती और कमजोरी, दोनों को सार्थक तरीके से संतुलित कर पाते हैं। मुझे उम्मीद है। इंसान होने के नाते, हम सभी अलग-अलग हैं, और मुझे उम्मीद है कि रिया थॉमस (उनके किरदार का नाम) में भी यही झलकेगा। अब यह दर्शकों पर निर्भर है। वे देखेंगे और तय करेंगे कि मैंने किरदार में कुछ अनोखा जोड़ा है या नहीं, उन्होंने किरदार में अपनी निजी बातों के बारे में पूछे जाने पर जवाब दिया।लेकिन मंडला मर्डर्स को जो चीज असल में अलग बनाती है, वह है इसका विषयगत सार। यह शो आस्था और पौराणिक मान्यताओं की प्रकृति में उतरता है—यह कैसे सशक्त बनाता है और कभी-कभी गुमराह भी करता है। वाणी ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से आस्था के विचार से बहुत प्रभावित हूँ। मैं सभी धर्मों और मान्यताओं का सम्मान करती हूँ। शो में कहीं भी किसी की आस्था का अनादर नहीं किया गया है—यह सब सोच-समझकर दिखाया गया है। लेकिन यह आपके मन में कुछ सवाल जरूर छोड़ता है—जैसे, आस्था के नाम पर आप किस हद तक जा सकते हैं? आस्था सशक्त तो बना सकती है, लेकिन यह एक अँधेरा भी बन सकती है। किसी चीज को बहुत ज्यादा कसकर पकड़े रहने के क्या परिणाम होते हैं? गोपी पुथरन और मनन रावत द्वारा निर्देशित, मंडला मर्डर्स में वाणी कपूर, वैभव राज गुप्ता , सुरवीन चावला , श्रिया पिलगांवकर, सिद्धांत कपूर, राहुल बग्गा, रघुबीर यादव और मोनिका चौधरी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर का कहना है कि निर्देशक गोपी पुथरन के साथ वेबसीरीज मंडला मर्डर्स काम करना उनके लिये शानदार अनुभव रहा है।

कॉप विक्रम सिंह का किरदार निभा रहे वैभव राज गुप्ता ने कहा, मंडला मर्डर्स में आपको हर सुराग एक ऐसी जगह पर ले जाएगा जिसकी उम्मीद नहीं होगी। विक्रम ठीक उसके बीच में है। हमारी टीम ने इस सीरीज के लिए दिल-ओ-जान से मेहनत की है। इसकी रिलीज से पहले यह कहानी लोगों के बीच ले जाकर बहुत खास महसूस हो रहा है। महिला राजनीतिज्ञ, अनन्या भारद्वाज का किरदार निभा रही सुरवीन चावला ने कहा, मंडला मर्डर्स इसलिए मुझे पसंद है, क्योंकि यह सिर्फ.एक थ्रिलर नहीं, बल्कि आपको चकित कर देने वाली कहानी है। इसके किरदार, रहस्य और ट्विस्ट देखकर आप चौंक जाएंगे। कई परतों के पीछे छिपा हुआ अनन्या का किरदार निभाकर मुझे एक अभिनेत्री के रूप में बहुत संतोष मिला है। यह कहानी हमारे दिल के बहुत करीब है। मैं चाहती हूँ कि हमारे साथ हर कोई इस दुनिया का अनुभव ले।

वाणी कपूर ने कहा, गोपी सर की सबसे खास बात है उनकी प्रामाणिकता के प्रति प्रतिबद्धता। वह हर कलाकार से यह अपेक्षा करते हैं कि वह अपने किरदार की अदृश्य परतों को तलाशे। यह प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा संतोषजनक। उनके साथ यह रचनात्मक यात्रा मेरे लिए एक सौभाग्य है और व्यक्तिगत रूप से बेहद परिवर्तनकारी रही है। मंडला मर्डर्स में वाणी कपूर के साथ वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला, और श्रिया पिलगांवकर जैसे दमदार कलाकार भी हैं।

**ओटीटी पर डेब्यू यादगार हो:** वाणी कपूर, जो अब तक बड़े पर्दे पर अपनी क्षमता दिखा चुकी हैं, इस बार एक कठिन और चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित हैं। इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा मैं कुछ बेहद खास और चुनौतीपूर्ण तलाश रही थी ताकि मेरा ओटीटी पर डेब्यू यादगार हो, और मंडला मर्डर्स जैसा प्लेटफॉर्म मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं ऐसी कहानी का हिस्सा बन रही हूँ जो शारीरिक और मानसिक रूप से मुझसे एक नया अवतार मांगेगी। यह एक ऐसी शैली है, जिसमें मैंने पहले कदम नहीं रखा था। उन्होंने आगे जोड़ा:श्यह निडर निर्णय मुझे गहराई, संघर्ष और संवेदनशीलता की नई परतों से रूबरू करा रहा है—और यही तत्व उत्कृष्ट कहानी कहने के लिए अहम हैं।

**मुझे स्ट्रीमिंग से प्यार है:** सीरीज के रचयिता और निर्देशक गोपी पुथरन, जिन्हें मर्दानी फ्रेंचाइजी का श्रेय जाता है, उन्होंने दर्शकों को एक जटिल कयास-कथा में ले जाने का वादा किया है, जहां हर सुराग एक प्राचीन भविष्यवाणी की गहराई खोलता है। इसके साथ वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर जैसी प्रमुख कलाकारों का अभिनय इस कथानक को और वजन देता है। वाणी ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स में महिलाओं के लिए बेहतर अवसरों पर जोर देते हुए कहा मुझे स्ट्रीमिंग से प्यार है क्योंकि यहाँ अभिनेत्रियाँ मीटियर —मजबूत और चुनौतीपूर्ण—रोल्स हासिल कर पाती हैं, जो थिएटराइज्ड फिल्मों में अक्सर नहीं मिलते, क्योंकि वे अधिकांशतः पुरुष कलाकारों के इर्दगिर्द रहते हैं।

# सावन के गीतों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रगति इवेंट लखनऊ विकास प्राधिकरण और जेटेक कंपनी द्वारा लखनऊ के गौतम बुद्ध पार्क में 21 जुलाई से 17 अगस्त 2025 तकसावन के पवित्र महीने में आयोजित किया गया है। सांस्कृतिक संध्या के साथ विशेष आकर्षण झूलो संग मस्ती खाने पीने के लिए फूड स्टॉल पार्क में वोटिंग सहित बच्चों के मनोरंजन और खेल के लिए बहुत कुछ उपलब्ध है। फर्नीचर, क्रोकरी जरूर का हर सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगा। प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं जेटेक कंपनी के सहयोग से यूपी दर्शन पार्क में समर कार्निवल 2025 की सफलता और उपलब्धियां के बाद गौतम बुद्ध पार्क में द मानसून कार्निवल 2025 का आयोजन 17 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है। प्रगति इवेंट की सांस्कृतिक संध्या में आज मोहम्मद उस्मान और ग्रुप हरदोई द्वारा संचालित संस्था के माध्यम से गौतम बुद्ध पार्क में अपनी जबरदस्त प्रस्तुति प्रस्तुत की गई लगी आज सावन की, डम डम डिगा डिगा, हाय हाय यह मजबूरी रिमझिम गिरे सावन और भीगी भीगी रातों में टिप टिप बरसा पानी, अब के बरस सावन में, जैसे गानों को मोहम्मद उस्मान सिद्दीकी, अंकित सिंह, अभिषेक, शोभा, बालकृष्ण शर्मा, रचना खरे, आनंद वर्मा, शीला वर्मा, तथा कृष्ण शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया सभी कलाकारों ने अपनी जबरदस्त परफॉर्मेंस से सभी का मन मोह लिया और उपस्थित जनता द्वारा कलाकारों का जबरदस्त हौसला अफजाई किया गया ऐसा लगा कि सभी सावन की मस्ती में झूम रहे हैं संस्था के उपाध्यक्ष एनबी सिंह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# गजकेसरी योग में सावन की शिवरात्रि आज, शिवालयों में होगा जलाभिषेक





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में सावन माह को अत्यंत शुभ और पवित्र माना गया है। यह महीना विशेष रूप से भगवान शिव को समर्पित होता है। पूरे सावन भर श्रद्धालु शिवजी की उपासना करते हैं और जलाभिषेक से उन्हें प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। इस दौरान पड़ने वाली मासिक शिवरात्रि का महत्व और भी बढ़ जाता है। मासिक शिवरात्रि हर माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को आती है, लेकिन जब यह तिथि सावन महीने में पड़ती है, तो इसका आध्यात्मिक महत्व कई गुना अधिक हो जाता है। पंचांग के अनुसार सावन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 23 जुलाई 2025 को सुबह 4:39 बजे से होगी और यह तिथि अगले दिन 24 जुलाई को रात 2:28 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार सावन शिवरात्रि का व्रत 23 जुलाई, बुधवार को रखा जाएगा।

शिवरात्रि हिंदू परंपरा का एक बहुत बड़ा पर्व है। भगवान शिव को समर्पित यह त्योहार सावन में चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। वैसे तो हर मास की शिवरात्रि खास होती है, लेकिन सावन में कृष्ण पक्ष की शिवरात्रि का खास महत्व है। इस बार सावन की शिवरात्रि 23 जुलाई 2025 को पड़ रही है। सावन शिवरात्रि पर गुरु मिथुन राशि में पहले से विराजमान हैं। इसके अलावा चंद्रमा भी इस दिन मिथुन राशि में आ जाएंगे। इन दोनों के मिथुन राशि में होने से गजकेसरी योग बन रहा है। जो शिवरात्रि के महत्व को बढ़ा देगा। इस दिन आर्द्रा नक्षत्र 17:54 बजे तक रहेगा। इसके अलावा व्याघात योग 12:31 तक रहेगा। गजकेसरी योग का विभिन्न राशियों पर अच्छा असर होगा। आपको बता दें कि सावन में शनि मीन राशि, सूर्य कर्क राशि, राहु मेष राशि और केतू सिंह राशि में हैं। इस दिन कांवड़ यात्रा का समापन हो जाता है। भगवान शिव के मंदिरों में इस दिन जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ रहती है। चतुर्दशी तिथि पर भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा निशा काल में भी शुभ मानी जाती है। इसके अलावा भगवान शिव की चार पहर पूजा का भी विधान है। चारों पहर में अलग-अलग तरह से पूजा होती है।

**जलाभिषेक के लिए शुभ मुहूर्त:** इस दिन जलाभिषेक के लिए वैसे तो पूरा दिन माना जाता है, लेकिन यहां हम कुछ विशेष मुहूर्त बता रेह हैं, जिसमें आप भोलेनाथ को जलाभिषेक कर सकते हैं। भगवान शिव की पूजा प्रदोष काल में बहुत फलदायी बताई गईहै, इसलिए सांयकाल संध्या का समय भी भगवान शिव की पूजा के लिए श्रेष्ठ रहेगा।

**शिव पूजन का शुभ मुहूर्त:** सावन मासिक शिवरात्रि पर भगवान शिव की विशेष पूजा रात्रि के समय की जाती है, जिसे निशिता काल कहा जाता है। इस बार पूजा का सर्वोत्तम समय 24 जुलाई को रात 12:07 बजे से 12:48 बजे तक रहेगा। इस मुहूर्त में कुल 41 मिनट का समय होगा, जो कि शिव पूजन और जलाभिषेक के लिए सबसे शुभ माना गया है।

**सावन शिवरात्रि पूजन विधि:** सावन शिवरात्रि के दिन सुबह जल्दी उठ जाएं और स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर लें। इसके बाद व्रत-पूजा का संकल्प लें। फिर घर के पास किसी मंदिर में जाकर शिवलिंग पर पंचामृत चढ़ाएं। ध्यान रहे कि पंचामृत में तुलसी के पत्तों का इस्तेमाल नहीं करना है। इसके बाद भगवान शिव के बीज मंत्र ॐ नमः शिवाय का जप करते हुए शिवलिंग पर बेलपत्र, फल और फूल इत्यादि चढ़ाएं। फिर शिव चालीसा का पाठ करें। इसके बाद शिवरात्रि की कथा सुनें और अंत में शिव जी की आरती करें। इसके बाद भगवान को भोग लगाएं और प्रसाद सभी में बांट दें। कहते हैं जो व्यक्ति सच्चे मन से सावन शिवरात्रि का व्रत रखता है उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। इस व्रत में सुबह-शाम दोनों समय शिव जी की विधि विधान पूजा की जाती है। शाम की पूजा के समय कथा जरूर सुनें। साथ ही शिव पुराण और शिव स्तुति का पाठ जरूर करें। इस दिन फलाहार भोजन किया जाता है। अन्न का सेवन बिल्कुल भी नहीं किया जाता। हालांकि आप खाने में सेंधा नमक का इस्तेमाल कर सकते हैं। व्रत का पारण अगले दिन शुभ मुहूर्त में किया जाता है।

## शिवालयों में भोले बाबा का होगा विशेष श्रृंगार

सदर बाजार स्थित द्वादश ज्योर्तिलिंग धाम में सावन शिवरात्रि पर भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार होगा तथा 13 परिवारों द्वारा महारुद्राभिषेक पूजन पं. मगलू पाधा के सानिध्य में होगा। मन्दिर समिति के अध्यक्ष राजेश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि मन्दिर सुबह पांच बजे खुल जायेगा और भक्तों के लिए सभी ज्योर्तिलिंगों पर गंगाजल से अभिषेक करने की सुविधा रहेगी। उन्होने बताया भोलेनाथ पर चढ़ा हुआ दुध बाद में भक्तों को प्रसाद के रुप में बांट दिया जाता है। रविवार को बड़ी संख्या में लोगों ने रुद्राभिषेक कराया।

**यहां भी होंगे विशेष आयोजन:** मनकामेश्वर सहित शहर के सभी शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना होगी। चैपटिया स्थित प्राचीन बड़ा शिवाला में सावन शिवरात्रि पर भोलेनाथ का फूलों से श्रृंगार होगा। तथा आचार्यो द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा। नादान महल रोड पर स्थित सिद्धनाथ मन्दिर सजावट व भोलेनाथ का श्रंगार देखने वाला होता है। प्राचीनकाल से चला आ रहा यहां का रुद्राभिषेक प्रसिद्ध है। प्रत्येक सोमवार को करीब 50 लीटर दुध से भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मन्दिर में कई कुंटल फूलों से भोलेनाथ का श्रृंगार और रुद्राभिषेक होगा। आगामीढ़ ढ्योढ़ी सुभाष मार्ग स्थित महामंगलेश्वर महादेव मन्दिर सावन के शिवरात्रि को गेंदा, गुलाब, चांदनी आदि फलों से मन्दिर को सजाया जाएगा। मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मन्दिर में पूरे सावन भर तथा सावन के बुधवार को यहां मेला लगेगा। खदरा के आशुतोष शिव मन्दिर के महंत सुरेन्द्र दास ने बताया कि सावन के सभी सोमवार को ओम नमः शिवाय का संगीतमय पाठ होगा।

## सावन का दूसरा बुधवार आज, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में होगी विशेष पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ के मोहान रोड स्थित ऐतिहासिक बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में इस बार सावन के महीने में विशेष रौनक देखने को मिलेगी। 11 जुलाई से प्रारंभ हो चुके सावन माह में इस बार बुधवार की संख्या अधिक होने के कारण मंदिर परिसर में चार बार मेले का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, खासकर सावन के हर बुधवार को, जब यहां विशेष धार्मिक महत्व होता है।

मंदिर के मुख्य पुजारी लीलापुरी के अनुसार, इस वर्ष सावन में कुल चार बुधवार पड़ रहे हैं, 16 जुलाई, 23 जुलाई, 30 जुलाई और 6 अगस्त। इन सभी दिनों को मेले का रूप दिया जाएगा। वैसे तो पूरे सावन माह में शिव भक्तों का मंदिर में तांता लगा रहता है, लेकिन बुधवार को विशेष रूप से भक्त बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, जिससे मेले का स्वरूप स्वतः ही बन जाता है। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए साफ-सफाई, सुरक्षा, लाइटिंग व्यवस्था, प्रसाद वितरण, छाया व जल व्यवस्था जैसी जरूरी तैयारियां तेज कर दी हैं। मंदिर को झालरों, पुष्प सज्जा, रंगाई-पुताई और विद्युत सज्जा से भव्य रूप दिया जा रहा है। पुजारी रामू ने बताया कि मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा, और शिव भक्तों के लिए विशेष पूजा की व्यवस्थाएं की जाएंगी। मंदिर प्रांगण को सुंदर बनाने के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं। हर वर्ष बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह में लाखों श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते हैं। विशेषकर बुधवार को तो मंदिर में इतनी भीड़ होती है कि सड़कों पर यातायात भी प्रभावित होता है। प्रशासन की ओर से भीड़ प्रबंधन हेतु यातायात पुलिस और सिविल डिफेंस की सहायता ली जाती है। क्षेत्रीय पार्षद धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि नगर निगम को विशेष रूप से सफाई और जल निकासी को लेकर सचेत किया गया है और उम्मीद जताई कि जल्द ही आवश्यक कार्रवाई होगी। बुधवार को भगवान शिव की विशेष पूजा का महत्व शास्त्रों में वर्णित है।

ऐसा माना जाता है कि बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को दर्शन करने से संकटों से मुक्ति, कर्ज से छुटकारा, और संपत्ति वृद्धि जैसी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसलिए सावन माह के प्रत्येक बुधवार को देशभर से शिवभक्त यहां उमड़ते हैं। सावन के इन मेलों में स्थानीय दुकानदार, खाद्य विक्रेता, खिलौना विक्रेता, फूल वाले, प्रसाद विक्रेता, और भक्ति सामग्री बेचने वालों की भी बड़ी आमदनी होती है। मेला परिसर में सैकड़ों अस्थायी दुकानें लगने लगी हैं और व्यापारी सजावट के साथ तैयारियों में जुट गए हैं।

## मंगला गौरी व्रत पर सुहागिनों ने की पूजा-अर्चना



लखनऊ। पति व बच्चों की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने सावन माह के दूसरे मंगला गौरी व्रत की विशेष पूजा-अर्चना की और मंगला गौरी का व्रत रखा। ऐसी मान्यता है कि मंगला गौरी का व्रत रखने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

सुहागिनों ने जहां परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखा। वहीं कुंवारियों ने मनपसंद पति पाने के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि बूढ़ेश्वर मंदिर में सावन माह के सोमवार को जहां सैकड़ों द्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। वहीं मंगलवार को मंगला गौरी का व्रत रखने वाली महिलाएं अपने घर में भगवान गणेश, शिवजी और मां गौरी की पूजा.अर्चना करती हैं और मंदिर में दर्शन करने आती हैं। सावन के पहले मंगलवार को महिलाएं मनकामेश्वर मंदिर सहित शहर के सभी शिव मंदिरों में पहुंची और गणेशजी को स्नान कराकर जनेऊ अर्पित किया। धूप, दीप प्रज्ज्वलित कर भोग लगाया। इसके बाद मां गौरी की आराधना करके सुहाग सामग्री अर्पित की। साथ ही दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। शिवजी को बेल पत्र व पंचामृत से अभिषेक करके ओम नमः शिवाय का जाप किया और मन ही मन 7 बार मनोकामना मांगी। श्रावण मास में प्रत्येक मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि श्रावण मास में मंगलवार को आने वाले सभी व्रत-उपवास सुख.सौभाग्य में वृद्धि करते हैं। मंगला गौरी व्रत के प्रभाव से सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन माता मंगला गौरी का पूजन कर कथा का श्रवण करना चाहिए। सुहागिन महिलाओं को सोलह सोमवार के साथ मंगला गौरी व्रत अवश्य रखना चाहिए। यह व्रत प्रारंभ करने के पश्चात लगातार पांच वर्षों तक इस व्रत को रखा जाता है। श्रावण माह में ही इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। यह व्रत पति और संतान की लंबी आयु के लिए किया जाता है। सौभाग्य से जुड़ा होने के कारण इस व्रत को विवाहित स्त्रियां और नवविवाहिताएं करती हैं।

# शिक्षा की खामियों को दर्शाता ‘अब बस भी करो यार’

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से अनादि सांस्कृतिक शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा श्रीमती मनोरमा श्रीवास्तव लिखित एवं संदीप देव निर्देशित नाटक अब बस भी करो यार का मंचन मुन्नी देवी के प्रस्तुतिकरण में राय उमानाथ बलि प्रेक्षागृह, केसर बाग लखनऊ में मंचित किया गया। नाटक का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी एवं फिल्म अभिनेता डॉ अनिल रस्तोगी जी ने किया। नाटक अब बस भी करो यार हास्य और व्यंग्य का अनोखा संगम प्रस्तुत करता है यह नाटक अब बस भी करो यार जो सरकारी विद्यालयों में होने वाले व्याप्त भ्रष्टाचार पर एक तीखा लेकिन मनोरंजक प्रहार करता है।

कहानी की शुरूआत होती है एक भावुक प्रार्थना से इतनी शक्ति हमें देना दाता..., जहां छात्र और शिक्षक एक सुर में गाते हैं, मानो देश का भविष्य सँवारने को तत्पर हों । लेकिन प्रार्थना के अंत के साथ ही जैसे एक नया पर्दा उठता है। स्कूल के स्टाफ रूम में चाय की चुस्कियों और औपचारिक अभिवादन के बीच, प्रधानाचार्य भल्ला जी, अपने चपरासी राजेश के साथ प्रवेश करते हैं और सरकार द्वारा भेजे गए आदेश की सूचना देते हैं। वर्ष का सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव आयोजित करना है। हर शिक्षक को दो-दो प्रतियोगिताओं की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, सिवाय शुक्ला जी के, जिन्हें सीधे खेल अधिकारी बना दिया जाता है। बातों-बातों में योजना बनती है, कैसे इस आयोजन के बहाने अधिक से अधिक बजट का गमन किया जाए। खेलों की गुणवत्ता जाए भाड़ में, जेब भरनी चाहिए यही बनता है मंत्र। सभी शिक्षक और कर्मचारी इसमें शामिल हो जाते हैं, और योजना बना कर घर लौट जाते हैं। अगला दृश्य खुलता है स्कूल के लॉन में, जहाँ धूप सेंकते शिक्षक घरेलू मुद्दों और पति पर अत्याचार जैसी सनसनीखेज खबरों पर चर्चा कर रहे होते हैं। तभी माली हड़बड़ाते हुए आता है साहब औचक निरीक्षण पर आए हैं। सभी होश गवां बैठते हैं और मंच पर अफरा-तफरी मच जाती है। तत्पश्चात, दृश्य स्थानांतरित होता है मैदान में, जहाँ यादव जी बच्चों पर चिल्ला रहे हैं कि गणित की कक्षा में कोई क्यों नहीं है। तभी साहब और अन्य शिक्षक पहुँचते हैं और यादव जी को फटकारते हैं। पर सच का पदार्फाश तब होता है जब एक छात्र बताता है कि यादव जी तो असली शिक्षक के भतीजे हैं। बात यहीं नहीं रुकती धीरे-धीरे सामने आता है कि न सिर्फ शिक्षक, बल्कि प्रधानाचार्य, माली, यहाँ तक कि स्वयं भी फर्जी हैं। नाटक के अंतिम क्षणों में जब रिश्वत का खेल चरम पर होता है, और साहब भी पैसा लेने को तैयार हो जाता है तभी वह हँसकर कहता है, मैं भी नकली हूँ। पूरा विद्यालय ताश के पत्तों की तरह बिखर जाता है और दर्शकों को छोड़ जाता है एक करारा व्यंग्यात्मक संदेश के साथ। व्यवस्था में सिर्फ खोट नहीं है, खोट में ही व्यवस्था है। सभी मिलकर कहते हैं 'अब बस भी करो यार'।

# उत्तर प्रदेश के लोकचित्रों को मिले पहचान : कुमुद सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लोककलाएं हमारी आदिम संस्कृति की निरंतरता का प्रमाण हैं और प्रासंगिकता एक नया नारा है। प्रासंगिकता के साथ ही प्रतिबद्धता का प्रश्न भी कला और साहित्य के साथ बराबर उठाया जाता रहा है। लोक कलाएं जीवन का अंग हैं। यह जीवन को बाहर से नहीं देखतीं, बल्कि जीवन से ओतप्रोत होती हैं।

आज जब जीवन से कलाओं की एकात्मकता और जुड़ाव लुप्त होता जा रहा है तब आज के तथाकथित प्रासंगिकता के पैमाने पर लोककलाएं पूरी तरह फिट हैं यह मानना आज की अनिवार्य आवश्यकता है। लोक संस्कृति के प्रति एक और दृष्टि चिंता का विषय है कि प्रायः केवल नृत्य संगीत को ही लोक संस्कृति का अंग माना जा रहा इसके अन्य रूपों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रदेश की लोकचित्रों को विशेष महत्व देने की जरूरत है। कोहबर, चौक पूरना, पीड़िया, गोदन पूजा आदि प्रदेश की लोक कलाएं हैं। जिन्हें उनके प्रतीकों के माध्यम से ही समझा जा सकता है। उन प्रतीकों को समझने के लिए उन कलाओं के नजदीक जाना जरूरी है। हमारी लोक कलाओं में सांस्कृतिक चेतना का रस मिलता है। उक्त बातें मंगलवार को बाराबंकी स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में कोहबर कार्यशाला के शुभारम्भ के दौरान वरिष्ठ चित्रकार कुमुद सिंह ने कहा। ज्ञातव्य हो की पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश की लोकचित्र कला में कोहबर कला कार्यशाला का आयोजन फ्लोरेसेंस आर्ट गैलेरी और लखनऊ पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। जिसमे विशेषज्ञ के रूप में कुमुद सिंह हैं। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस और फ़्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के बीच सहयोगात्मक प्रयास उत्तर प्रदेश के लिए एक कलात्मक रूप से जागरूक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भविष्य के निर्माण की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। पेशेवर कलाकारों, शिक्षकों और छात्रों को एक साझा रचनात्मक मंच पर लाकर, यह पहल न केवल परंपरा का संरक्षण कर रही है, बल्कि प्रतिभा को भी पोषित कर रही है। जैसा कि श्रीमती नेहा सिंह ने कहा है कि कल के कलाकार आज हमारी कक्षाओं में बैठे हैं।

यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें विरासत में निहित उपकरण और कल्पना से प्रेरित पंख प्रदान करें।र कोहबर कला कार्यशाला इस बात का एक सशक्त उदाहरण है कि संस्कृति में निहित शैक्षिक नवाचार क्या हासिल कर सकता है। जैसे-जैसे ब्रश कागज पर चलते हैं और जीवंत रूपांकन जीवंत होते हैं, छात्र न केवल कला सीख रहे हैं - वे विरासत का अनुभव भी कर रहे हैं, एक-एक स्ट्रोक। प्रधानाचार्या डॉ. ऋतु सिंह ने कार्यशाला के दौरान अपना दृष्टिकोण साझा किया। प्रधानाचार्या डॉ. ऋतु सिंह ने संबोधित करते हुए नई पीढ़ी में कलात्मक संवेदनशीलता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्कूलों के शैक्षणिक ढांचे के भीतर ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कला केवल एक विषय नहीं है यह एक जीवन कौशल है जो अवलोकन, सहानुभूति और अभिव्यक्ति को बढ़ाता है। इस कोहबर कला कार्यशाला के साथ, हम अपने छात्रों के लिए एक मूल्यवान सांस्कृतिक परंपरा को पुनर्जीवित और पुनः प्रस्तुत कर रहे हैं। हमारा मानना है कि युवा मन को लोक कला रूपों से परिचित कराकर, हम उन्हें सांस्कृतिक रूप से निहित, सामाजिक रूप से जागरूक व्यक्तियों के रूप में ढालते हैं, उन्होंने छात्रों को तकनीकी कौशल से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और उनसे उस कला के गहरे प्रतीकात्मक अर्थों और पारंपरिक संदर्भों को समझने का आग्रह किया जो वे सीख रहे हैं।

संक्षेप

## बिना मान्यता चल रहे 3 स्कूल सील



● शिक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : एसडीएम

**कुशीनगर।** जिले में बिना अनुमति के संचालित हो रहे तीन स्कूलों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश पर उपजिलाधिकारी पडरौना ऋषभ पुंडीर की अगुवाई में प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने इन स्कूलों को सोमवार को सील कर दिया सील किए गए स्कूलों में प्रभात तारा स्कूल (मोती छापर, रविंद्र नगर), नवीन जूनियर हाई स्कूल (धरमपुर बुजुर्ग) और सरस्वती ज्ञान मंदिर (जानकी नगर) शामिल हैं। ये सभी शिक्षण संस्थान बिना किसी सरकारी मान्यता और अनुमति के लंबे समय से संचालित हो रहे थे। एसडीएम ऋषभ पुंडीर ने जानकारी दी कि तहसील क्षेत्र में चल रहे सभी स्कूलों की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना मान्यता के किसी भी स्कूल को संचालित करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यदि अन्य स्कूल भी इसी तरह अवैध रूप से चलते पाए गए, तो उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान कानूनगो हरिशंकर सिंह समेत शिक्षा विभाग और प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम पुंडीर ने दो टूक कहा कि शिक्षा के नाम पर अव्यवस्था या बच्चों के भविष्य से कोई खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। साथ ही यह प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि बिना अनुमति के कोई भी शिक्षण संस्थान नहीं चल पाएगा।

## 36 घंटे बाद भी विवाहिता का नहीं मिला शव

**कुशीनगर।** जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पुरैनी के खपरैला टोला निवास एक विवाहिता ने गृह कलह से तंग आकर सोमवार सुबह गांव के बगल नहर में कूदकर



जान दे दी। 36 घंटे बाद विवाहिता की लाश नहीं मिली है, तलाश अभी जारी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पुरैनी के खपरैला टोला निवासी गुड्डू कुशवाहा की पत्नी ज्योति कुशवाहा उम्र 18 वर्ष गृह कलह से तंग आकर नहर में सुबह कूद गई जिसकी सूचना पर रामकोला पुलिस पहुंच खोजबीन की कुछ पता नहीं चला। इसके पद मंगलवार को एसडीआरएफ टीम पहुंची जहां शाम तक शव को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन 36 घंटे बीत गए कुछ पता नहीं चला, टीम लगातार तलाश कर रही है। बता दें कि विवाहिता का इसी साल 8 मई को गुड्डू से शादी हुई थी। ज्योति के पिता सकलदीप कुशवाहा ने बताया कि ज्योति के जेठान से आए दिन विवाद होता था, जिससे आजीज आकर नहर में कूदकर जान दे दी। पीड़िता ने इस संबंध में तहरीर दे दिया है।

# परिषदीय विद्यालयों को बन्द करने के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन

## युवा कांग्रेसी अमित सिंह के नेतृत्व में निकला मार्च



जिला संवाददाता (vol)

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** परिषदीय स्कूलों के समायोजन सहित जनहित से जुड़े विभिन्न मांगो को लेकर तमकुहीराज क्षेत्र के युवाओं ने तमकुहीराज कस्बे से तहसील मुख्यालय तक पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न मांगो से संबंधित राष्ट्रपति को संबोधित 12 सूत्रीय मांगों का पत्रक नायब तहसीलदार को देकर कारवाई की मांग की।

मंगलवार को कांग्रेसी नेता अमित सिंह की अगुवाई में तहसील क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं ने तमकुहीराज कस्बे से तहसील मुख्यालय तक पैदल मार्च निकाला। तमकुहीराज तहसील मुख्यालय पहुंच एसडीएम कार्यालय के सामने आंदोलनकारी युवा धरना पर बैठ गए। धरना आंदोलन को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेसी नेता अमित सिंह ने कहा कि प्रदेश में जबसे बीजेपी की सरकार बनी है। तबसे लगभग पच्चीस हजार परिषदीय विद्यालयों को बंद किया जा चुका है। वर्तमान समय में योगी सरकार फिर बीस हजार स्कूलों पर ताला लगाने की तैयारी कर रही है। भाजपा सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। मर्जर के नाम पर स्कूलों को बंद करना बीजेपी की शिक्षा विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। सरकार यदि यह फैसले वापस नहीं लेती तो हम सब उन स्कूलों पर तिरंगा झंडा फहराएंगे जिन स्कूलों में सरकारी ताले लगेंगे। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एडवोकेट चंद्रशेखर आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार स्कूल छीनकर राशन दान करती है। मर्जर के नाम पर स्कूल बंद करना गरीबों, दलितों - पिछड़ों के बच्चों के साथ धोखा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान युवा आंदोलन कारियों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए योगी सरकार से यह फैसला वापस लेने की मांग की। बाद में मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार कुंदन वर्मा को राष्ट्रपति को संबोधित जनहित से जुड़े 12 सूत्रीय मांगों का पत्रक देकर कारवाई की मांग की गई। इस दौरान एडवोकेट गब्बर यादव, अमरनाथ कुशवाहा, अंगद पटेल, पिंटू यादव, रामनाथ भारती, आफताब आलम, उपेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

## किसानों का ग्रुप तैयार कर सर्वसम्मति से तय स्थान का करायें भ्रमणः सीडीओ

**कुशीनगर।** कृषि तकनीकी प्रबन्ध अभिकरण (आत्मा) के अन्तर्गत कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की गवर्निंग कमेटी की बैठक मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक अतिन्द्र सिंह द्वारा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा योजना) एवं उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मिलेट्स योजना में मिलेट्स गैलरी एवं रेसीपी कार्यक्रम एक साथ कराया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा कृषक एक साथ सभी जानकारी प्राप्त कर सकें। कृषकों को खेती-बारी की जानकारी हेतु दूसरे राज्यों में भ्रमण पर भेजे जाएं। उप कृषि निदेशक द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, नेशनल मिशन ऑन एडिबिल आयल, परम्परागत कृषि विकास योजना, नेशनल मिशन ऑन स्वायल हेल्थ एण्ड फर्टीलिटी एवं भूमि संरक्षण अनुभाग की योजनाओं के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषि उत्पादों को पैंकिग एवं मार्केटिंग पर जोर देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया ताकि कृषकों को अधिक मूल्य प्राप्त हो सके एवं तुलनात्मक खेती व इन्ट्रीगेटेड फार्मिंग सिस्टम पर कार्य करने हेतु कृषि एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। सीडीओ ने उक्त समस्त योजनाओ को सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। बैठक में उप कृषि निदेशक कुशीनगर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सहायक निदेशक सहकारिता, प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला प्रबन्धक इफको, नारी विकास सेवा संस्थान जिगना, श्रीमती इन्द्रावती देवी, अध्यक्ष माँ लक्ष्मी जी स्वयं सहायता समूह फरदहा, कृपा सिन्धू- आईएफएफ डीसी मुहआरी, पारसनाथ सिंह, रामनयन सिंह एवं प्राविधान फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड मसूरगंज उपस्थित रहे।

## आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा ने की बैठक




**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव करीब है और हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए यह चुनाव 2027 के विस चुनाव के दृष्टिकोण से एक तैयारी है। उन्होंने कहा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाना है जिसके निमित्त जिला स्तर पर एक बड़ी गोष्ठी का आयोजन किया जाना है, इस अभियान का जिला संयोजक पूर्व सभासद वीरेंद्र सिंह को बनाया गया है तथा सह संयोजक रामचंद्र मणि त्रिपाठी और देवानंद तिवारी को बनाया गया है। इसी क्रम में शहीद स्थल पर दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करना है जिसके संयोजक अंकुर राय बनाए गए हैं। इसी तरह पार्टी के अन्य जो भी कार्यक्रम आयोजित होने हैं उसमें जिले के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों का सहयोग अपेक्षित है। श्री सिंह ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा निर्देशित शिक्षक एमएलसी के चुनाव के निमित्त मतदाता सूची से संबंधित कार्यों का संपादन उचित ढंग से किया जाना चाहिए। इसके लिए गिरिजेश सिंह को जिला संयोजक बनाया गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने कहा कि 27 जुलाई को मन की बात में सभी 28 मंडलों में पूर्व, वर्तमान पदाधिकारियों, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी और वरिष्ठ लोगों को एक एक मंडल की जिम्मेदारी दी जाएगी। जनपद के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यक्रम की अपेक्षा इस बार प्रयास यही होना चाहिए कि हर बूथ पर अधिक से अधिक कार्यकर्ता मन की बात सुनें और फोटो सरल ऐप पर अपलोड भी करें। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री रविंद्र कौशल, गंगा शरण पांडे, जिला मंत्री निर्मला गौतम, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश पांडे, आदि उपस्थित रहे।

## सहकारी गन्ना विकास समिति खड्डा में किसानों ने पकड़ी यूरिया खाद

**कुशीनगर।** जनपद के खड्डा तहसील अंतर्गत सहकारी गन्ना विकास समिति खड्डा से जुड़े एक गंभीर मामले ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीती रात ग्रामीणों ने चौकसी बरतते हुए यूरिया खाद की बड़े पैमाने पर हो रही कालाबाजारी को पकड़ लिया। बोलेरो और टेम्पो जैसे वाहनों से चोरी-छिपे खाद को बाहर ले जाया जा रहा था।ग्रामीणों को शक था कि समिति से किसानों को समय पर




खाद नहीं मिल रही, जबकि बाजार में कालाबाजारी जोरों पर है।

सोमवार देर रात कुछ लोगों ने गुप्त सूचना के आधार पर गन्ना समिति के आस-पास निगरानी शुरू की और बोलेरो व टेम्पो में लदी खाद की बोरियों को बाहर ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गांव वालों ने तत्परता दिखाते हुए खाद सहित दोनों वाहनों को पकड़ लिया और मौके पर जमावड़ा लग गया। घटना के बाद हड़कंप मच गया और आरोपी सचिव प्रहलाद मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, सचिव ही चोरी-छिपे खाद की कालाबाजारी का संचालन कर रहा था।किसानों का कहना है कि सहकारी समिति में पहले ही यूरिया की भारी कमी है और जरूरतमंद किसान सुबह से शाम तक लाइन में लगकर भी खाली हाथ लौट जाते हैं। वहीं समिति से जुड़ा व्यक्ति ही खाद को बाजार में ऊंचे दामों में बेचने में संलिप्त पाया गया है, जिससे ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी गई है। किसानों और ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले को दबाने की कोशिश हुई या दोषियों को संरक्षण मिला, तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि खबर लिखे जाने तक सचिव प्रहलाद का कोई सुराग नहीं मिला था। विभागीय स्तर पर भी जांच की तैयारी की जा रही है।

# एसपी ने पुलिस लाइन में नवागत आरटीसी प्रशिक्षुओं का स्वागत किया



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने पुलिस लाइन में नवागत आरटीसी प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए उन्हें ब्रीफ किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षुओं से संवाद कर उन्हें प्रशिक्षण की महत्ता, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं नैतिक मूल्यों के पालन हेतु प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक ने नवागत प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण का यह समय आपके भविष्य की आधारशिला है, इसलिए इसे गंभीरता व पूर्ण मनोयोग से लें। उन्होंने कहा कि एक अच्छा पुलिसकर्मी बनने के लिए केवल शारीरिक दक्षता ही नहीं, बल्कि अनुशासन, समयबद्धता एवं जनसेवा की भावना भी अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षुओं को उनके उत्तर प्रदेश पुलिस फोर्स में चयन एवं आगामी आरटीसी प्रशिक्षण हेतु शुभकामनाएं भी दीं गयी। सम्मेलन के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा आरटीसी परिसर का भ्रमण कर बैरकों, मेस, क्लासरूम, प्रशिक्षण ग्राउंड एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, शौचालयों की स्थिति, पीने के पानी की उपलब्धता तथा बैरकों में पर्याप्त प्रकाश एवं वेंटिलेशन की व्यवस्था, खानपान की गुणवत्ता एवं कक्षा संचालन की स्थिति का विशेष ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने आरटीसी में उपलब्ध संसाधनों को और अधिक प्रभावी व उपयोगी बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गए।

इस अवसर पर आरटीसी प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक, क्षेत्राधिकारी लाइंस सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी को प्रशिक्षण कार्य में गुणवत्ता बनाये रखने एवं प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये। साथ ही प्रशिक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासित, दक्ष और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस कर्मी के रूप में विकसित करने हेतु प्रशिक्षण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

## निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**देवरिया।** डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (उटक्र) के अंतर्गत जनपद में संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निर्माण परियोजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पूरा किया जाना सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कार्य की गुणवत्ता में कमी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी परियोजना में ठेकेदार द्वारा कार्य में शिथिलता बरती गई अथवा कार्य मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, तो संबंधित अभियंता एवं विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि यदि किसी परियोजना के क्रियान्वयन में कोई समस्या उत्पन्न हो रही हों, तो उनकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने किया पंचायत कार्यालय का भूमि पूजन और शिलान्यास



**भटनी(देवरिया)।** नगर पंचायत बरियारपुर के कार्यालय भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास आयोजित एक समारोह मे विधायक रामपुर कारखाना सुरेन्द्र चौरसिया ने भारी जनसमूह व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मे किया। भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हूए विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेश की सरकार जन आकाँक्षाओं को पूरा करने के लिए बिना भेदभाव के जाति धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गो के विकास के लिए बहुयामी योजनाओं को चला कर करने का कार्य कर रही है। रामपुर कारखाना क्षेत्र के विकास के सम्बन्ध मे कहा कि सडक से लेकर विद्युत व्यवस्था तक चातुर्दिक विकास हुआ हुआ है। क्षेत्र की जो सडकें अधुरी है या खराब हो गयी है। उस पर भी कार्ययोजना बना कर कार्य होगा। नगर पंचायत रामपुर कारखाना बरियारपुर भटनी का भी मेरे कार्यकाल मे विकास हुआ है। इसी कडी मे नगर पंचायत बरियारपुर मे नगर पंचायत के गठन होने के बाद से अपना कार्यालय नही था। जिसका निर्माण अब दो करोड़ चौतीस लाख की लागत से होने जा रहा है। कार्यालय के अभाव मे नगर वासियों के सामने बहुत बडी समय थी। जिसको लेकर नगरनिवासी सहित कर्मचारी व अधिकारियों भी परेशानियों को भी कठिनाईयो का सामना करना पडता था। कार्यालय भवन बन जाने से निजात मिल जायेगी। इस अवसर पर बरियारपुर के नगर पंचायत अध्यक्ष किरन राजभर राजेश राजभर अधिशासी अधिकारी अमिताभ मणि बरियारपुर के भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिवाकरचन्द्र यादव नीरज श्रीवास्तव रामनिवास पाण्डेय प्रेमनिवास पाण्डेय सुनील मध्देसिया अनिल पाण्डेय नगर पंचायत के सभी सभासद व अधिकारी व कर्मचारी सहित भारी संख्या मे नगरवासी उपस्थित रहे।

## पीएसपी सदस्यों के शिक्षकों व बच्चों को फाइलेरिया के प्रति किया जागरूक

**देवरिया।** जिले के सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) ब्लॉक भलुअनी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुखुन्दु में मंगलवार को सीएचओ के नेतृत्व में एएनएम, आशा, प्राधन, अनगनबाड़ी, कोटेदार, फाइलेरिया मरीजों के सहयोग से पीएसपी (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) का गठन किया गया। पीएसपी के सभी सदस्यों ने फाइलेरिया बीमारी से बचाव लिए 10 अगस्त से चलने वाले एमडीए अभियान अधिक से अधिक लोगों को दवा का सेवन कराने के लिए जागरूकता गतिविधियों को कराने का संकल्प लिया। इसके साथ ही पीएसपी के सभी सदस्यों ने प्राथमिक विद्यालय खुखुन्दु के शिक्षकों व बच्चों को फाइलेरिया बीमारी की गंभीरता व बचाव के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया की फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाएगी एक खुराक दवा। जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भलुअनी ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुखुन्दु में सीएचओ के नेतृत्व में पीएसपी का गठन किया गया है। जिसमे सीएचओ, एएनएम, ग्राम प्रधान, आशा, आँगनबाड़ी, फाइलेरिया, कोटेदार को सदस्य बनाया गया है। पीएसपी सदस्यों के सहयोग से समुदाय में होने वाली जागरूकता गतिविधियों के साथ वीएचएसएनडी सत्रों, आंगनबाड़ी केंन्द्रो पर फाइलेरिया बीमारी की गंभीरता, लक्षण और बचाव के प्रति जागरूकता गतिविधियां कराई जा रहीं हैं। इन गतिविधियों में सीएचओ, एएनएन, आशा द्वारा लोगों को बताया जाता जा रहा कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता। लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। इस बीमारी से साल में एक बार लगातार 5 साल दवा के सेवन से बचा जा सकता है। 10 अगस्त से चलने वाले एमडीए अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता जब घर घर आकर दवा खिलाये तो दवा का सेवन जरूर करें।

## विद्युत समस्याओं को लेकर भाजपाइयों ने अधिशासी अभियंता को दिया पत्रक

**बरहज, देवरिया।** बरहज नगर में हो रही लगातार बिजली कटौती और अन्य विद्युत समस्याओं को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने अधिशासी अभियंता को पत्रक दिया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्त के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल के साथ त्वरित कार्रवाई के लिए बरहज अधिशासी अभियंता अरविंद सिंह गौतम को ज्ञापन सौंपा। अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द विद्युत समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री धर्मवीर सिंह पप्पू, अशोक सोनकर, मंडल उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, विजय विश्वकर्मा सनी मौजूद रहे।

## पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स के बिंदुओं की नियमित समीक्षा आवश्यक : डीएम

**देवरिया।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत पंचायत एडवांमेन्ट इण्डेक्स संस्करण विषय पर जिलास्तरीय अधिकारियों, विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी एवं मिडियाकर्मियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार देवरिया मे किया गया।प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विभागाध्यक्षों को निर्देशित



किया कि एल.एस.डी.जी. (स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों) की नौ थीमों के अनुसार संचालित योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित किया जाए और इनका लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स (ढउक्र) के अंतर्गत विभागीय बिंदुओं की नियमित समीक्षा व अद्यतन किया जाना आवश्यक है। डीपीआरसी सहप्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स को पोर्टल पर लाइव दिखाकर उपस्थितों को समझाया। प्रशिक्षक अजीत कुमार तिवारी ने एल.एस.डी.जी. की 9 प्रमुख थीमों (जैसे गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण आदि) पर विस्तार से जानकारी दी। उक्त प्रशिक्षण मे जिला परियोजना अधिकारी अनिल कुमार ने पंचायत स्तर पर संचालित विकास योजनाओं की निगरानी, मूल्यांकन एवं पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स की अवधारणा को जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में बेहतर तरीके से लागू करने हेतु समस्त विभागाध्यक्षो को निर्देशित किया, साथ ही कार्यों के मूल्यांकन हेतु ढअक2.0 के विभिन्न पंचायत विकास सूचकांक पोर्टल पर पोर्टल पर सही और प्रमाणित सूचना भरवाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त प्रशिक्षण को प्रशिक्षक आशुतोष दुबे, आलोक तिवारी, विनय तिवारी श्रवण चौरसिया, शिवम मिश्र, जीतेन्द्र दुबे, सुधांशु रंजन मिश्र, अजय दूबे ने भी सम्बोधित किया।

# जिला उद्योग, व्यापार व श्रम बंधु की बैठक संपन्न

● विभिन्न योजनाओं तहत ऋण संबंधी पत्रावलियों का बैंकवार की गयी समीक्षा



**कुशीनगर।** एडीएम वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु व श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मेसर्स विशाल ट्रेडिंग कम्पनी, मुसहर बस्ती, जंगल बेलवां, पडरौना, कुशीनगर के इकाई स्थल के सम्पर्क मार्ग के पक्का निर्माण व चौड़ीकरण विषयक मामला समिति के समक्ष रखा गया। बैठक में इस पर चर्चा के दौरान ज्ञात हुआ कि आज की तिथि में स्थल पर अधि० अधिकारी, नगरपालिका परिषद, पडरौना के द्वारा नापी करा ली गई है एवं प्रकरण को स्वीकृति हेतु बोर्ड की आगामी बैठक में रखा जायेगा। जिस पर एडीएम ने बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास कराकर शीघ्र प्रकरण निस्तारण का निर्देश अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, पडरौना को दिया। मेसर्स सीएससी कुशीनगर सठियांव यूपी फार्मर प्रोड्यूसर कं.लि., सठियांव, फाजिलनगर के इकाई स्थल के संपर्क मार्ग से अतिक्रमण हटाने विषयक प्रकरण समिति के समक्ष रखा गया, जिस पर विस्तृत चर्चा उपरान्त एडीएम द्वारा एसडीएम, कसया को आवश्यक पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने हेतु व सम्बन्धित उद्यमी को चिन्हांकन उपरान्त तत्काल मिट्टी भराई हेतु निर्देश जारी किया गया। इसके अतिरिक्त मेसर्स बुद्धा वाटर पार्क एवं रिजार्ट, एनएच-28, भैसहां, कुशीनगर के लंबित धारा 80 प्रकरण के निस्तारण का मामला समिति के समक्ष रखा गया, जिस पर विस्तृत चर्चा उपरान्त यह ज्ञात हुआ कि उद्यमी द्वारा आवेदन शुल्क 1% अभी जमा नहीं किया गया है। अपर जिलाधिकारी द्वारा उद्यमी / निवेशक से तत्काल उक्त आवेदन शुल्क जमा करने एवं एसडीएम, कसया से प्रकरण तत्काल निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार मिनी औद्योगिक आस्थान, सरगटिया करनप?ट्टी, दुदही के उद्यमियों द्वारा विद्युत आपूर्ति सुधार का प्रकरण समिति के समक्ष रखा गया, जिस पर विस्तृत वर्चा उपरान्त अधि० अभियंता, विद्युत, सेवरही ने अवगत कराया कि उक्त मिनी औ० आस्थान में 11 केवी एवं एलटी लाईन निर्माण कर विद्युतीकरण कराने हेतु टीसी की धनराशि रू०. 2.51.791.00 जमा कराये जाने हेतु विभागीय खाते का विवरण सम्बन्धित कार्यदायी संस्थान उप्र लघु उद्योग निगम लि., फजलगंज, कानपुर को प्रेषित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त मिनी औद्योगिक आस्थान, नदवां विशुनपुर, फाजिलनगर के वर्ष 1990 में अधिग्रहित भूमि के गाटा नं० 184, 622 एवं 621ख के स्थान पर त्रुटिपूर्ण रूप से गाटा नं0-625 पर मिनी औ०आस्थान का निर्माण कर दिया गया था तथा ग्राम प्रधान द्वारा गाटा नं0-622 पर सुलभ शौचालय, छठ घाट, अमर ज्योति आदि का निर्माण करा दिया गया है, जिसके सुधार का प्रकरण समिति के समक्ष रखा गया। इस पर विस्तृत चर्चा उपरान्त एडीएम द्वारा एसडीएम, कसया को शीघ्र कार्यवाही कर प्रकरण निस्तारण का निर्देश दिया गया।इसके अतिरिक्त एडीएम द्वारा उप्र ग्लोबल यूपी इन्वेस्टर्स समिट के तहत एमओयू कियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई तथा अक्रियाशील इकाइयों की समस्याओं का निराकरण कर शीघ्र कियाशील कराने हेतु समिति द्वारा निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त निवेश मित्र पोर्टल पर जिले के उद्यमियों/निवेशकों के विभिन्न विभागों से समयबद्ध स्वीकृतियां जारी किए जाने हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें उप्र पावर कार्पोरेशन लि० के लम्बित प्रकरणों पर रोष प्रकट करते हुए अतिशीघ्र प्रकरण निस्तारित कराने हेतु एडीएम द्वारा निर्देशित किया गया। उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओडीओपी ऋण योजनान्तर्गत बैंकवार प्रगति समीक्षा की गई तथा एडीएम ने निर्देशित किया कि बैंक स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों पर त्वरित रूप से निर्णय लेते हुए स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिला श्रम बन्धु की बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में श्रमिकों द्वारा आवेदन कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण उपस्थिति अधिकारियों द्वारा किया गया।

संक्षेप

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

सीतापुर। सरदार पटेल सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार बिसवां उमाशंकर त्रिपाठी को दिया है। जिसमें सांसद कंगना रनौत के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया है सांसद कंगना रनौत ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के बारे में बहुत ही अशोभनीय तथ्य हीन टिप्पणी करते हुए कहा था कि सरदार बल्लभ भाई पटेल भारत के प्रधानमंत्री इसलिए नहीं बन पाए क्योंकि वह अंग्रेजी नहीं बोल सकते थे। उनके इस बयान से सरदार पटेल सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों में भारी आक्रोश है। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि सरदार पटेल लंदन के प्रतिष्ठित मिडिल टेंपल इन कॉलेज से बैरिस्टर की डिग्री के लिए निर्धारित 36 महीने के कोर्स को मात्र 30 महीने में पूर्ण कर प्रथम श्रेणी में उपाधि प्राप्त की थी। ज्ञापन देने वालों में भग्गा प्रसाद वर्मा अध्यक्ष, प्रमोद वर्मा, अमर सिंह पटेल, महासचिव, प्रदीप वर्मा उपाध्यक्ष, शिवराज सिंह पटेल कोषाध्यक्ष, वीरेन्द्र वर्मा, अवधेश वर्मा किसान नेता, रामचन्द्र वर्मा, विजय वर्मा, स्वपिंल वर्मा, तुसार वर्मा, प्रवीण वर्मा, मोहित पटेल, अवनीश वर्मा, मनोज वर्मा, प्रताप वर्मा पूर्व प्रधान, अभय प्रताप, ललित वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा मौजूद रहे।

## नाले में गिरने से अधेड़ की मौत

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई। जब शराब के नशे में धुत एक अधेड़ व्यक्ति नाले में गिर गया और काफी देर तक वहीं पड़ा रहा। लेकिन मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने उसे बाहर निकालने की कोशिश नहीं की। अंततः उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल भंडारी 45 वर्ष पुत्र खेलावन निवासी इलाहाबाद पर सिधौली के रूप में हुई है। वह ब्लॉक कार्यालय के पास स्थित एक गुमटी में मोटरसाइकिल पंचर बनाने का काम करता था और अपने परिवार के साथ ब्लॉक के पीछे रहता था। जानकारी के अनुसार अनिल मंगलवार दोपहर अत्यधिक शराब के नशे में सिधौली-मिश्रिख मार्ग किनारे टहल रहा था। तभी अचानक सड़क किनारे बने नाले में गिर गया। वहां वह काफी देर तक पड़ा रहा, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने कोई सहायता नहीं की। कुछ देर बाद जब परिजनों को सूचना मिली, तो उसकी पुत्री मौके पर पहुंची और नाले में पड़े पिता को स्वयं बाहर निकाला। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की बेटी ने बताया कि वह अपनी मां के साथ कहीं गई थी। लौटने पर जब पिता दुकान पर नहीं मिले, तो तलाश शुरू की। तभी किसी ने बताया कि एक व्यक्ति नाले में पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनके पिता वहीं बेसुध पड़े हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई राहगीरों ने उन्हें नाले में पड़े हुए देखा, लेकिन किसी ने भी सहायता का प्रयास नहीं किया। यह घटना न केवल दुखद है, बल्कि समाज में बढ़ती संवेदनहीनता की ओर भी इशारा करती है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# छोटे वाहनों से खाद्यान्न की डोर स्टेप डिलीवरी करायें

जिला संवाददाता(vol)



- उचित दर विक्रेता संघों के प्रतिनिधियों तथा आपूर्ति व विपणन शाखा के कर्मियों की डीएम की अध्यक्षता में हुई संयुक्त बैठक

सीतापुर। जनपद सीतापुर में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत खाद्यान्न की प्रेषण एवं प्राप्ति तथा खाद्यान्न के परिवहन आदि में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के परिवहन ठेकेदारों एवं उचित दर विक्रेता संघों के प्रतिनिधियों तथा आपूर्ति व विपणन शाखा के कर्मियों की संयुक्त बैठक हुई।

जिलाध्यक्ष ऑल इण्डिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स कोटेदार संघ राम लखन यादव के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कतिपय उचित दर की दुकानों पर डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से खाद्यान्न पहॅच नहीं पा रहा है। जिसके सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह जनपद की ऐसी उचित दर की दुकानें, जहां पर डोर स्टेप डिलवरी के माध्यम से खाद्यान्न की पहुंच सुचारू रूप से नहीं पा रहा है। उनको चिन्हांकित कराकर परिवहन ठेकेदारों के माध्यम से छोटे वाहनों को लगवाकर खाद्यान्न की डोर स्टेप डिलीवरी कराना सुनिश्चित करें। जिलाध्यक्ष आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन अरविंद कुमार शुक्ला के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कतिपय उचित दर की दुकानों पर डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से खाद्यान्न काफी विलम्ब से पहुंचता है। जिसके सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह जनपद में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत नियत समयान्तर्गत खाद्यान्न की डिलीवरी सुनिश्चित कराने हेतु उचित दर विक्रेता का रोस्टर तैयार करके उसके अनुसार डिलीवरी कराना सुनिश्चित करें। जिससे समयान्तर्गत खाद्यान्न की पहुँच सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी द्वारा सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के समस्त ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है कि वह शासनादेशानुसार पर्याप्त वाहनों को लगाकर उचित दर की दुकानों पर गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न की पूरी-पूरी मात्रा में खाद्यान्न की डिलवरी कराना सुनिश्चित करें। अपने प्रतिनिधियों एवं वाहन चालकों पर सतर्क दृष्टि रखें। किसी भी दशा में गुणवत्ता विहीन एवं कम मात्रा में खाद्यान्न उचित दर की दुकानों पर न पहुंचने पाए। खाद्यान्न की डिलीवरी प्रत्येक दशा में नियत समयान्तर्गत जियो फेंस के अन्तर्गत होनी चाहिए। जिससे जनपद में नॉन ई०पी०ओ०डी की स्थिति उत्पन्न न होने पाए।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वह सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से पूरी मात्रा में गुणवत्तापरक खाद्यान्न ही प्राप्त करें। यदि उनको कम मात्रा अथवा गुणवत्ता विहीन खाद्यान्न दिया जाये तो उसकी जानकारी तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी व जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षकों विपणन निरीक्षकों को देकर उसका निराकरण करा लें। जिलाधिकारी द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों, क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक व क्षेत्रीय विपणन निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वह शासनादेशानुसार सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था का सुचारू रूप से क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। परिवहन ठेकेदारों से पर्याप्त वाहन लगवाकर उचित दर की दुकानों पर गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न की पूरी-पूरी मात्रा डिलीवरी कराना सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में गुणवत्ता विहीन एवं कम मात्रा में खाद्यान्न उचित दर की दुकानों पर न पहुंचे, इस हेतु सतर्क निगरानी रखें। किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं खाद्यान्न की दुरूपयोग की स्थिति पाए जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी विभागीयध्वैधानिक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

## रक्तदान महादान है , इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है : डीएम



- डीएम ने जिला चिकित्सालय में स्थापित ब्लड सेंटर में ब्लड सेपरेशन यूनिट का किया उद्घाटन

सीतापुर। जिला चिकित्सालय सीतापुर में स्थापित ब्लड सेंटर में एक नई यूनिट (ब्लड सेपरेशन यूनिट) का उद्घाटन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा फीता काटकर किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि इकाई के शुभारंभ से अब रक्तदान के पश्चात एक ही यूनिट रक्त को उसके प्रमुख घटकों-प्लाज्मा, रेड ब्लड सेल्स, प्लेटलेट्स एवं क्रायोप्रेसिपिटेट्स में विभाजित किया जा सकेगा। जिससे अधिक से अधिक मरीजों की जरूरत को एक ही यूनिट से पूरा किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यह आधुनिक चिकित्सा सुविधा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करेगी तथा गंभीर रोगियों जैसे थैलेसीमिया, डेंगू, प्रसूति रोग एवं अन्य जटिल बीमारियों से पीड़ित मरीजों को समय पर जीवन रक्षक रक्त घटक उपलब्ध कराना संभव हो सकेगा। उन्होंने आम नागरिकों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि इस यूनिट के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 20-25 रक्त यूनिट्स को घटकों में विभाजित किया जा सकेगा। यह सुविधा एनएबीएच मानकों के अनुरूप विकसित की गई है। रेडक्रास सोसाइटी सीतापुर, संजीवनी संस्थान सीतापुर एवं दया फाउण्डेशन द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 इन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 सुनीता कश्यप, प्रभारी अधिकारी रक्त केन्द्र डा0 पूजा यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अस्पताल में नेत्र चिकित्सक को दिखाने में मरीजों की फूली सांसें



- जिला अस्पताल में नेत्र चिकित्सक तीन, ओपीडी में मिलते हैं एक

उन्नाव। जिला अस्पताल में तीन नेत्र चिकित्सक की तैनाती है। लेकिन ओपीडी में सिर्फ एक ही नेत्र चिकित्सक मिलते हैं। जिसमें जिस दिन नेत्र चिकित्सक डॉक्टर फैजल जुबैर की ओटी होती है। उस दिन उनके कक्ष में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ रियाज अली मिर्जा मरीजों को देखते हैं। और दूसरे नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार ओपीडी कभी करते नहीं नजर आते हैं। इस जानकारी को नवगत सीएमएस से बताया गया लेकिन उन्होंने भी इसपर विचार नहीं किया और न कोई खास कदम नहीं उठाया। मौसम परिवर्तन होने की वजह से नेत्र के मरीजों की संख्या अधिक बढी है। जिससे नेत्र चिकित्सक कक्ष के बाहर मरीजों की इतनी अधिक भीड़ होती है, की मरीज खड़े-खड़े थक जाते हैं तो उनकी जगह तीमारदारों को लाइन में लगना पड़ता है। लेकिन जिम्मेदारों को दूर-दराज से आए मरीजों की परेशानी से कोई मतलब नहीं।

### क्या बोले सीएमएस

सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया की नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार आज ऑफिस का कार्य कर रहे थे। सप्ताह में इनके जो भी दिन ओपीडी के होते हैं। उस दिन मरीजों को अपने कक्ष की ओपीडी में देखेंगे।

## वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव मे वृद्धा ने मंगलवार को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । मृतका के पति की सूचना पर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्राम पंचायत बरुआघाट के मजरा उचवा निवासी मोहकम ने पुलिस को बताया कि पत्नी राम देवी (70) ने मंगलवार को सुबह घर में लगे तार में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पत्नी बीमार रहती थी जिसके चलते आत्महत्या की है। मृतका के एक विवाहिता बेटी है। परिजनो रो रो कर बुरा हाल है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

सीतापुर। कोतवाली लहरपुर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में एक किसान की अज्ञात वाहन से टकराकर मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा खनियापुर चौराहे पर उस समय हुआ जब वह खेत जा रहा था। जानकारी के अनुसार लहरपुर निवासी नन्नू 45 वर्ष पुत्र पुत्तू रोज की तरह सुबह अपने घर से खेत की ओर जा रहा था तभी खनियापुर चौराहे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नन्नू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चौकी भदफर प्रभारी लाल बहादुर मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ कर वाहन की पहचान की कोशिश की जा रही है।

## छह चोरी की घटनाओं का अनावरण, दो युवक गिरफ्तार



सीतापुर। सदरपुर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करते हुए क्षेत्र में पिठछे दो महीने में हुई छह चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुए उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में चोरी गए जेवर व घटनाओं में प्रयुक्त हथौड़ी व राड बरामद करने का दावा किया है। दोनों युवकों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि सदरपुर क्षेत्र में माह मई व जून में हुई आधा दर्जन चोरियों के खुलासे के लिए पुलिस काफी समय से प्रयासरत थी।

सोमवार की रात सवा दो बजे थाने के एसआई सुनील कुमार सिंह, दिलीप सिंह, शिवम सिंह, एचसीपी राकेश कुमार, जितेंद्र मिश्र, अंकुर कसेरा, आरक्षी पवन कुमार, शुभम तिवारी, परवेज, हरेंद्र मुखबिर की सूचना पर भलवाही-धरमपुर मार्ग पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान रुदईन मोड़ के पास दो युवक बैठे दिखाई दिए। टोकने पर दोनों भागने लगे जिन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से 44 सौ रुपए की नकदी, बड़ी मात्रा में सफेद व पीली धातु के जेवर, लोहे की हथौड़ी व राड बरामद हुई। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम शिवपुर देवरिया के शिव भगवान पुत्र ब्रजलाल सुरेंद्र उर्फ शैलेंद्र पुत्र वेद प्रकाश बताया। दोनों ने ठाकुरपुर, मरखापुर, छठवान, शाहपुर, मधवापुर तथा गौढ़ी में चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि दोनों शातिर किस्म के सक्रिय अपराधी हैं, जिनकी पुनिस को काफी समय से तलाश थी। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## आरएमपी के छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में फिर लहराया परचम

सीतापुर। आरएमपी महाविद्यालय के छात्रों ने एक बार फिर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में अपना परचम लहराया। बीती देर रात्रि एनटीए नेट के द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में इस वर्ष राजनीति विज्ञान विभाग के तीन छात्रों अजीम खान, ऋषभ सिंह तथा महाविद्यालय में शोध छात्र अनुराग शुक्ला को नेट के साथ जेआरएफ तथा शिवम पाल, प्रियांशी, ज्योति शर्मा तथा कृष्ण कुमार ने नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं महाविद्यालय के हिंदी विभाग से रोली देवी, आदर्श शुक्ला, अरविंद कुमार, लक्ष्मी देवी एवं जानकी देवी नेट की परीक्षा में सफल हुए। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव ने दी। महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र के अध्यक्ष एवं सदस्यों तथा प्राचार्य ने छात्रों की सफलता पर हर्ष जताया तथा बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। छात्रों की सफलता पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने हर्ष जताया तथा सफल छात्रों को बधाई दी।

## खाद, यूरिया और बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

बिसवां नगर (सीतापुर)। जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर नगर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सिंह चैहान व नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा की अगुवाई में राज्यपाल को संबोधित उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार बिसवां को सौंपा गया। जिसमें मांग की गई है कि वर्तमान में किसानों को यूरिया, खाद की आवश्यकता है जो उसे नहीं मिल रही है। इफको केंद्र समितियां व प्राइवेट दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद नहीं पहुंच रही है। जिससे किसान परेशान है। साथ ही गांव में बिजली की आपूर्ति भी नहीं हो रही है। जिससे किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। ज्ञापन में लिखा गया है कि भाजपा सरकार किसानों की आय दुगनी करने की बात करती है। जो पूर्ण रूप से खोखला साबित हो रही है। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में सेवता प्रभारी नरेश चंद्र गौड़, ब्लॉक अध्यक्ष बकरीदी खान, प्रदेश आईटी सेल के महासचिव रजनीश मिश्रा एडवोकेट, करीम अंसारी, रमेश चंद्र गौड़, अब्दुल मुजीब सिद्दीकी, अजीत बाजपेई, तेज प्रताप, मुजीबुर्रहान सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।

## पांच दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी

सफीपुर, उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने करीब आधा दर्जन दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें पांच दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी के उर्वरक दुकानों के औचक निरीक्षण की सूचना से उर्वरक दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान श्री चौधरी ने प्रतिष्ठानों पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड, वितरण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, कैश मेमो आदि की जांच की। जिसमें अनियमितता पाए जाने के स्थिति में शिवम्खाद भंडार परियर रोड सफीपुर, आर पी वर्मा खाद भंडार सफीपुर, दुकान बंद किए जाने पर शर्मा खाद भंडार सकहन राजपूताना सफीपुर, जय बालाजी खाद भंडार, सकहन राजपूतान, हरिओम खाद भंडार, शुक्ला खाद भंडार मिजार्पुर को कारण बताओ नोटिस दिया गया। साथ ही जिला कृषि अधिकारी ने समस्त विक्रेताओं को निर्देशित किया कि नियमानुसार उर्वरक की बिक्री करें। दुकान पर रेट, बोर्ड स्टॉक बोर्ड कैश मेमो वितरण रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाए व संस्तुत मात्रा का बैनर अपने प्रतिष्ठान पर लगवाए। प्रतिष्ठान बंद न करें, उर्वरक का वितरण निर्धारित मूल्य पर ही कृषकों को करे। किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उर्वरक संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु कंट्रोल रूम नंबर 78398 2173,9214848105 पर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दर्ज करा सकते हैं।



## विद्युत संगठनों के निजीकरण के खिलाफ आंदोलन को मानवाधिकार संरक्षण का समर्थन

मीरजापुर। अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण इकाई के दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी ने बिजली विभाग फतहां पर चल रहे कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति एवं राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन मिजार्पुर द्वारा विद्युत विभाग के निजीकरण के खिलाफ एवं प्रबंधन के तानाशाही रवैया के खिलाफ चल रहे धरना प्रदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट एवं जिला अध्यक्ष जयप्रकाश सेठ के नेतृत्व में धरना स्थल पर जाकर संगठन का समर्थन पत्र सौंपते हुए आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया। अपना समर्थन पत्र आंदोलन के संयोजक इंजीनियर दीपक पटेल एवं अध्यक्ष इंजीनियर राम सिंह को सौंप कर अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया।

## 14 गायब मोबाइल बरामद

जौनपुर। थाना लाइनबाजार पुलिस द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर सुजीत मौर्या व राहुल साहू सीसीटीएनएस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गगायब मोबाईल को बरामद करते हुए आवेदक को सौपा गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने बरामद मोबाइल के बारे में बताया कि रियल मी मोबाइल सुनील गुप्ता निवासी हुसैनाबाद, सैमसंग , शैलजा मिश्रा निवासी सिविल लाइन , रियलमी , वर्षा यादव निवासी बेलवारामसागर , वीवो नीरज कुमार निवासी सिरकोनी थाना जलालपुर , रियलमी जिज्ञासा गुप्ता निवासी थाना मछलीशहर बाजार जौनपुर, मोटोरोला अमित राजभर निवासी आरा थाना गौराबादशाहपुर , इन्फिनीक्स आशुतोष यादव निवासी गुनौली थाना चंदवक , रेडमी- निर्देश संतोषी लखनपुर थाना लाइन बाजार , ओप्पो अजीत यादव निवासी कन्धरपुर थाना लाइन बाजार , वनप्लस शैलेश सरोज निवासी , वन प्लस- पिंकी यादव निवासी मुरादगंज , वीवो- आनन्द सिंह निवासी प्रयागराज, पोको- खुशबु बिन्द निवासी पोरई खुर्द थाना खेतासराय , सैमसंग अंजली सिंह निवासी भूपतपट्टी आदि को सौपा गयां।

# हिंदी भारत की लोकभाषा है : आशीष मिश्रा

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में आज हिंदी सभा के पूर्व संरक्षक स्व रमारमण त्रिवेदी के जयंती आयोजन पर साहित्यकारों का सम्मान व परिचर्चा का आयोजन हुआ साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हिंदी सभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ रमेश मंगल वाजपेयी को स्व रमारमण स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया।

अमिताभ त्रिवेदी गुड्डू व सभा अध्यक्ष आशीष मिश्र ने उन्हें उत्तरीय पहना कर व डॉ सुनील सारस्वत व रजनीश मिश्र ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आयोजिय परिचर्चा ह्य देश को एक सूत्र में पिरोती है हिंदी फिर विवाद क्यों पर बोलते हुए हिंदी सभा अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा अगर कोई एक भाषा देश को एकता के सूत्र में पिरो सकती है, तो वह सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा, हिंदी है। हिंदी भाषा भारत की एकता और सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसके प्रचार-प्रसार में संतुलन की आवश्यकता है। साहित्यकार अरुणेश मिश्र ने कहा सियासती विरोध अक्सर क्षेत्रीय अस्मिता और भाषाई विविधता की रक्षा के नाम पर उभरता है, लेकिन यह विरोध कई बार राजनीतिक लाभ के लिए भी किया जाता है। हिंदी को अनिवार्य बनाने के बजाय इसे स्वैच्छिक और आकर्षक बनाना अधिक प्रभावी हो सकता है। सरकार को चाहिए कि वह हिंदी के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषाओं के विकास को प्रोत्साहित करे, ताकि भाषाई विवादों को कम किया जा सके। खण्ड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा हिंदी की प्रगति के लिए शिक्षा, तकनीक, और मीडिया में इसके उपयोग को बढ़ावा देना होगा। साथ ही, क्षेत्रीय भाषाओं के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए एक समावेशी भाषा नीति अपनानी होगी, जो भारत की बहुभाषी प्रकृति का सम्मान करे। साहित्यकार उदय प्रताप त्रिवेदी ने हिंदी भाषा की संवैधानिक स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को अनुच्छेद 343(1) के अंतर्गत अंग्रेजी के साथ देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया। अनुच्छेद 351 केंद्र सरकार को हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश जारी करने की शक्ति देता है। हिंदी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची की 22 भाषाओं में से एक है। हिंदी भारत की विभिन्न भाषाओं और बोलियों को जोड़ने वाली संपर्क भाषा के रूप में कार्य करती है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता डॉ रमेश मंगल वाजपेयी ने कहा महात्मा गांधी ने 1917 में हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाने की वकालत की थी, क्योंकि यह अधिकांश भारतीयों द्वारा समझी जाती है और आर्थिक, धार्मिक, और राजनीतिक संवाद के लिए उपयुक्त है।। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने हिंदी को ह्यमहानदीह्य की संज्ञा दी, जो भारतीय भाषाओं की नदियों को एकजुट करती है। कार्यक्रम का संचालन सभा महामंत्री रजनीश मिश्र ने किया । इस अवसर पर अमिताभ त्रिवेदी , रईस अहमद, भगवती गुप्ता, उदय प्रताप त्रिवेदी, सतीश वर्मा, अरुणेश मिश्रा पूनम चतुवेर्दी, कमलेश पांडेय ,डॉ सुनील सारस्वत, गुरुशरण त्रिपाठी, अनुपमा अवस्थी, अनिल त्रिवेदी, अंकित त्रिवेदी, जी एल गांधी, राज बहादुर वर्मा,अवधेश शुक्ला, रामकिशोर श्रीवास्तव, गीता श्रीवास्तव, सीमा मिश्रा, प्रमिला बंसल, खण्ड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार, विनीत दीक्षित, गुड्डू शुक्ला, अतुल त्रिवेदी, भानु , पंकज अग्निहोत्री आदि लोग शामिल रहे।

## बिना पहचान के नहीं होगा परीक्षा में प्रवेशः डीएम

जौनपुर। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा 27 जुलाई को रविवार के दिन आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एक पाली में आयोजित होगी। जिले के 47 परीक्षा केंद्रों पर कुल 22,176 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा को पारदर्शी, नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए 47 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 47 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने आयोग के दिशा-निदेशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर सीटिंग प्लान पूर्व में ही चेक कर ले, परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधा सुनिश्चित की जाए जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार असुविधा का सामना न करना पड़े।

## युवाओं को विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की महती जरूरतः स्वामी आत्मश्रद्धानंद



उन्नाव। स्थानीय डीएसएन कॉलेज रोड, एबी नगर स्थित ब्रिलियंट इंटर कालेज में रामकृष्ण मिशन कानपुर के सचिव श्रद्धेय स्वामी आत्मश्रद्धानंद जी का परम पूज्य स्वामी विवेकानंद जी के बताए गए आदर्शो पर आधारित, विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन मंगलवार को प्रातः 11 बजे से किया गया। स्वामी आत्मश्रद्धानंद ने बताया कि आज के युवाओं को विवेकानंद के आदर्शो से प्रेरणा लेकर उस मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। विश्वव्यापी और सुप्रसिद्ध रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की एक शाखा है, जिसका मुख्यालय बेलूर मठ, हावड़ा, पश्चिम बंगाल में है। इस संघ की स्थापना स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु के नाम पर की थी; क्योंकि श्री रामकृष्ण सभी धर्मों का पुनर्गठन, आधुनिकीकरण और पुनरुद्धार करके विश्व में सद्भाव स्थापित करने आए थे। एक शताब्दी से भी अधिक समय से, रामकृष्ण संघ को आध्यात्मिकता पर आधारित अपने मानवीय और अन्य कार्यों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाता रहा है। कानपुर में आश्रम की शुरूआत राजा मंजिल, बिराना रोड पर 1920 के दशक में स्वामीजी द्वारा परिकल्पित और प्रदर्शित श्री रामकृष्ण के आदर्शों से प्रेरित युवाओं के एक समूह द्वारा की गई थी। 1931 में बेलूर मठ के मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया। संस्थाना अपने 100 वर्ष पूर्ण होने पर जगह जगह सेमिनार का आयोजन कर युवाओं को विवेकानंद जी के जीवन के विषय में बताया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंधक विष्णु मिश्र के सहयोग से हुआ। इस दौरान चंद्र मौली मिश्र, राहुल तिवारी, सुरेश मिश्र, अशोक दीक्षित आदि उपस्थित थे।

# कुशल श्रम की जरूरत

बदलते सामाजिक, आर्थिक और प्रौद्योगिकी के परिदृश्य के साथ शिक्षा, समाज और युवाओं का तालमेल जरूरी है। आज देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड जैसे राज्यों में जिस तरह उच्च शिक्षा की दशा खराब है उसके कारण बेरोजगारी बढ़ रही है। यहां युवा बीए, एमए जैसी डिग्रियों पर सालों बर्बाद कर देते हैं और फिर सरकारी नौकरी की प्रतियोगिता देते-देते चालीस वर्ष पार हो जाते हैं। इस उमर में अगर उनको सरकारी नौकरी मिल भी जाये, तो ज्यादातर देश के लिए उत्पादक होने के बजाय सरकारी संसाधनों पर बोझ ही साबित होते हैं। ऐसे में सरकार को अपनी युवा शक्ति के सम्यक उपयोग के लिए बेमतलब की एमए की डिग्रियां बांटने वाली फैक्ट्रियों पर ताला लगाना चाहिए और छात्रों को कक्षा बारह से ही औद्योगिक, व्यवसायिक और तकनीकी शिक्षा के जरिए युवाओं को स्किल्ड करना चाहिए। स्किल्ड युवा सरकारी संसाधनों पर भार नहीं बनेगा। अगर वह सरकारी सेवा में जायेंगे तो उत्पादक होंगे और निजी क्षेत्र में जायेंगे तो वहां भी




उसके लिए अवसर होंगे। कुशल युवा उद्यमिता की तरफ जाता है, तो कई और लोगों को रोजगार से जोड़ेगा। इसलिए सरकार को अधिक से अधिक युवाओं को स्किल्ड करना चाहिए। बेरोजगारी का समाधान स्किल्ड युवा है न कि सरकारी नौकरियां। इस संदर्भ में भारत सरकार लंबे समय से स्किल इंडिया मिशन चला रही है और अब तक करोड़ों छात्रों को स्किल ट्रेनिंग भी दे चुकी है, लेकिन इसका कोई विशेष लाभ देखने में नहीं आया है। कारण की जब सरकारी मिशन होते हैं तो उनका संचालन एनजीओ और प्राइवेट लोगों की भागीदारी से होता है। ऐसे में सरकारी बजट को एनजीओ और सरकारी अधिकारी मिलकर गटक जाते हैं। इस तरह स्किल इंडिया मिशन सिर्फ सरकारी पैसे का वारा-न्यारा करने का जरिया बन कर रहा गया है। इसमें युवाओं को कोई खास स्किल हासिल नहीं हो रहा है। हाल के वर्षों में टाटा, महिन्द्रा जैसी तमाम बड़ी कंपनियां युवाओं को स्किल करने के लिए जो प्रयास कर रही हैं उसके जरूर बेहतर परिणाम निकलेंगे। कारपोरेट जगत के साथ मिल कर देशभर में युवाओं को रोजगार के काबिल बनाने और इंडस्ट्रियल स्किल्स बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत देश के 1,000 इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अर्थात आईटीआई को अपग्रेड किया जाएगा। इस काम के लिए केंद्र सरकार करीब 60,000 करोड़ खर्च करेगी। इस योजना में शामिल होने के लिए कई बड़ी भारतीय और विदेशी कंपनियां सरकार से बातचीत कर रही हैं। अब तक 12 से ज्यादा कंपनियों ने इसमें रुचि दिखाई है। इनमें से 8 प्रमुख कंपनियों में रिलायंस ग्रुप, अदाणी ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, जेके सीमेंट, जिंदल ग्रुप, टोयोटा इंडिया, श्नाइडर इलेक्ट्रिक और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील ने उन राज्यों और सेक्टर्स की जानकारी दी है, जहां वे हब एंड स्पोक आईटीआई बनाना चाहती हैं। इसके अलावा, लार्सन एंड टूब्रो बजाज ऑटो, आदित्य बिड़ला ग्रुप और कुछ सरकारी कंपनियों जैसे बीएचईएल, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से भी सरकार की बातचीत चल रही है। सरकारी और निजी भागीदारी के इस मॉडल में कुछ बड़े आईटीआई को हब बनाया जाएगा, जहां अत्याधुनिक ट्रेनिंग और सुविधाएं मिलेंगी। वहीं छोटे आईटीआई इन हब से जुड़े होंगे। इससे हर क्षेत्र में बेहतर और एक जैसी क्वालिटी वाली ट्रेनिंग दी जा सकेगी, जो लोकल उद्योगों की जरूरतों के अनुसार होगी। जो कंपनियां जिस क्षेत्र में काम कर रही हैं उस क्षेत्र में स्किल युवा तैयार करेंगी। इससे कंपनियों को भी कुशल कामगार मिलेंगे जिससे उनको भी लाभ होगा। इसलिए सरकार को कारपोरेट समूहों के साथ मिलकर कंस्ट्रक्शन, ऑटोमोबाइल, फाइनेंस, हेल्थ, हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स, एशिएशन, फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में कुशल कामगार तैयार करना चाहिए। इससे देश में बेरोजगारी की समस्या का प्रभावी समाधान होगा, उद्योग जगत को ट्रेंड युवा मिलेंगे जिससे उनकी उत्पादकता और मुनाफे में सुधार होगा।

## विचार

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

# जगदीप धनकड़ का इस्तीफा सेहत या सियासत


विजय कपूर

> धनकड़ ने मानसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन किया था और सदन के पांच नये सदस्यों को शपथ भी दिलायी थी। हालांकि एम्स, दिल्ली में हाल ही में 74-वर्षीय धनकड़ ने एंजियोप्लास्टी करायी थी, इसलिए बहुत मुमकिन है कि वह वास्तव में अपनी सेहत को वरीयता देना चाहते हों, वैसे भी सदन का संचालन काफी तनाव पूर्ण होता है, लेकिन उनके अचानक इस्तीफे ने सरकार व विपक्ष को आश्चर्य में डाल दिया है।

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई 2025 को आरम्भ हुआ, उससे पहले तक ऐसे कोई संकेत नहीं थे कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं बल्कि उन्होंने मानसून सत्र के पहले पूरे दिन राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन किया। इसलिए सोमवार की शाम को जब उन्होंने स्वास्थ्य के आधार पर अपने इस्तीफे की घोषणा की तो सियासी गलियारे में यह हलचल हो गई कि अचानक ऐसा क्या हुआ कि 'मेडिकल' कारण बताते हुए उपराष्ट्रपति ने अपने पद से तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे दिया? क्या उनके त्यागपत्र के पीछे कोई राजनीतिक या अन्य वजह है? या वास्तव में स्वास्थ्य चिंताएं ही हैं, जैसा कि वह स्वयं कह रहे हैं? बहरहाल, 'मेडिकल कारणों व अपनी सेहत को वरीयता देने' का हवाला देते हुए धनकड़ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे अपने पत्र में लिखा है कि संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के तहत उनका इस्तीफा तुरंत प्रभाव से लागू होता है। अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति का पद संभालने वाले धनकड़ ने अपने त्यागपत्र में यह भी लिखा, 'भारत की उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति और अप्रत्याशित घातांकीय विकास को देखना व उसमें हिस्सा लेना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। इस परिवर्तनीय युग में काम करना वास्तव में सम्मानजनक था।'

धनकड़ के इस्तीफा देने से 60 दिन की खिड़की खुल गई है, जिस दौरान नये उपराष्ट्रपति को चुना जाना है। इस बीच राज्यसभा के उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह, जिनकी नियुक्ति अगस्त 2022 में हुई थी, उच्च सदन के सभापति का अस्थायी रूप से कार्यभार संभालेंगे। अपने कार्यकाल के बीच में इस्तीफा देने वाले धनकड़ तीसरे उपराष्ट्रपति हैं। राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के आकस्मिक निधन (3 मई 1969) के बाद उपराष्ट्रपति वीवी गिरि कार्यवाहक राष्ट्रपति बने थे, लेकिन उन्होंने स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने के लिए 2 जुलाई 1969 को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। वह अपना कार्यकाल पूरा न करने वाले पहले उपराष्ट्रपति बने। उनके बाद बीच कार्यकाल में उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत ने 21 जुलाई 2007 को अपने पद से इस्तीफा दिया, क्योंकि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए की प्रत्याशी प्रतिभा



पाटिल से राष्ट्रपति का चुनाव हार गये थे। शेखावत के इस्तीफे के बाद 21 दिन तक उपराष्ट्रपति का पद खाली रहा, मुहम्मद हामिद अंसारी के इस पद पर चुने जाने से पहले। इन तीनों ने जुलाई माह में ही क्यों इस्तीफा दिया? यह सोचने की बात है। ध्यान रहे कि आर वेंकटरमण, शंकर दयाल शर्मा और केआर नारायण ने भी उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था, लेकिन राष्ट्रपति चुने जाने के बाद। आधिकारिक तौर पर 'मेडिकल ग्राउंड्स' के आधार पर इस्तीफा देने वाले धनकड़ पहले उपराष्ट्रपति हैं। कृष्णकांत एकमात्र उपराष्ट्रपति रहे जिनका पद पर रहते हुए निधन हुआ। उनका निधन 27 जुलाई 2002 को हुआ था।

**विमर्श**

धनकड़ ने मानसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन किया था और सदन के पांच नये सदस्यों को शपथ भी दिलायी थी। हालांकि एम्स, दिल्ली में हाल ही में 74-वर्षीय धनकड़ ने एंजियोप्लास्टी करायी थी, इसलिए बहुत मुमकिन है कि वह वास्तव में अपनी सेहत को वरीयता देना चाहते हों, वैसे भी सदन का संचालन काफी तनावपूर्ण होता है, लेकिन उनके अचानक इस्तीफे ने दोनों सरकार व विपक्ष को आश्चर्य में डाल दिया है। यहां एक बात का जिक्र करना आवश्यक है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश (जेपी) नड्डा ने मानसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा में बोलते हुए एक बहुत ही अजीब बात कही, जो सदन के प्रोटोकॉल के विरुद्ध तो थी ही, लेकिन उसमें अहंकार व तानाशाही की गंध भी आ रही थी। उन्होंने कहा कि जो कुछ वह कह रहे हैं, केवल वह ही सदन की रिकॉर्डिंग में जायेगा और कुछ नहीं जायेगा। आमतौर से धनकड़ बहुत वोकल रहते हैं, लेकिन नड्डा के इस बयान पर उन्होंने कुछ नहीं कहा। गौरतलब है कि सदन की रिकॉर्डिंग में क्या रहेगा और क्या नहीं रहेगा, यह तय करने का अधिकार राज्यसभा में सभापति का और लोकसभा में स्पीकर का होता है। सदस्य केवल उनसे आग्रह कर सकते हैं कि फलां फलां बात को सदन की रिकॉर्डिंग में शामिल न किया जाये। यह सही है कि विपक्ष हमेशा यह आरोप लगाता है कि धनकड़ बीजेपी का पक्ष लेते हैं, ऐसे कार्य करते हैं जैसे उसके कार्यकर्ता हों और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहते हुए भी उन्होंने यही काम किया, जिसके ईनाम में उन्हें उपराष्ट्रपति का पद दिया गया। विपक्ष का यह भी आरोप है कि धनकड़ न्यायपालिका की आलोचना भी इन्हीं कारणों से करते हैं। विपक्ष के इन आरोपों का यहां न खंडन है और न समर्थन क्योंकि लोकतंत्र में कानून के दायरे में रहते हुए हर किसी को बोलने व आलोचना करने का अधिकार है। लेकिन सवाल यह है कि नड्डा जब धनकड़ के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहे थे, तो धनकड़ खामोश क्यों रहे? धनकड़ बहुत भावुक व्यक्ति हैं। ज्ञात रहे कि मोदी सरकार 2.0 के आखिरी शीतकालीन सत्र में जब राज्यसभा व लोकसभा के 78 सांसदों को निलम्बित कर दिया गया था तो यह सभी सांसद संसद भवन की सीढ़ियों पर बैठकर निलम्बन का विरोध कर रहे थे। तभी अचानक से तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी खड़े होकर धनकड़ की सदन संचालन के तरीके की मिमिक्री करने लगे, जिसका वीडियो बनाते हुए राहुल गांधी हंस रहे थे। इस पर धनकड़ ने न सिर्फ अपनी नाराजगी व्यक्त की थी बल्कि मजाक बनाने वाले नेताओं को सद्बुद्धि के लिए ईश्वर से कामना भी की थी। ..तो सवाल यह भी उठ रहे हैं कि कहीं नड्डा के विवादित बयान से आहात होकर धनकड़ ने भावुकता में आकर तो इस्तीफा नहीं दे दिया? बहरहाल, राज्यसभा के सभापति के रूप में धनकड़ का कार्यकाल काफी हंगामों से भरा रहा। अनेक अवसरों पर विपक्ष और धनकड़ के बीच गंभीर टकराव हुए और एक बार तो विपक्ष उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव भी लाया।

स्वतंत्र भारत में यह पहली बार था कि उपराष्ट्रपति को पद से हटाने का प्रयास किया गया। प्रस्ताव को बाद में, जैसा कि उम्मीद थी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने ठुकरा दिया था। धनकड़ और जया बच्चन व संजय सिंह से हुए उनके विवाद सर्वविदित हैं। विपक्ष ने जब सदन के भीतर व बाहर धनकड़ का विरोध किया था, तो धनकड़ ने उसे पूरी जाट बिरादरी के अपमान से जोड़ने का प्रयास किया था। खैर, धनकड़ का इस्तीफा उस दिन हुआ जिस दिन राज्यसभा में आश्चर्यजनक घटनाएं हुईं। विपक्ष ने न्यायाधीश यशवंत वर्मा, जिनके सरकारी आवास के स्टोर से अधजले करंसी नोटों का जखीरा बरामद हुआ था, को हटाने का नोटिस दिया था, जिसका धनकड़ ने सदन में जिक्र किया। सरकार ने न्यायाधीश वर्मा के खिलाफ ऐसा ही नोटिस लोकसभा में भी दिया था और वह भी विपक्ष को अपने साथ लेते हुए। फिर विपक्ष ने राज्यसभा में अलग से नोटिस क्यों दिया?

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि धनकड़ के अचानक इस्तीफे ने सबको चैंका दिया है। चूंकि राजनीति में जो दिखायी देता है वह अक्सर होता नहीं, इसलिए अटकलों का बाजार गर्म है कि चौधरी देवीलाल के सेक्युलर स्कूल के छात्र धनकड़ को बीजेपी के अतिवादी वातावरण में घुटन महसूस होने लगी थी, बावजूद इसके कि उन्होंने विपक्ष के अनुसार बीजेपी का काफी 'अनुचित पक्ष' लिया, लेकिन यह भी हो सकता है कि धनकड़ वास्तव में अपने स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हों या पद त्यागने का उन्हें कहीं 'ऊपर से आदेश' मिला हो।

## सोशल मीडिया

विदेशी घुसपैठियों के फर्जी वोटों के दलदल से बिहार में सत्ता तलाशने की जुग में था इंडी गठ-बंधन, चुनाव आयोग की पारदर्शी पहल ने उसके सपनों में खलल डाल दिया। केशव प्रसाद मौर्य.



मोदी जी की कैबिनेट में बिहार से तीन ऐसे मंत्री हैं जो सावन में भी प्रतिदिन तीन किलो मटन खाते हैं, लेकिन दिखावटी तौर सनातन पर लंबा चौडा ज्ञान देते रहते हैं। तेजस्वी यादव.



हवलदार मेजर पीरू सिंह के बलिदान दिवस पर हार्दिक श्रद्धांजलि। 1948 के तिथवाल युद्ध में उनका बेमिसाल शौर्य और बलदान सेना की बेहतरीन परंपराओं को दर्शाता है। राजनाथ सिंह.



# ईश्वरीय शक्तियां

**अंतर्दृष्टि**

जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# झूठ बोलने की कला....

**व्यंग्यलोक**

झूठ बोलने के मामले में पड़ोस के वर्मा जी की कला भी बहुत विशेष है। उनका बच्चा पांच वर्ष से मैट्रिक को लांघ नहीं पा रहा तथा प्रतिवर्ष अनुत्तीर्ण होने का गौरव प्राप्त करता है। परन्तु वर्मा जी उसे एम. ए. तक ले गये हैं। प्राइवेट परीक्षा दे रहा है। वे इससे बच्चे पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की चिंता नहीं करते। उन्हें अपने सम्मान तथा बच्चे की शादी में मिलने वाले दहेज की चिंता है। एक दिन मैंने उनसे मजाक में कहा-अमां, वर्मा जी, बच्चू को किसी ट्यूशन पर लगाओ। यह पंचवर्षीय योजना में भी कामयाब नहीं हो सका है। वर्मा जी ने हथियार डाल दिये-मैं बहुत शर्मिंदा हूँ। सच, इसने मुझे बहुत जलील किया है। आपसे क्या छिपाना? पढ़ाई में इसका तनिक भी ध्यान नहीं है। सिनेमा देखता है। बहुत ही अयोग्य व नालायक है। परन्तु करूं क्या? मैं सोचता हूँ, जमाना बैरी है। बंधु-बांधव एक-दूसरे की टांग खींचते हैं। शादी-विवाह नहीं होने देते। इसलिए झूठ का पाप करना पड़ता है। मैं बोला-झूठ क्यों बोलते हैं? कोई काम-धंधा शुरू करा दीजिए। काम करने लगेगा, तो पढ़ाई नहीं कर पाने का अभिशाप अपने आप धुल जायेगा। वे बोले- हां, अब यही सोच रहा हूँ। लेकिन कई बार परिस्थितियां झूठ बुलवाती हैं। वैसे झूठ बोलने वालों के श्रेणियों की कोई कमी नहीं है। एक झूठ बोलने वाले वे हैं, जो झूठ को पेशे के रूप में अपनाये हुए हैं। किसी भी कोर्ट-कचहरी का मामला हो, उन्हें किस्सा समझा दो। जो आप चाहेंगे वे वही बोलने लगेंगे। आंखों से देखा नहीं, कानों से सुना नहीं, और गीता, कुरान बाइबिल को हाथ लगाकर सारे झूठ को सत्य बना देंगे।


पूरन सरमा

चाहे किसी निर्दोष को जेल-जुर्माना या सजा ही क्यों न हो जाये। पन्नालाल जी का इस मामले में मुकाबला नहीं। एक बार मैंने उनसे कहा-पन्नालाल जी, छोड़िए भी अब! पान-बीड़ी-सिगरेट, चाय-नाश्ते में आप अपना ईमान बेच आते हैं। वे बोले- तो क्या करूं लाला, इस फटीचर ईमान का? खर्च निकल जाता है। पाप-पुण्य तो मैं जानता नहीं, परन्तु यह जरूर है कि झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ हैं, ताके हृदय आप, वाली बात चरितार्थ हो रही है। लेकिन आपकी छवि बड़ी धूमिल हो रही है इससे। आदमी को, अपने को कुछ बनाना भी चाहिए। मैंने कहा। पन्नालाल जी यह कह कर चले गये- अपनी छवि रखो अपने पास अच्छी नौकरी करते हो, दो नम्बर की कमाई आती है, इसलिए सत्यवादी हरिश्चन्द्र बनते हो। हमें सब पता है आप कितने पुण्य कर रहे हैं। दूसरे की रोजी-रोटी पर लात मारते आपको शर्म नहीं आती?

# घुमन्तू जनजातियों को विकास की धारा से जोड़ें




**समाज**

गगन शर्मा

विमुक्त, घुमन्तू और अर्द्ध-घुमन्तू जनजातियां वे समुदाय हैं जो ऐतिहासिक रूप से स्थायी आवास के बिना खाना बदोश जीवन व्यतीत करते रहे हैं। इनमें नट, बंजारे, गाड़िया लोहार, भांतू, बावरिया, सपेरा, कनजार, हबसी, परदेशी, खरवार, डोम, बघेल, रायकवार, काछी, पत्थरकटा जैसी कई उप-जनजातियाँ शामिल हैं। उत्तर प्रदेश जिस गति से विकास की नई इबारतें लिख रहा है, उसी अनुपात में कुछ वर्ग आज भी सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से उपेक्षित पड़े हैं। इन वंचित वर्गों में घुमन्तू जनजातियाँ सबसे प्रमुख हैं, जिनका जीवन संघर्ष, विस्थापन और सामाजिक उपेक्षा की त्रासद कहानी है। यह सच है कि सरकारें योजनाएँ बनाती हैं, बजट पास होते हैं, घोषणाएँ होती हैं, परन्तु सत्यता यह है कि घुमन्तू जनजातियाँ आज भी शहरों और गाँवों के किनारों पर अस्थायी टहनियों के झोंपड़े या खुले मैदानों में रहने को विवश हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, और सम्मान जनक जीवन जैसे मूल अधिकार इनके लिए अब भी दूर का सपना हैं। विमुक्त, घुमन्तू और अर्द्ध-घुमन्तू जनजातियाँ पहचान की तलाश में वो समुदाय हैं, जो अपने परंपरागत कौशल जैसे लोहारगीरी, काष्ठशिल्प, मिट्टी के बर्तन, गीत-संगीत, बांस कला, जड़ी-बूटी का ज्ञान से वर्षों तक समाज को सेवाएँ देते रहे, किन्तु न तो इन्हें सामाजिक सम्मान मिला और न ही सरकारी योजनाओं में ठोस सहभागिता।

आज भी यह समुदाय प्रशासनिक अभिलेखों में अस्पष्ट पहचान के साथ दर्ज है। न स्थायी निवास, न राशन कार्ड, न विद्यालय में प्रवेश और न ही चिकित्सा सुविधा। यदि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के अपने संकल्प को वास्तव में जमीन पर उतारना चाहती है, तो उसे विमुक्त, घुमन्तू और अर्द्ध-घुमन्तू जन जातियों के लिए एक पृथक और समर्पित कार्य योजना बनानी होगी। इसमें प्राथमिकता होः सर्वेक्षण और पहचान, जिले और तहसील स्तर पर इनकी संख्या, स्थान, परंपराएं, बीमारियाँ, और आजीविका का विस्तृत सर्वे हो। शिक्षा और स्वास्थ्य केंद्र - विमुक्त, घुमन्तू और अर्द्ध-घुमन्तू बच्चों और महिलाओं के लिए विशेष आवासीय विद्यालय, चिकित्सा शिविर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएं। आवास पुनर्वास योजना - प्रत्येक परिवार को न्यूनतम 60 वर्ग मीटर भूमि, एक कमरा, शौचालय, बिजली और पानी जैसी सुविधाएँ युक्त आवास मिलना चाहिए। कौशल विकास और बाजार से जुड़ाव - इनके पारंपरिक उत्पादों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर प्रशिक्षण दिया जाए और उत्पादों को सरकारी स्टोरों, प्रदर्शनियों और ऑनलाइन मंचों से जोड़ा जाए।

उत्तर प्रदेश सरकार यदि राजधानी लखनऊ से एक 'घुमन्तू जनजाति पुनर्वास परियोजना' की शुरूआत करे, तो यह पूरे प्रदेश के लिए एक मॉडल बन सकता है। समाज कल्याण, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास जैसे विभागों को एकजुट कर इस योजना को ₹बहुविभागीय मिशन मोड₹ में संचालित किया जा सकता है। नैतिक उत्तरदायित्व की माँग है कि केवल योजनाओं और घोषणाओं से नहीं, बल्कि जमीन पर उनके जीवन में परिवर्तन लाकर ही इनका उत्थान संभव है। यह केवल प्रशासनिक या राजनीतिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्व है कि हम इन मेहनतकश, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर समुदायों को सम्मान और अवसर प्रदान करें। आज आवश्यकता है एक सुनियोजित हस्तक्षेप की, जो इनकी पहचान लौटाए, स्वाभिमान जगाए और जीवन में स्थिरता लाए। जब तक विकास की धारा घुमन्तू जनजातियों तक नहीं पहुँचेगी, तब तक विकास अधूरा ही कहलाएगा। भारत जब विकसित देश बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ा रहा है, बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में दुनिया में सबसे तेज विकास कर रहा है, अब अगर देश का जनजातीय समाज बिना घर, शिक्षा और सामाज में उचित सम्मान के रहेगा, तो कैसे समावेशी भारत का सपना साकार होगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार घुमन्तु जनजातीयों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ें और उनके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार और आवासीय सुविधाओं की वाजिब व्यवस्था करे।

## आप की बात

### गरीबी उन्मूलन के प्रयास

देश में गरीबी उन्मूलन के प्रयासों का सार्थक परिणाम अब सामने आ रहा है। देश में तेजी से गरीबी घटी है और बीते नौ वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। बीते सालों में केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है और इस अनाज के लिए कार्ड धारकों को प्रति किलो गेहूं दो रुपये और प्रति किलो चावल तीन रुपये का भुगतान करना पड़ता है। 2020 में जब कोरोना आया और सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की जिसमें राशन कार्ड धारकों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले पांच किलो राशन के अतिरिक्त पांच किलो राशन और मुफ्त देने का फैसला किया था। उस समय एक किलो चना या दाल भी योजना के तहत दिया जाता था। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति को जिसके पास राशन कार्ड था, उसे महीने में दस किलो राशन फ्री मिलता रहा और फ्री राशन से कोरोना के दौरान गरीबों का चूल्हा जलता रहा। अगर यह योजना नहीं आयी होती तो संभव था कि कोरोना के दौरान जो आत्महत्या की घटनाओं की लगातार खतरें आ रही थीं, उसकी बाढ़ आ जाती। निःशुल्क राशन ने करोड़ों गरीबों के जीवन की रक्षा की है, इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। यह योजना अभी चल रही है और इससे गरीबी निवारण में बहुत मदद मिली है।

**प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### शिक्षा में सुधार की पहल

उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया है कि सरकारी स्कूलों में 40 लाख नामांकन बढ़ा है। यह अच्छी बात है। सरकारी शिक्षा पर व्यापक खर्च होता है। ऐसे में अगर छात्रों की संख्या बढ़ती है तो यह माना जा सकता है खर्च सही दिशा में हो रहा है। अब धीरे-धीरे शिक्षा में सुधार के प्रयास हो रहे हैं। बीते वर्षों में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कई प्राथमिक पाठशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कक्षा तीन के विद्यार्थी से कुछ पढ़ने के लिए कहा, तो विद्यार्थी रटा-रटाया अध्याय पढ़ने लगा। सीएम ने जब दूसरा अध्याय पढ़ने के लिए कहा तो विद्यार्थी हिचकिचाने लगा। इस पर सीएम ने शिक्षक से कड़ी नाराजगी भी जतायी थी और शिक्षा को सुधारने की सख्त नसीहत भी दे रखी थी। मुख्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान जो अनुभव हुआ वह प्राथमिक शिक्षा की हकीकत थी। प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है और जो शिक्षक हैं भी वे शिक्षण कार्य में रुचि नहीं लेते हैं। हालांकि शिक्षकों की भर्ती हुई भी है लेकिन अभी भी शिक्षकों की कमी है। प्रदेश में लाखों युवक शिक्षण की योग्यता रखते हैं लेकिन उनको मौका नहीं मिलता है। अगर सबको रोजगार से जोड़ा जाये तो शिक्षा भी दुरुस्त होगी और रोजगार भी मिलेगा। शिक्षा के बिना विकसित भारत की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। इसलिए देश में शिक्षा सुधारों को तेजी के साथ आगे बढ़ाना चाहिए।

**गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, लखनऊ.**

संक्षेप

## कोटक और इंडिगो का को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स लॉन्च

मुंबई। कोटक महिंद्रा बैंक और इंडिगो ने मिलकर एक आकर्षक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स की श्रृंखला को फिर से लॉन्च किया है। ये कार्ड्स इंडिगो एयरलाइंस के नए लॉयल्टी प्रोग्राम, इंडिगो ब्लूचिप द्वारा पावर्ड है। चाहे आप बार-बार यात्रा करने वाले हों या अपनी अगली छुट्टी की योजना बना रहे हों, ये कार्ड आपके रोजमर्रा के खर्च को यात्रा पुरस्कारों में बदलने के लिए डिजाइन किए गए हैं। रोजमर्रा के यूजर्स के लिए आदर्श, जो यात्रा लाभ और दैनिक सुविधा चाहते हैं। ग्राहक सालाना 6 लाख रुपये खर्च करने पर 30,000 से अधिक ब्लूचिप्स कमा सकते हैं, जिसमें माइलस्टोन्स, यात्रा, भोजन, मनोरंजन आदि पर फौरन पुरस्कार शामिल हैं। कोटक में, हमें इंडिगो के साथ अपनी पुरानी साझेदारी को और मजबूत करके गर्व हो रहा है, जिसने लाखों भारतीयों के लिए यात्रा को आसान और बेहतर बनाया है। यह साझेदारी एक साझा लक्ष्य पर आधारित है - रोजमर्रा की बैंकिंग को और फायदेमंद बनाना और यात्रा को सभी के लिए आसान करना।

## उत्तर प्रदेश में 'सर्व सेफ फूड' का विस्तार

लखनऊ। नेस्ले इंडिया ने उत्तर प्रदेश में सर्व सेफ फूड परियोजना के तहत अपने प्रयासों को और आगे बढ़ाया है। कंपनी ने फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया के साथ मिलकर आगरा, गोरखपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, नोएडा और वाराणसी जैसे शहरों में 3,700 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण देना जारी रखा है। इसके साथ ही राज्य में अब तक प्रशिक्षित विक्रेताओं की कुल संख्या 12,700 से अधिक हो गई है। अब तक सर्व सेफ फूड परियोजना के तहत देश के 26 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों में 92,800 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के तहत उन्हें स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, कचरा निपटान और उद्यमिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य विक्रेताओं को सुरक्षित भोजन की सही जानकारी देना है ताकि वे ग्राहकों को बेहतर और सुरक्षित सेवाएं दे सकें और अपने व्यवसाय को सशक्त बना सकें।

## आईडीबीआई बैंक ने जारी किये पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम

बंगलुरु। आज आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के लिए अपने नतीजों की घोषणा कर दी। बैंक ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 17% की मजबूत वाईओवाई वृद्धि के साथ रुपये 2,007 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। परिचालन लाभ रुपये 2,354 करोड़ रहा। एनआईएम 3.68% तथा ब्याज से होने वाली शुद्ध आय रुपये 3,166 करोड़ रही। 2026 की पहली तिमाही के लिए जमा लागत 4.84% थी, जो 2025 की पहली तिमाही के लिए 4.58% थी। शुद्ध एनपीए, जो 30 जून 2024 को 0.23% था, वह घटकर 0.21% रह गया। सकल एनपीए, जो 30 जून 2024 को 3.87% था, वह घटकर 2.93% रह गया। पीसीआर, जो 30 जून 2024 को 99.34%, वह कम होकर 99.31% हो गया।


## मानसून में ईवी नेटवर्क को सुरक्षित रखने के आसान तरीके

बंगलुरु। जैसे-जैसे भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर तेजी से बढ़ रहा है, बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर इसकी मजबूत नींव बनते जा रहे हैं खासकर ईवी दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए, जो अंतिम दूरी की कनेक्टिविटी में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मानसून में सुरक्षित संचालन के लिए, टियर 2 और 3 शहरों के बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग स्टेशन ऑपरेटर्स के लिए 5 आसान सुझावः मानसून से पहले स्टेशन की पूरी जांच करें। बारिश शुरू होने से पहले स्टेशन की पूरी तरह से जांच करें। ढीले बिजली कनेक्शन या खुले तारों को चेक करें। डीबी बॉक्स और वायरिंग पाइप के आसपास वाटरप्रूफिंग में कोई कमी हो तो उसे ठीक करें। छत की नालियों, पाइपों और ड्रेनेज को साफ रखना भी जरूरी है, ताकि पानी जमा न हो।

## एसबीआई कार्ड और फोनपे की साझेदारी

बंगलुरु। एसबीआई कार्ड ने आज फोनपे के साथ मिलकर फोनपे एसबीआई कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। इस नये को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य रोजमर्रा के खर्चों पर एक फायदेमंद अनुभव प्रदान करना है, जिसे पूरे भारत में ग्राहकों की बढ़ती वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

# सेंसेक्स में 13.53 अंकों की गिरावट



मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मंगलवार को लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। फौरन सामान पहुंचाने वाली कंपनियों और निजी बैंकों के शेयरों में आई तेजी का असर तेल एवं गैस और आईटी कंपनियों के शेयरों में हुए नुकसान के कारण जाता रहा।

बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 13.53 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,186.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 337.83 अंक तक चढ़ गया था, लेकिन बाद में यह अपनी बढ़त गंवा बैठा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 29.80 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,060.90 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि एक अगस्त की समयसीमा से पहले अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर स्पष्टता की कमी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की मुनाफावसूली से बाजार धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जामैटो) में सबसे ज्यादा 10.56 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बाजार की नजरें कंपनियों के तिमाही नतीजों पर लगी हुई हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की एक अगस्त की समयसीमा करीब आने से दो दिन से जारी तेजी थम गई। पहली तिमाही के बेहतर नतीजे प्रीमियम मूल्यांकन का दौर कायम रखने के लिए जरूरी हैं, लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार पर दबाव बना हुआ है। मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.62 प्रतिशत गिर गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.17 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में से रियल्टी खंड में सर्वाधिक 1.01 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि दूरसंचार खंड में 0.87 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.78 प्रतिशत का नुकसान रहा। बाजार एक दायरे में बना रहा और कमोबेश स्थिर बंद हुआ। यह मिले-जुले संकेतों के बीच एक ठहराव को दर्शाता है। दरअसल, बाजार को किसी स्पष्ट दिशा का इंतजार है। एशिया के अन्य बाजारों में, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए।

# रुपया पांच पैसे कमजोर होकर 86.36 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर व्याप्त अनिश्चितता के बीच मंगलवार को रुपया अपनी शुरुआती बढ़त गंवाकर पांच पैसे की गिरावट के साथ 86.36 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।


विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अब सभी की निगाहें भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजों पर टिकी हैं। भारतीय निर्यात पर संभावित अमेरिकी शुल्क लागू होने की एक अगस्त की समयसीमा नजदीक आ रही है। अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दिया, जबकि विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों के नकारात्मक रुख ने रुपये पर दबाव डाला और इसकी बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.26 पर खुला और कारोबार के दौरान 86.22 के उच्चस्तर तक गया और 86.41 के निचले स्तर तक आया। कारोबारी सत्र के अंत में रुपया अपने पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट के साथ 86.36 (अस्थायी) पर बंद हुआ। सोमवार को रुपया 15 पैसे की गिरावट के साथ 86.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। ऐसा लगता है कि व्यापार वार्ता को देखते हुए रुपया थोड़े नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निचले स्तरों पर रुपये को समर्थन मिल सकता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर अधिकारी स्तर पर पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। ऐसा न हो पाने की स्थिति में भारतीय निर्यातकों को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है जिससे रुपये पर दबाव आ सकता है। चौधरी ने कहा कि डॉलर-रुपया हाजिर भाव 86.10 से 86.65 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत गिरकर 97.82 पर आ गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड भी वायदा कारोबार में 0.94 प्रतिशत गिरकर 68.56 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# सोना फिर एक लाख रुपये के पार चांदी में 3,000 रुपये की उछाल

नयी दिल्ली। स्टॉकिस्ट की मजबूत लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1000 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को फिर से लांघ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत चार सप्ताह के उच्चतम स्तर 100,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछला बंद भाव 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले, 19 जून को सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1000 रुपये बढ़कर 99,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबार में यह 98,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तरह, मंगलवार को चांदी की कीमतें भी 3,000 रुपये बढ़कर।,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। सोमवार को चांदी 111,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 0.28 प्रतिशत घटकर 3,387.42 डॉलर प्रति औंस रह गया। कॉमेक्स में सोने का कारोबार 3,395 डॉलर से 3,383 डॉलर के बीच एक सीमित और अस्थिर दायरे में हुआ।

# गरीब-समर्थक, उद्योग-अनुकूल नीतियां एआई के युग में भी प्रासंगिक



नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत की गरीब-समर्थक और उद्योग-अनुकूल नीतियां कृत्रिम मेधा (एआई) के युग में भी प्रासंगिक हैं।

उन्होंने कहा कि ये नीतियां रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। केंद्रीय मंत्री ने एक औद्योगिक संबंध सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के महान राजनीतिक रणनीतिकार चाणक्य का उल्लेख किया और कहा कि महान नेता व्यापार को बढ़ावा देते हैं, जिसके चलते धन सृजन, रोज़गार सृजन और कर संग्रह में वृद्धि होती है। उन्होंने चाणक्य के प्राचीन ज्ञान का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार कर राजस्व का उपयोग गरीबों और वंचितों के कल्याण और उत्थान के लिए कर सकती है। उन्होंने कहा कि लगभग दो हजार साल पहले चाणक्य ने बताया था कि कैसे कर राजस्व गरीब किसानों और समाज के अन्य वर्गों की मदद कर सकता है। मांडविया ने व्यवसायों को चलाने के लिए जरूरी श्रमिकों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि व्यवसाय केवल कच्चे माल, तकनीक या कृत्रिम मेधा (एआई) से नहीं चल सकते, बल्कि श्रमिकों की हमेशा जरूरत रहेगी। एआई या तकनीक से डरने की कोई जरूरत नहीं है... इसे चलाने के लिए कार्यबल की आवश्यकता होगी... टेलीफोन आया, उसके बाद मोबाइल फोन और फिर डिजिटल तकनीक। हम वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये बैठक कर रहे हैं, लेकिन क्या रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों पर यातायात कम हुआ है? अगर एक नौकरी जाती है, तो हमें दो और नौकरियां तलाशनी होंगी। जहां विकसित देश 2-3 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहे हैं।

# रिजर्व बैंक का वित्तीय समावेश सूचकांक 4.3 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसका वित्तीय समावेश सूचकांक मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष वर्ष में 4.3 प्रतिशत बढ़ा है। यह देश में वित्तीय समावेश यानी वित्तीय सेवाओं तक पहुंच की स्थिति में सुधार को दर्शाता है।

आरबीआई ने सरकार सहित संबंधित पक्षों के परामर्श से समग्र वित्तीय समावेश सूचकांक (एफआई-सूचकांक) तैयार किया है। वार्षिक सूचकांक पहली बार वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अगस्त, 2021 में प्रकाशित किया गया था। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष वर्ष के लिए सूचकांक संकलित किया गया है। मार्च, 2025 के लिए वित्तीय समावेश सूचकांक का मूल्य 67 है, जबकि मार्च, 2024 में यह 64.2 था। इसमें पहुंच, उपयोग और गुणवत्ता समेत सभी उप-सूचकांकों में वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में वित्तीय समावेश सूचकांक में उपयोग और गुणवत्ता आयाम का नतीजा है। यह वित्तीय समावेश के दायरे में ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को लाने और वित्तीय साक्षरता की दिशा में निरंतर उठाये गये कदमों को दर्शाता है। एफआई-सूचकांक की अवधारणा एक व्यापक सूचकांक के रूप में की गई है। इसमें सरकार और संबंधित क्षेत्रीय नियामकों के परामर्श से बैंक, निवेश, बीमा, डाक और पेंशन क्षेत्र का विवरण शामिल है।

# साइबर और डिजिटल धोखाधड़ी गंभीर चिंता का विषय



नयी दिल्ली। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने मंगलवार को कहा कि पूंजी बाजारों में निवेश करने वालों की बढ़ती संख्या के साथ बाजार में उतार-चढ़ाव और वित्तीय परिवेश में विश्वास की कमी इस बढ़ते निवेशक रुझान के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश कर सकती हैं। देश में पूंजी बाजारों में निवेश करने वालों की संख्या बढ़कर वर्तमान में 13 करोड़ हो गयी है जो मार्च, 2020 में 4.2 करोड़ थी। अभी इसमें और वृद्धि की काफी गुंजाइश है। नारायण ने घरेलू निवेशकों की संख्या में वृद्धि को स्वीकार करते हुए इस गति को बनाए रखने के लिए चुनौतियों के समाधान की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि साइबर और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे जोखिम गंभीर चिंता का विषय हैं। गड़बड़ी करने वाले अक्सर परिष्कृत और संगठित होते हैं और भोले-भाले निवेशकों को अपना शिकार बनाते हैं। इससे साइबर सुरक्षा ऐसा क्षेत्र बन जाता है, जिस पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य ने कहा कि इसके साथ ही, निवेशकों को बाजार की अस्थिरता के बारे में पूरी तरह से जागरूक रहने की जरूरत है। बाजार में उतार-चढ़ाव तय है और निवेशक अपने पोर्टफोलियो को व्यक्तिगत जोखिम क्षमता के अनुरूप बनाएं। हमें अस्थिरता और जोखिम के अर्थ को बेहतर ढंग से समझना और आत्मसात करना होगा। यह ठीक उसी तरह होना चाहिए जैसे हमने प्रतिफल को बेहतर ढंग से समझना है।

## गैलेक्सी जेड फोल्ड7, गैलेक्सी जेडफ्लिप7 को एस25 सीरीज के बराबर प्री-ऑर्डर्स मिले

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज घोषणा है कि इसके हाल में लॉन्च किए गए नए स्मार्टफोन्स - गैलेक्सी जेड फोल्ड7, गैलेक्सी जेडफ्लिप7 और गैलेक्सी जेड फ्लिप7 एफई - को पहले 48 घंटों में रिकॉर्ड 210,000 प्री-ऑर्डर्स मिले हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है और इस साल की शुरूआत में गैलेक्सी एस25 सीरीज के लिए प्राप्त प्री-ऑर्डर्स के लगभग बराबर है। यह दिखाता है कि लोगों में ब्रांड के फोल्डेबल स्मार्टफोन की सातवीं पीढ़ी के लिए जबर्दसत मांग और उत्साह है। भारत के युवा नई तकनीक को अपनाने में काफी तेज हैं। गैलेक्सी जेड फोल्ड7 अब तक का सबसे उन्नत स्मार्टफोन है।

## चुपा चुप्स का नया कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। परफेटी वैन मेले के कन्फेक्शनरी ब्रांड्स में से एक, चुपा चुप्स ने अपना एक नया कैंपेन लॉन्च किया है, जो अपने खास खट्टे और मीठे स्वाद के अनोखे प्रभाव को नए अंदाज में पेश करता है। कैंपेन के तहत नए कैम्पेन के जरिए यह दिखाया गया है कि कैसे खट्टे और मीठे का यह अनोखा मेल साधारण लम्हों को भी मस्तीभरे माहौल में बदल सकता है। ब्रांड का उद्देश्य रोजमर्रा के लम्हों में मस्ती का तड़का लगाना है। यह कैंपेन मजेदार और हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाता है कि कैसे चुपा चुप्स स्वीट एंड सॉर बेल्ट्स के स्वाद से तर्क और कल्पना की टक्कर हो जाती है। असाधारण स्वाद के साथ यह कैम्पेन उस अनिश्चितता को अपनाती है, जब मिठे और खट्टे का टकराव होता है और तर्क ताक पर रख दिया जाता है।

# भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे वैश्विक स्थिरता का आधार बनाती है

संयुक्त राष्ट्र। नीति आयोग के वाइस चेयरमैन (वीसी) सुमन बेरी ने कहा कि भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे विश्व के लिए स्थिरता का आधार बनाती है। विश्व को ऐसे नए इंजन और विकास मॉडल की आवश्यकता है जिन्हें बढ़ाया एवं साझा किया जा सके और भारत ये तीनों चीजें देने के लिए तैयार है। बेरी ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सतत विकास लक्ष्यों के लिए उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच के मंत्रिस्तरीय सत्र को संबोधित किया।

विश्व महत्वपूर्ण आर्थिक बदलावों और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है जिससे सतत विकास लक्ष्यों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सामूहिक कार्य पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। बेरी ने कहा कि दुनिया को स्थिरता के आधार, विकास के नए इंजन और ऐसे विकास मॉडल की जरूरत है जिन्हें बढ़ाया और साझा किया जा सके। भारत अपनी अनूठी ताकत एवं अनुभव के साथ ये तीनों चीजें मुहैया कराने को तैयार और इच्छुक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे वैश्विक समुदाय के लिए स्थिरता का आधार बनाती है तथा यह इस बात का उदाहरण है कि क्या संभव है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया अपना 118वां स्थापना

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने अपने 118वें स्थापना दिवस पर विश्वास, नवाचार और स्थायित्वपूर्ण वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। बैंक के 118वें स्थापना वर्ष की थीम भरोसे का सशक्त आधार नवाचार रखी गई है जो वर्षों से ग्राहकों के भरोसे को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए भविष्य की बैंकिंग को आकार देने की बैंक की सोच को दशार्ता है। बैंक के स्थापना इस अवसर पर बैंक ने ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करते हुए बैंकिंग की पहुंच को बढ़ाने और स्थायित्वपूर्ण वृद्धि को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से डिजिटल और तकनीक, संवहनीय बैंकिंग और ग्रीन फायनांस के क्षेत्र में कई नवोन्मेषी उत्पादों और पहलों की घोषणा की।

## पेज एक का शेष

### दो आईएएस

प्रयागराज, अमित कुमार द्वितीय एडीएम (नगर पूर्वी) लखनऊ से एडीएम (वि/रा) बहराइच बनाए गए हैं। महेंद्र पाल सिंह एडीएम (वि/रा) औरैया से एडीएम (नगर पूर्वी) लखनऊ, अविनाश चंद्र मौर्य उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ से एडीएम (वि/रा) औरैया बनाए गए हैं। नरेंद्र सिंह एसडीएम मुरादाबाद से उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ, गरिमा स्वरूप संयुक्त निदेशक बाल विकास पुष्टाहार निदेशालय व अतिरिक्त कार्यभार उप सचिव से विशेष कार्याधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ बनाई गई हैं।

### कांवड़ मार्ग

झा और अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक एम. सिंघवी ने दलील दी कि उत्तर प्रदेश सरकार को क्यूआर कोड संबंधी निर्देश जारी करने से पहले न्यायालय के 2024 के आदेश में संशोधन का अनुरोध करना चाहिए था।

सिंघवी ने कहा, यात्रा के दौरान लोगों को बहिष्कृत करने की यह सबसे विभाजनकारी पहल है, मानो ये लोग अछूत हों। क्या मेनू कार्ड (व्यंजन के विकल्पों की सूची) के बजाय मेरा उपनाम यह सुनिश्चित करेगा कि कांवड़ियों को अच्छी गुणवत्ता वाला भोजन मिलेगा या नहीं?

वरिष्ठ वकील ने कुछ दुकानों पर कांवड़ियों के कथित हमलों से जुड़ी खबरों का हवाला देते हुए कहा, जब आप विभाजन के बीज बोते हैं, तो बाकी चीजों का ध्यान जनता खुद रख लेती है। उनके तर्क का जवाब देते हुए न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा कि लोगों के खान-पान के विकल्प अलग-अलग होते हैं और कोई शाकाहारी व्यक्ति, खासकर धार्मिक यात्रा के दौरान केवल शाकाहारी भोजन परोसने वाली जगह पर ही जाने का विकल्प चुनना चाहेगा। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि ये निर्देश भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों के अनुरूप जारी किए गए हैं।

रोहतगी ने कहा, इस देश में ऐसे भी लोग हैं, जिनके भाई के घर में अगर मांस पकाया जाता है, तो वे वहां भी खाना नहीं खाते। भक्तों की भावनाएं होती हैं और अधिनियम के नियमों के अनुसार उन्हें फोटो पहचान पत्र की आवश्यकता होती है। आप अपना नाम दिखाने से क्यों डरते हैं? मुझे समझ नहीं आ रहा। अन्य याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि स्थानीय नियमों के अनुसार इस मार्ग पर स्थित भोजनालयों में इस अवधि के दौरान केवल शाकाहारी व्यंजन ही बेचे जाते हैं। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, अगर कोई होटल शुरू से ही शाकाहारी भोजन परोस रहा है तो नाम और अन्य चीजों का उल्लेख करने का सवाल ही नहीं उठता, लेकिन अगर केवल यात्रा के उद्देश्य से कोई मांसाहारी खाना परोसना बंद कर देता है और शाकाहारी भोजन बेचना शुरू कर देता है, तो उपभोक्ता को इसका पता होना चाहिए। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, उपभोक्ताओं को यह लचीलापन मिलना चाहिए। अगर कोई होटल पहले मांसाहारी खाना परोसता था और बेहतर व्यवसाय के उद्देश्य से वह यात्रा के दौरान केवल शाकाहारी खाना परोसता है, तो यह उपभोक्ता के लिए विचार का विषय होगा। चयन उपभोक्ता को करना है। यहां उपभोक्ता ही राजा है। न्यायालय ने पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश सरकारों द्वारा जारी इसी तरह के निर्देशों पर रोक लगा दी थी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों और अन्य विवरणों के नाम प्रदर्शित करने को कहा गया था। झा ने उत्तर प्रदेश प्रशासन द्वारा 25 जून को जारी की गई एक प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए कहा, नए उपायों में कांवड़ मार्ग पर स्थित सभी भोजनालयों के लिए क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है, ताकि मालिकों के नाम और पहचान का पता चल सके, लेकिन इस तरह की भेदभावपूर्ण नीति पर न्यायालय पहले ही रोक लगा चुका है। याचिका में आरोप लगाया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार का निर्देश दुकान, ढाबा और रेस्तरां मालिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन है। हिंदू कैलेंडर के श्रावण माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगाजल लेकर विभिन्न स्थानों से कांवड़ लेकर आते हैं। अनेक श्रद्धालु इस महीने में मांसाहार से परहेज करते हैं और अनेक लोग प्याज तथा लहसुन युक्त भोजन भी नहीं खाते।

### हंगामे के

लेकर नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे। कुछ सदस्य अपने स्थानों से आगे भी आ गए। उपसभापति ने सदस्यों से अपने स्थानों पर जाने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की लेकिन अपनी बात का असर न होते देख उन्होंने 11 बज कर करीब पांच मिनट पर ही बैठक को दोपहर बारह बजे तक स्थगित कर दिया। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बजे बैठक शुरू हुई तो सदन में विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी था। पीठासीन अध्यक्ष घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि उन्हें एक आवश्यक सूचना सदन को देनी है। तिवाड़ी ने कहा कि गृह मंत्रालय ने संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के तहत उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के तत्काल प्रभाव से इस्तीफे की 22 जुलाई 2025 को एक अधिसूचना जारी की है। इसके बाद तिवाड़ी ने प्रश्नकाल शुरू कराना चाहा लेकिन हंगामे के कारण उन्होंने कार्यवाही शुरु होने के महज दो मिनट बाद ही बैठक दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी। गौरतलब है कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस के नेताओं ने गहरी आपत्ति जताई है और इस पर तत्काल चर्चा की मांग की है। उपसभापति हरिवंश ने मंगलवार को सुबह सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता की। एक दिन पहले उपराष्ट्रपति पद से धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। भारत के उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं और आमतौर पर कार्यवाही की शुरुआत में सदन की अध्यक्षता करते हैं।

### 121 पॉलीटेक्निक

1063.96 करोड़ रुपये राज्य सरकार खर्च करेगी। इसके अतिरिक्त, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और मूलभूत सुविधाओं की स्थापना के लिए राज्य सरकार ?858.11 करोड़ का अतिरिक्त व्यय करेगी। पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 45 पॉलीटेक्निक संस्थानों को अपग्रेड किया जाएगा।

### अब युवाओं को

प्रोडक्टिविटी ऐप्स (जैसे वर्ड, एक्सेल, गूगल शीट्स आदि) की सुगमता से योजना के शैक्षिक उद्देश्य बेहतर तरीके से पूरे हो सकेंगे। टैबलेट का उपयोग शैक्षिक पाठ्यक्रमों की तैयारी, सरकारी/निजी रोजगार, और स्वरोजगार के अवसरों में भी सहायक होगा।

### गोवंशों की

प्रभारी सतबीर सिंह के अनुसार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक और प्रभारी अधिकारी (कान्हा गौशाला) कुलदीप कुमार की तहरीर पर थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसके पूर्व लखनऊ में जारी बयान के अनुसार नगर विकास विभाग ने दो आउटसोर्सिंग फर्मों, जैन कंप्यूटर्स और शिवम इंटरप्राइजेज के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। इन फर्मों को गोशाला में 2500 गोवंश मवेशियों की देखभाल के लिए गोपालकों और कर्मचारियों की तैनाती की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

बयान में कहा गया कि 12 जुलाई 2025 को सोशल मीडिया पर कान्हा गौशाला की बदहाल स्थिति को दर्शाने वाला एक वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें दयनीय परिस्थितियों में गोवंश मवेशी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के बाद सहायक नगर आयुक्त शरद पाल के नेतृत्व में गोशाला का गहन निरीक्षण किया गया और जांच में पाया गया कि गोशाला में भूसा, हरा चारा और पानी उपलब्ध होने के बावजूद मवेशियों को समय पर नहीं दिया जा रहा था। इसके अलावा, कई गोपालक और कर्मचारी ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए गए। मेसर्स जैन कंप्यूटर्स ने 24 गोपालकों और शिवम इंटरप्राइजेज ने 18 गोपालकों की तैनाती का दावा किया था, लेकिन वास्तविक स्थिति इसके विपरीत थी।

नगर निगम ने बताया कि दोनों फर्मों को पहले भी गोवंश मवेशियों की देखभाल में लापरवाही के लिए मौखिक और लिखित नोटिस जारी किए गए थे लेकिन इसके बावजूद, कोई सुधार नहीं हुआ, तब कड़ा कदम उठाना पड़ा। जांच में यह भी सामने आया कि गौशाला में अभिलेखों का रख-रखाव अपूर्ण था, जिसके लिए लिपिक विकास शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। बयान के अनुसार लापरवाही के इस मामले में पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी हरपाल सिंह और गौशाला के केयरटेकर के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है एवं उन्हें निलंबित भी कर दिया गया हैं। बयान के अनुसार मामले के जांचकर्ता सहायक नगर आयुक्त शरद पाल से गोशाला का वरिष्ठ प्रभार छीन लिया गया है और उनकी जगह अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गजेंद्र को सीएमओ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया और उनकी जगह डॉ. अमर सिंह को नई तैनाती दी गई है। नगर निगम ने गौशाला की स्थिति में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गौशाला की निगरानी के लिए 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा और भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कान्हा गौशाला के रखरखाव में कमी एवं लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### भारत-पाक सीमा

कमान मुख्यालय में स्थित एक नियंत्रण कक्ष द्वारा किया जाएगा। बीएसएफ का मुख्य कार्य भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा सुरक्षा बल की ताकत, कमजोरियों और खतरों की हाल ही में समीक्षा के बाद यूनिट के गठन का निर्णय लिया गया। यह अभियान भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी और रक्षा ठिकानों पर हमला करने के लिए शुरू किया गया था। यह कार्वाई 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के प्रतिशोध के रूप में किया गया। पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। सात मई को शुरू किए गए इस अभियान में बीएसएफ ने सेना के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया। ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान ने पश्चिमी सीमा पर भारतीय ठिकानों के साथ-साथ नागरिक इलाकों को निशाना बनाने के लिए हजारों ड्रोन भेजे। दस मई को, विस्फोटक से लदे एक पाकिस्तानी ड्रोन ने जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में खारकोला सीमा चौकी पर विस्फोटक गिराए। इस घटना में चौकी पर तैनात बीएसएफ के दो जवान और सेना का एक जवान शहीद हो गया, जबकि चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक का इलाज के दौरान पैर काटना पड़ा। सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ ड्रोन स्क्वाड्रन को उत्तर में जम्मू से लेकर देश के पश्चिमी हिस्से में पंजाब, राजस्थान और गुजरात तक 2,000 किलोमीटर से अधिक लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा के पास स्थित बीओपी पर तैनात किया जाएगा।

### देहरादून के

स्टडी पूरी हो चुकी है। भू-अधिग्रहण की कार्यवाही भी चिन्हांकन स्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि देहरादून रिंग रोड के संरेखण को अंतिम रूप दे दिया गया है और फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। साथ ही रेलवे के साथ संयुक्त निरीक्षण कर डायवर्जन प्लान भी तैयार कर लिया गया है। देहरादून-मसूरी कनेक्टिविटी परियोजना की भी फिजिबिलिटी रिपोर्ट और जियोटेक्निकल इन्वेस्टिगेशन संपन्न हो चुके हैं।




# श्रृंखला बराबर करने उतरेगा भारत

## इंग्लैंड वर्तमान श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे चल रहा है और भारत को पांच मैच की इस श्रृंखला को जीवंत बनाये रखना है

एजेंसी



मैनचेस्टर। पिछले मैच में हार और कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के बावजूद भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाले चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच में श्रृंखला में वापसी करने और ओल्ड ट्रैफर्ड में पहली बार जीत हासिल करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत को हालांकि अभी तक आजमाए गए अपने फॉर्मूले से हटने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। लीड्स में पहले टेस्ट के बाद भारत ने अंतिम एकादश में तीन ऑलराउंडरों को शामिल किया था। इनमें नितीश रेड्डी भी शामिल थे, जो घुटने की चोट के कारण अब श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर जैसे दो स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर की मौजूदगी में भारत के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाज़ी करने की गुंजाइश थी, लेकिन मैनचेस्टर में ऐसा शायद न हो, जहां भारतीय टीम अभी तक जीत हासिल नहीं कर पाई है। भारत ने यहां अभी तक नौ मैच खेले हैं जिनमें से चार में उसे पराजय का सामना करना पड़ा जबकि बाकी पांच मैच ड्रॉ रहे। इंग्लैंड वर्तमान श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे चल रहा है और अगर भारत को पांच मैच की इस श्रृंखला को जीवंत बनाए रखना है तो उसे यहां हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच खेलने वाले शार्दुल ठाकुर को रेड्डी की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है लेकिन उनका बल्लेबाजी में उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है।

अगर उन्हें टीम में लिया जाता है तो उन्हें गेंदबाज़ी में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा क्योंकि रेड्डी ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में महत्वपूर्ण अवसरों पर विकेट लिए थे। भारत लीड्स के संयोजन को फिर से आजमा सकता है, जहां उसके पास जडेजा के रूप में केवल एक स्पिनर था और छठे नंबर तक विशेषज्ञ बल्लेबाज थे, जिसमें करुण नायर और साई सुदर्शन दोनों अंतिम एकादश में थे। इसके अलावा नए तेज़ गेंदबाज़ अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के दावेदार हैं। अगर आकाश दीप कमर की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाते हैं, तो इनमें से कोई भी उनकी जगह ले सकता है। आकाश दीप की तरह, कंबोज भी अच्छी सीम मूवमेंट पैदा कर सकते हैं। वह भारत ए के इंग्लैंड दौरे का भी हिस्सा थे और इस तरह से यहां की परिस्थितियों से कुछ हद तक वाकिफ हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का अंतिम एकादश में जगह बनाना तय है। लॉर्ड्स में श्रृंखला में पहली बार भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और और अगर भारत को श्रृंखला में वापसी करनी है तो कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई वाली बल्लेबाजी लाइन-अप को फिर से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गिल तीसरे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बावजूद श्रृंखला में उनके नाम पर 600 से अधिक रन दर्ज हैं। भारत के लिए उनका बड़ा स्कोर काफी मायने रखता है। जोफ्रा आर्चर ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी सफल वापसी में यशस्वी जायसवाल को दो बार आउट किया और यह बाएं हाथ का बल्लेबाज इंग्लैंड के तेज गेंदबाज की अतिरिक्त गति से निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होगा। गिल ने भले ही श्रृंखला में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए हैं लेकिन वह के एल राहुल हैं जो अधिक विश्वसनीय बल्लेबाज नजर आए। भारत को फिर से उनसे ठोस प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

मैच से पहले भारत के अभ्यास सत्र को देखकर लगता है कि ऋषभ पंत अपनी उंगली की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं और हमेशा की तरह अपनी दोहरी जिम्मेदारी निभाएंगे। अगर नायर को एक और मौका मिलता है, तो वह अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने के लिए बेताब होंगे। लगातार चार अर्धशतक लगाने वाले जडेजा मध्यक्रम को मजबूती दे रहे हैं लेकिन उन्हें गेंदबाजी में भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के अन्य स्थानों की तुलना में भारत को मैनचेस्टर में कम खेलने का मौका मिला है। उसने यहां अपना आखिरी टेस्ट मैच 2014 में खेला था। इस मैदान पर भारत की तरफ से आखिरी शतक सचिन तेंदुलकर ने 1990 में लगाया था। भारत की निगाह जहां श्रृंखला बराबर करने पर टिकी हैं वहीं इंग्लैंड अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा।

# राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का हिस्सा होगा बीसीसीआई



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का हिस्सा होगा जिसे बुधवार को संसद में पेश किया जाना है। खेल मंत्रालय के एक विश्वसनीय सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई भले ही सरकार से वित्तीय मदद पर निर्भर ना हो लेकिन उसे प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल बोर्ड से मान्यता लेनी होगी। सूत्र ने कहा सभी राष्ट्रीय महासंघों की तरह, बीसीसीआई को भी इस विधेयक के अधिनियम बन जाने के बाद देश के कानून का पालन करना होगा। वे मंत्रालय से वित्तीय मदद नहीं लेते लेकिन संसद का अधिनियम उन पर लागू होता है। सूत्र ने कहा, बीसीसीआई अन्य सभी एनएसएफ की तरह एक स्वायत्त निकाय बना रहेगा लेकिन उनसे जुड़े विवादों का निपटारा प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल पंचाट करेगा। यह पंचाट चुनाव से लेकर चयन तक के खेल मामलों से जुड़े विवाद का समाधान निकाय बन जाएगा।

उन्होंने कहा इस विधेयक का मतलब किसी भी एनएसएफ पर सरकारी नियंत्रण नहीं है। सरकार सुशासन सुनिश्चित करने में एक सूत्रधार की भूमिका निभाएगी। क्रिकेट (टी20 प्रारूप) को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है और इस तरह से बीसीसीआई पहले ही ओलंपिक आंदोलन का हिस्सा बन चुका है। खेल प्रशासन विधेयक का उद्देश्य समय पर चुनाव, प्रशासनिक जवाबदेही और खिलाड़ियों के कल्याण के लिए एक मजबूत खेल ढांचा तैयार करना है।

राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) को पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा। इसके पास व्यापक अधिकार होंगे कि वह शिकायतों के आधार पर या अपने विवेक से चुनावी अनियमितताओं से लेकर वित्तीय गड़बड़ी तक के उल्लंघनों के लिए खेल संघों को मान्यता प्रदान करे या निलंबित भी करे। इस विधेयक में प्रशासकों की आयु सीमा के पेचीदा मुद्दे पर कुछ रियायत दी गई है जिसमें 70 से 75 वर्ष की आयु के लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई है बशर्ते संबंधित अंतरराष्ट्रीय संस्थायें आपत्ति नहीं करें। एनएसबी में एक अध्यक्ष होगा और इसके सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। यह नियुक्तियां एक खोज-सह-चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर की जाएंगी। चयन समिति में अध्यक्ष के तौर पर कैबिनेट सचिव या खेल सचिव, भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महानिदेशक, दो खेल प्रशासक (जो किसी राष्ट्रीय खेल संस्था के अध्यक्ष, महासचिव या कोषाध्यक्ष के रूप में काम कर चुके हों) और एक प्रतिष्ठित खिलाड़ी शामिल होगा जो द्रोणाचार्य, खेल रत्न या अर्जुन पुरस्कार विजेता हो। सूत्र ने कहा यह एक खिलाड़ी-केंद्रित विधेयक है जो स्थिर प्रशासन, निष्पक्ष चयन, सुरक्षित खेल और शिकायत निवारण के साथ राष्ट्रीय खेल संघों का वित्तीय लेखा-जोखा और बेहतर कोष प्रबंधन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय खेल पंचाट यह सुनिश्चित करेगा कि अदालती मामलों में देरी के कारण खिलाड़ियों के करियर को कोई नुकसान न हो।

## संक्षेप

### पारस गुप्ता विश्व 6 रेडस्नूकर के प्री क्वार्टर फाइनल में

मनामा (बहरीन)। राष्ट्रीय चैंपियन पारस गुप्ता ने मंगलवार को यहां यूएई के मोहम्मद शेहाब को 4-0 से हराकर आईबीएसएफ विश्व 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आठवें वरीय भारतीय खिलाड़ी ने मौकों का पूरा फायदा उठाते हुए सीधे फ्रेम में जीत दर्ज की। पिछले महीने कोलंबो में एशियाई 6 रेड प्रतियोगिता में उप विजेता रहे आगरा के रहने वाले 29 वर्षीय गुप्ता प्री क्वार्टर फाइनल में चीन के पेन यिमिंग से भिड़ेंगे। इससे पहले आदित्य मेहता ने दोहरे विश्व चैंपियन पाकिस्तान के मोहम्मद आसिफ को 4-0 से हराकर ग्रुप एन में शीर्ष स्थान हासिल किया। वरीयता क्रम में दूसरे स्थान पर रहने के कारण मेहता को सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में बाई मिला।

### हम पीछे हटने वाले नहीं हैं : स्टोक्स

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम बुधवार से यहां शुरू हो रहे चौथे टेस्ट मैच में भारतीय खिलाड़ियों की किसी भी आक्रामकता का जवाब उन्हीं की भाषा में देगी। उन्होंने इस बात का संकेत दिया कि इस कड़ी टक्कर वाली श्रृंखला में जुबानी जंग थमने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड पांच मैच की श्रृंखला में 2-1से आगे है लेकिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, जैक क्रॉली, बेन डकेट, स्टोक्स और हैरी ब्रूक जैसे खिलाड़ी विपक्षी खिलाड़ियों के साथ कुछ बहस करने से पीछे नहीं हटे हैं। स्टोक्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे नहीं लगता कि यह उन चीजों में से एक है जहां हम मैदान में उतरकर (छींटाकशी) शुरू कर देंगे। मुझे नहीं लगता कि दोनों टीम में से कोई भी असल में ऐसा करने की सोच रही है।

### एआईएफएफ की तकनीकी समिति की बैठक आज

नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति बुधवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों की सूची में छंटनी करने के लिए बैठक करेगी। महासंघ को इस रिक्त पद के लिए 170 आवेदन प्राप्त हुए हैं। टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इस महीने की शुरुआत में स्पेन के मनोलो मारक्वेज और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के आपसी सहमति अलग होने का फैसला किया था जिसके बाद एआईएफएफ ने इस पद के लिए 13 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए थे। इस घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, तकनीकी समिति 23 जुलाई को बैठक करेगी।

# दिव्या-कोनेरू एफआईडीई वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में

एजेंसी

चेन्नई। कोनेरु हम्पी के बाद दिव्या देशमुख भी चेस एफआईडीई विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। इसके साथ ही पहली बार दो भारतीय महिला टूनामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना पाई हैं। इससे पहले, रविवार को कोनेरु हम्पी सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थीं। यह टूनामेंट जॉर्जिया के बटुमी में खेला जा रहा है। सोमवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में दिव्या देशमुख ने अपनी ही देश की हरिका द्रोणावल्ली को हरा कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। दिव्या और हरिका के दोनों क्लासिकल मुकाबले ड्रॉ रहे थे और टाई ब्रेक में दिव्या ने दोनों ही बाजियां जीत कर सेमीफाइनल के लिए प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तान झोंगयी से होगा।

वहीं, कोनेरू हम्पी ने चीन की सॉन्ग युक्सिन को हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया था। उन्होंने पहला गेम जीता, जबकि दूसरा गेम ड्रॉ रहा। अब सेमीफाइनल में चीन की लेई टिंगजी से खेलेंगी। इस टूनामेंट में पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची। कोनेरू हंपी के अलावा हरिका द्रोणवल्ली, आर. वैशाली और दिव्या देशमुख ने क्वार्टरफाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

वैशाली रमेशबाबू को चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त तान झोंगयी से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इस टूनामेंट में उनका अभियान समाप्त हो गया। वैशाली ने कजाकिस्तान की मेरुएर्त कमालिदेनोवा को हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था।

### एरिगैसी और गुजराती होंगे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में मुख्य आकर्षण

चेन्नई। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और अनीश गिरी छह अगस्त से यहां शुरू हो रहे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के मुख्य आकर्षण होंगे। भारत के सबसे प्रतिष्ठित क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में मास्टर्स और चैलेंजर्स श्रेणियों के 20 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की इनामी राशि एक करोड रुपए है। मास्टर्स श्रेणी में एरिगैसी, गुजराती और गिरी के अलावा जॉर्डन वान फॉरेस्ट, लियांग अवॉन्डर, विंसेंट कीमर, रे रॉबसन, व्लादिमीर फेडोसेव और प्रणव वी शामिल होंगे। एरिगैसी ने कहा, अपने शहर में इतने बड़े टूर्नामेंट में खेलना हमेशा खास होता है।

# प्रणय पांच मैच प्वाइंट बचाकर अगले दौर में

एजेंसी



चांग्झू। भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने पांच मैच प्वाइंट बचाए और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां जापान के कोकी वतनबे को हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 **बैडमिंटन** टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन फिर से पहली बाधा पार नहीं कर पाए। विश्व के 35वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 18वें नंबर के वतनबे के खिलाफ 8-21, 21-16, 23-21 से जीत हासिल की। लक्ष्य का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अच्छी शुरुआत के बावजूद चीन के पांचवें वरीय ली शि फेंग से 21-14, 22-24, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने मैच के बाद कहा मेरे करियर के इस पड़ाव पर, हर जीत मायने रखती है। मैं टूर पर वापस आकर खुश हूं।

खेल का स्तर वास्तव में काफी बेहतर हो गया है और आपको शुरू से ही कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अब हर राउंड जीतना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा, पुरुष एकल में औसत आयु अचानक 22-23 वर्ष हो गई है। बहुत सारे नए चेहरे हैं और आप वास्तव में नहीं जानते कि उनका खेल कैसा है। अब अनुभव बहुत ज्यादा मायने नहीं रखता है। भारतीय खिलाड़ी की पहले गेम में जापान के खिलाड़ी के सामने एक नहीं चली लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने अच्छी वापसी करके मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरा और निर्णायक गेम काफी रोमांचक रहा। प्रणय आखिरी गेम में 2-11 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने लगातार पांच अंक लेकर अंतर कम कर दिया। फिर भी 15-20 के स्कोर पर जापान के खिलाड़ी के पास पांच मैच प्वाइंट थे। भारतीय खिलाड़ी ने इन सभी मैच प्वाइंट को बचाकर 21-20 की मामूली बढ़त हासिल कर ली और आखिर में यादगार जीत दर्ज की। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय पहले ही दौर में चीनी ताइपे की लिन ह्सियांग ती से 23-21, 11-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गईं। ए सूर्या और ए प्रमुथेश तथा रोहन कपूर और रुथविका गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ियां भी अपने शुरुआती दौर के मैच हार गईं।

### कार्लोस अल्काराज भी टोरंटो मास्टर्स से हटे

टोरंटो। दुनिया के दूसरे नंबर से खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है जिससे अमेरिकी ओपन से पहले होने वाली इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता की चमक और फीकी पड़ गई है।

इससे एक दिन पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था। अल्काराज ने कहा, मैं अभी विंबलडन की थकान से उबर रहा हूं और इस कारण टोरंटो मास्टर्स में भाग नहीं ले पाऊंगा। पांच बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज विंबलडन के फाइनल में सिनर से हार गए थे और इस तरह से ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार तीसरा खिताब जीतने से चूक गए थे।

# वीजा कारणों से भारत का अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में भाग लेना संदिग्ध

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय कैडेट कुश्ती टीमों पर 28 जुलाई से एथेंस में शुरू होने वाली प्रतिष्ठित अंडर 17 विश्व चैंपियनशिप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि 47 सदस्यीय दल को शनिवार को रवाना होना है, लेकिन यूनान के दूतावास ने अभी तक उनके वीजा संबंधी अनुरोध का जवाब नहीं दिया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने 10 जुलाई को वीजा के लिए मिलने का समय मांगा था, लेकिन 12 दिन बीत चुके हैं और दूतावास से अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। जब उनके अनुरोध के छह दिन बाद भी कोई जवाब नहीं आया तो डब्ल्यूएफआई ने 16 जुलाई को विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की। भारत के 47 सदस्यीय 30 पहलवान शामिल हैं।

इन खिलाड़ियों ने सात और आठ जुलाई को क्रमशः दिल्ली और लखनऊमें आयोजित किए गए चयन ट्रायल से राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने पीटीआई से कहा, लगातार अनुरोध किए जाने के बावजूद जब यूनान के दूतावास से कोई जवाब नहीं मिला तो महासंघ को विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग करनी पड़ी। उन्होंने कहा, टिकट बुक हो चुके हैं और खिलाड़ी तैयार हैं। युवा खिलाड़ियों के लिए विश्व चैंपियनशिप में भाग लेना महत्वपूर्ण है। आज मंगलवार है, उम्मीद है कि हमें अब जवाब मिल जाएगा। डब्ल्यूएफआई के एक अन्य अधिकारी ने कहा, पहले हमें यूनान के दूतावास से चार दिन में वीजा मिल जाता था, लेकिन इस बार इसमें काफी देरी हो रही है।

हाल ही में हमारी पहलवान हर्षिता को हंगरी के दूतावास से एक दिन में ही वीजा मिल गया था। मुझे नहीं पता कि इस बार यूनानी दूतावास इसमें देरी क्यों कर रहा है। भारतीय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। इन खिलाड़ियों में रचना परमार (43 किग्रा), मोनी (57 किग्रा), अश्विनी वैष्णो (65 किग्रा) और मनीषा (69 किग्रा) शामिल हैं। यहां तक कि विश्व कुश्ती की सर्वोच्च संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने हेलेनिक ओलंपिक समिति को पत्र लिखकर इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। लालोविच ने रविवार को लिखा, दुर्भाग्यवश, कुछ योग्य और पंजीकृत टीमों को वीजा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

# इंग्लैंड के बल्लेबाजों की देरी खेल भावना के अनुरूप नहीं

एजेंसी



मैनचेस्टर। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन के अंत में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों द्वारा अपनाई गई देरी करने की रणनीति की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि क्रीज पर 90 सेकेंड देरी से आना खेल भावना के अनुरूप नहीं था। मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट से पहले मीडिया से बातचीत का अंत गिल ने विस्फोटक अंदाज में किया जब उनसे तीसरे मैच के दौरान मैदान पर तनाव के बारे में पूछा गया।

लॉर्ड्स में दोनों पक्षों द्वारा दिखाई गई आक्रामकता के बाद से इंग्लैंड की मीडिया भारतीय और घरेलू टीम के खिलाड़ियों से लगातार यह सवाल पूछ रही है। गिल ने आक्रामक अंदाज में कहा, हां, बहुत से लोग इसके बारे में बात कर रहे हैं इसलिए मैं एक बार और सभी के लिए स्पष्ट कर दूं कि उस दिन इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास सात मिनट का खेल बचा था, वे क्रीज पर 90 सेकेंड देरी से आए, 10 नहीं, 20 नहीं, बल्कि 90 सेकेंड देरी से। उन्होंने कहा, हां, अधिकतर टीमें यही (देरी करने की रणनीति) करती हैं। अगर हम इस स्थिति में होते तो हम भी कम ओवर खेलना पसंद करते लेकिन ऐसा करने का एक तरीका होता है और हमें लगाता है कि अगर आपके शरीर पर गेंद लगती है तो फिजियो को मैदान पर आने की इजाजत है और यह उचित भी है। गिल ने कहा लेकिन मुझे नहीं लगता कि क्रीज पर 90 सेकेंड देरी से आना खेल भावना के अनुसार है। बुमराह ने तीसरे दिन आखिरी ओवर फेंका था और दिन का खेल खत्म होने से ठीक पहले खेल में देरी करने के लिए कॉली की तरफ व्यंग्यात्मक लहजे में ताली बजाई थी। भारतीय खिलाड़ियों और डकेट के बीच भी बहस हुई थी। टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी पहली श्रृंखला में गिल ने भी कॉली को हिम्मत दिखाने को कहा था।

गिल ने कहा उस घटना से ठीक पहले, बहुत सी ऐसी चीजें हुईं जिनके बारे में हमें लगता था कि उन्हें नहीं होना चाहिए था, लेकिन वे हुईं, मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे इस पर बहुत गर्व है। उन्होंने कहा लेकिन इसकी भूमिका थी, यह अचानक नहीं हुआ और हमारा ऐसा करने का कोई इरादा नहीं था। भारतीय कप्तान ने कहा, लेकिन बात बस इतनी है कि आप एक मैच खेल रहे हैं, आप जीतने के लिए खेल रहे हैं और इसमें बहुत सारी भावनाएं शामिल होती हैं और जब आप देखते हैं कि कुछ ऐसी चीजें हो रही हैं जो नहीं होनी चाहिए तो कभी-कभी भावनाएं अचानक से आ जाती हैं।

**पंत चौथे टेस्ट में विकेटकीपिंग करेंगे : गिल**

मैनचेस्टर। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में ऋषभ पंत के विकेटकीपर के तौर पर खेलने की मंगलवार को पुष्टि करते हुए कहा कि तेज गेंदबाज आकाशदीप इस अहम मुकाबले से बाहर रहेंगे। पंत से जुड़ी यह खबर भारत के लिए एक बड़ी राहत है क्योंकि आकाशदीप के अलावा हरफनमौला नीतीश रेड्डी और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के चोटिल होने से टीम पहले से ही परेशानी में है। रेड्डी अब श्रृंखला से बाहर हो गये हैं जबकि आकाशदीप और अर्शदीप ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट में नहीं खेलेंगे। पंत को लॉर्ड्स में इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान चोट उंगली में चोट लग गयी थी।

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को दिया 318 रन का लक्ष्य

एजेंसी



चेस्टर ली स्ट्रीट (डरहम)। कप्तान हरमनप्रीत कौर की शतकीय पारी की बदौलत भारत ने मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे महिला एकदिवसीय में पांच विकेट पर 318 रन बनाये। तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर है। हरमनप्रीत ने 84 गेंदों पर 102 रन की पारी खेली। यह पिछले एक साल से अधिक समय में उनकी पहली शतकीय पारी है। उन्होंने पिछली बार 19 जून को बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक बनाया था। भारतीय कप्तान को जेमिमा रोड्रिग्स का शानदार साथ मिला। जेमिमा ने 45 गेंद में 50 रन बनाये। इससे पहले स्मृति मंधाना और हरलीन देओल ने भी 45-45 रनों का योगदान दिया।

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने एक बदलाव करते हुए अरुंधति रेड्डी की जगह राधा यादव को एकादश में शामिल किया है। इंग्लैंड ने ऐम आर्लोट और माइया बूचियर की जगह एलिस डेविडसन रिचर्ड्स और लॉरेन फिलेर को मौका दिया है। तीन मैच की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। भारत ने साउथम्पटन में पहला मैच चार विकेट से जीता था जबकि इंग्लैंड ने लार्ड्स में वर्षा से प्रभावित दूसरे मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज की थी।

**मंधाना एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, दीप्ति 10 स्थान के सुधार के साथ 23वें पायदान पर**

दुबई। इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत की दीप्ति शर्मा बल्लेबाजों में 10 स्थानों की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों को इस रैंकिंग में फायदा हुआ है। दीप्ति ने शुरुआती एकदिवसीय में नाबाद 62 रन की पारी के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। उन्होंने इसके बाद दूसरे एकदिवसीय में भी नाबाद 30 रन का योगदान दिया। सोफिया डंकले ने पहले वनडे में 92 गेंदों पर 83 रन बनाकर इंग्लैंड को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, जिससे उन्हें 24 स्थानों का फायदा हुआ।

### दिल्ली प्रीमियर लीग प्रतियोगिता 17 अगस्त से

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) दो अगस्त से पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ शुरू होगी जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता 17 अगस्त से खेली जाएगी। पुरुषों का फाइनल 31 अगस्त को होगा। पुरुष वर्ग में चार-चार टीमों के दो ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप ए में आउटर दिल्ली वॉरियर्स, सेंट्रल दिल्ली किंग्स, न्यू दिल्ली टाइगर्स और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स जबकि ग्रुप बी में वेस्ट दिल्ली लायंस, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ और पुरानी दिल्ली 6 शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने ग्रुप की तीन टीमों के साथ दो-दो मैच खेलेगी। इसके बाद दूसरे ग्रुप की चार टीमों के साथ एक-एक मैच खेलेगी। इस तरह से प्रत्येक टीम कुल 10 मैच खेलेगी। अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें प्लेऑफ़ में पहुंचेंगी। शीर्ष दो टीमें क्वालीफायर एक में आमने-सामने होंगी।

# ब्रिटेन यात्रा से भारत को व्यापक साझेदारी की उम्मीद

## मोदी की ब्रिटेन यात्रा से पूर्व लंदन से हिंद-प्रशांत रणनीति को नया स्वरूप देने का आह्वान

लंदन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहुप्रतीक्षित ब्रिटेन यात्रा और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर से पहले, देश के प्रमुख थिंक टैंक ने मंगलवार को ब्रिटेन की हिंद प्रशांत रणनीति को नया स्वरूप देने का आह्वान किया। थिंक टैंक ने कहा कि यह रणनीति केवल व्यापार समझौते तक सीमित न रहकर भारत के साथ व्यापक साझेदारी को बढ़ावा देनी वाली होनी चाहिए।

रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स, जिसे आमतौर पर चैथम हाउस के नाम से जाना जाता है, ने ब्रिटेन के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता क्यों दी जानी चाहिए शीर्षक से एक शोध पत्र जारी किया है। इस शोध पत्र में चेतावनी दी है कि यदि रणनीति केवल द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित रही और व्यापक दक्षिण एशियाई क्षेत्र की अनदेखी की गई, जो भारत जैसी आर्थिक विकास गति पर नहीं है, तो यह ब्रिटेन के क्षेत्रीय हितों के लिए सीमित प्रभाव वाली साबित हो सकती है। इसमें नयी दिल्ली के साथ ब्रिटेन के घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने के लिए फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे अन्य देशों को शामिल करते हुए अधिक त्रिपक्षीय सहयोग का भी आह्वान किया गया है। लंदन स्थित इस थिंक टैंक के विश्लेषण में कहा गया है, दक्षिण एशिया में, भारत के साथ सीमित व्यापार समझौते को सफलतापूर्वक अंतिम रूप देने के बाद अब ब्रिटेन को चाहिए कि वह द्विपक्षीय सहयोग के



दायरे को और विस्तृत करे, ताकि दोनों देशों की व्यापक विदेश नीति प्राथमिकताओं (जैसे अमेरिका और वैश्विक दक्षिण के साथ जुड़ाव) का बेहतर लाभ उठाया जा सके। भारत और ब्रिटेन ने छह मई को एक एफटीए पर सहमति व्यक्त की थी जिसका लक्ष्य 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते के मसौदे की अभी कानूनी समीक्षा चल रही है और उम्मीद है कि बृहस्पतिवार को मोदी की ब्रिटिश प्रधानमंत्री के अर स्टॉर्मर के साथ होने वाली बैठक के दौरान इस पर औपचारिक हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस दस्तावेज़ में कहा गया है, मई 2025 में ब्रिटेन द्वारा भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा, 2021 में नयी दिल्ली के साथ हुई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के प्रयासों का पूरक है। चैथम हाउस के पत्र में कहा गया है, लेकिन भारत की संरक्षणवादी प्रवृत्तियों को देखते हुए, किसी भी अंतिम समझौते के द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में व्यापक बदलाव लाने की संभावना कम है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि ब्रिटेन सरकार अन्य माध्यमों का भी समर्थन करे जो व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार कर सकें, जैसे कि 2024 में शुरू की गई प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल। इसमें कहा गया कि व्यापक रूप से, पड़ोसी अर्थव्यवस्थाओं में समान प्रगति के अभाव में, भारत की अर्थव्यवस्था के कमोबेश अपने आप बढ़ने पर दांव लगाना एक खराब दांव होगा। अपनी सिफारिशों में थिंक टैंक ने ब्रिटेन से आग्रह किया है कि वह भारत के साथ महत्वपूर्ण राजनीतिक और आर्थिक संबंध विकसित करना जारी रखे, लेकिन साथ ही केवल द्विपक्षीय ब्रिटेन-भारत संबंधों तक सीमित रहने के बजाय व्यापक क्षेत्रीय एकीकरण और विकास को प्राथमिकता दे।

# उपराष्ट्रपति कार्यालय को मेरे, रिजीजू के बीएसी बैठक में शामिल न हो पाने की जानकारी दी गयी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कार्यालय को सूचित कर दिया गया था कि जगदीप धनखड़ द्वारा बुलाई गई कार्यमंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में वह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू शामिल नहीं हो पाएंगे।



यह बैठक कल शाम उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा देने से कुछ समय पहले हुई थी। नड्डा की यह टिप्पणी कांग्रेस नेता जयराम रमेश द्वारा बीएसी बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता और रीजीजू की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए जाने के बाद आई है। रमेश के दावों के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नड्डा ने कहा, उपराष्ट्रपति कार्यालय को बैठक में उपस्थित न हो पाने की हमारी असमर्थता के बारे में सूचित कर दिया गया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नड्डा, रीजीजू, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की। इसके बाद नड्डा ने संवाददाताओं से बातचीत में यह बयान दिया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सोमवार रात स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेजा और कहा कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के पीछे उनके द्वारा बताए गए स्वास्थ्य कारणों के अलावा कोई और अधिक गहरे कारण हैं। रमेश ने दावा किया कि नड्डा और रीजीजू के बीएसी की बैठक में शामिल न होने का धनखड़ को बुरा लगा।

### संक्षेप

## पोत निर्माण पर संगोष्ठी आयोजित करेगी नौसेना

नयी दिल्ली। नौसेना का युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो बुधवार को यहां एक संगोष्ठी का आयोजन करेगा जिसमें प्रतिभागी जहाज निर्माण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर इस्तेमाल की जा रही भविष्य की तकनीकों पर प्रकाश डालेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि संगोष्ठी में प्रतिभागी जहाजों की आपूर्ति में भारतीय शिपयार्ड एवं उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि पोत निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण विषय पर केंद्रित जहाज निर्माण सेमिनार में केंद्र सरकार, नौसेना, शिपयार्ड, उद्योग जगत, वर्गीकरण समितियों और शिक्षा जगत के प्रमुख हितधारक एक साथ होंगे। अधिकारियों ने कहा कि वाई 12652 (उदयगिरि) की एक जुलाई को की गई हालिया आपूर्ति एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी क्योंकि यह भारतीय नौसेना और युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) द्वारा राष्ट्र को समर्पित 100वां युद्धपोत था। मानेकशॉ केंद्र में होने वाले आयोजन में इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भी बात होगी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नयी दिल्ली स्थित नौसेना मुख्यालय के तहत कार्यरत प्रमुख युद्धपोत डिजाइन संस्थान डब्ल्यूडीबी ने युद्धपोत डिजाइन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 1964 में केंद्रीय डिजाइन कार्यालय के रूप में अपनी यात्रा शुरू की और 1970 में नौसेना डिजाइन निदेशालय के रूप में विकसित हुआ।

# दिल्ली में बारिश के बाद कुछ इलाकों में जलभराव व यातायात बाधित

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलभराव हुआ और यातायात बाधित हो गया।

दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण पूर्वी दिल्ली, मध्य दिल्ली, राष्ट्रीय राजमार्ग 8, दिल्ली-जयपुर मार्ग, पुराना रोहतक रोड, पीरागढ़ी, आईटीओ, एम्स, महरौली-गुड़गांव रोड और मधुबन चौक सहित कई इलाकों में यातायात जाम की स्थिति रही। मौसम विभाग के अनुसार, दिन में अभी और बारिश होने की संभावना है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के लिए सामान्य तापमान है तथा अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान है। दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 83 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 103 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# धनखड़ पर प्रधानमंत्री के पोस्ट से रहस्य गहराया सरकार स्पष्ट करे कि इस्तीफा क्यों हुआ: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए सोशल मीडिया पोस्ट से इस बारे में रहस्य और गहरा गया कि धनखड़ को पद क्यों छोड़ना पड़ा तथा ऐसे में सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि धनखड़ के इस्तीफा देने के पीछे उनके द्वारा बताए गए स्वास्थ्य कारणों के अलावा कोई और अधिक गहरे कारण हैं। धनखड़ ने सोमवार देर शाम स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने धनखड़ के इस्तीफे के बाद मंगलवार को कहा कि उन्हें कई भूमिकाओं में देश की सेवा का मौका मिला है और वह उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि उपराष्ट्रपति ने इस्तीफा क्यों दिया। मैंने उपराष्ट्रपति का त्यागपत्र देखा है। उन्होंने सरकार का आभार जताया है। लेकिन सरकार ने कोई टिप्पणी नहीं की। सरकार को कम से कम उनका धन्यवाद करना चाहिए था। वह इसके हकदार हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, जगदीप धनखड़ के जबरन इस्तीफे के संबंध में प्रधानमंत्री के पोस्ट ने रहस्य को और बढ़ा दिया है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री कुछ अधिक उदार हो सकते थे, आखिरकार, वह दोहरे मापदंड के महारथी हैं। उन्होंने दावा किया कि एक किसान पुत्र को सम्मानजनक विदाई से भी वंचित किया जा रहा है।

# सरकारी आवास पर अनंतकाल के लिए किसी को भी कब्जा नहीं रखना चाहिए



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को बिहार के एक पूर्व विधायक की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें सरकारी बंगले में निर्धारित अवधि से अधिक समय तक रहने को लेकर दंड स्वरूप 20 लाख रुपये से अधिक का आवास किराया अदा करने की मांग का विरोध किया गया था।

न्यायालय ने कहा कि किसी को भी सरकारी आवास पर अंतहीन समय तक कब्जा नहीं रखना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ पटना उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पूर्व विधायक अवनीश कुमार सिंह की अपील पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने तीन अप्रैल को एकल न्यायाधीश पीठ के आदेश के खिलाफ अपील को खारिज कर दिया था, जिसमें पटना के टेलर रोड स्थित एक सरकारी बंगले में अनधिकृत रूप से रहने को लेकर मकान किराये के रूप में दंडस्वरूप 20.98 लाख रुपये से अधिक की अदायगी संबंधी राज्य सरकार की मांग को बरकरार रखा गया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, किसी को भी सरकारी आवास पर अंतहीन समय तक कब्जा नहीं रखना चाहिए। हालांकि, पीठ ने पूर्व विधायक को कानूनी उपाय का सहारा लेने की छूट प्रदान की। इसके बाद, न्यायालय ने याचिका को वापस ले लिया गया मानते हुए खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश की पीठ के उस फैसले को बरकरार रखा था, जिसमें सिंह की याचिका को सुनवाई योग्य नहीं होने के आधार पर खारिज कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि सिंह ने पहले भी इसी तरह की एक याचिका दायर की थी और मामले को फिर से दायर करने की छूट मांगे बिना उसे बिना शर्त वापस ले लिया था। ढाका निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार के विधायक सिंह को विधानसभा सदस्य रहने के दौरान पटना के टेलर रोड स्थित सरकारी आवास 3 आवंटित किया गया था। चौदह मार्च 2014 को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद, सिंह 12 मई 2016 तक इसी बंगले में रहे। हालांकि, उस दौरान यह आवास पहले से ही एक कैबिनेट मंत्री के लिए आवंटित था। पूर्व विधायक ने कहा कि उनके इस्तीफे और 2014 के संसदीय चुनावों में हार के बाद, उन्हें राज्य विधानमंडल अनुसंधान और प्रशिक्षण ब्यूरो में नामित किया गया था।

# गाजा में इजराइली हमलों में कम से कम 20 लोग मारे गये

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। गाजा में इजराइली हमलों में कम से कम 20 लोग मारे गए हैं। यह जानकारी फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को दी। इजराइल ने उस क्षेत्र में नयी घुसपैठ की, जो 21 महीने के युद्ध के दौरान बड़े पैमाने पर लड़ाई से अछूता था।

इजराइल के जमीनी आक्रमण का विस्तार ऐसे समय में हो रहा है जब इजराइल और हमास गाजा के लिए युद्ध विराम की शर्तों पर विचार कर रहे हैं, जिससे लड़ाई रुक जाएगी और कुछ बंधकों की रिहाई संभव हो सकेगी। वार्ता का नवीनतम दौर हफ्तों तक चला, लेकिन कोई सफलता के संकेत नहीं मिले, हालांकि वार्ताकारों ने उम्मीद जतायी है। इजराइल द्वारा गाज़ा के बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण बढ़ाने के साथ, सैनिकों की संभावित वापसी वार्ता में विवाद का एक प्रमुख मुद्दा है।



अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन इजराइल पर युद्ध समाप्त करने के लिए दबाव डाल रहा है और उसने अधीरता दिखायी है। सोमवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप गाजा में एक कैथोलिक चर्च पर हाल ही में हुए इजराइली हमले से अचंभित थे। पिछले सप्ताह शीर्ष ईसाई पादरियों ने उस चर्च का दौरा किया और मंगलवार को यरुशलम में एक संवाददाता सम्मेलन में युद्ध समाप्त करने का आह्वान किया। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि इजराइली हमलों में कम से कम 20 लोग मारे गए हैं। हताहतों को शहर के शिफा अस्पताल लाया गया था। अस्पताल के अनुसार, एक हमला गाजा शहर के पश्चिमी हिस्से में समुद्र तट पर बने शाति शरणार्थी शिविर में विस्थापित लोगों के लिए बने तंबुओं पर हुआ, जिसमें कम से कम 12 लोग मारे गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसे अपनी सेना द्वारा किए गए ऐसे किसी हमले की जानकारी नहीं है। अस्पताल के निदेशक डॉ. मोहम्मद अबू सेल्मिया ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 38 अन्य फलस्तीनी घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवा द्वारा साझा किए गए फुटेज में दिखा कि हमले में तंबू उड़ गए हैं और कुछ लोग जमीन पर पड़े हुए हैं।

### इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'वॉर 2' का ट्रेलर 25 को होगा रिलीज

मुंबई। यशराज फिल्म्स की चर्चित एक्शन फिल्म वॉर 2 जल्द ही सिनेमाघरों में आने वाली है। इस फिल्म में पहली बार बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन और साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर एक साथ नजर आएंगे। इस साल ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर, दोनों ही अपने फिल्मी करियर के 25 साल पूरे कर रहे हैं

> ❍ 25 नंबर का ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के करियर से है खास कनेक्शन

और इसी के चलते 'वॉर 2' में 25 नंबर को खास अहमियत दी गई है। 2025 में भारतीय सिनेमा के दो बड़े सितारे अपने शानदार करियर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए




वाईआरएफ ने 25 जुलाई को 'वॉर 2' का ट्रेलर लॉन्च करने का फैसला किया है! तैयार हो जाइए टाइटन्स की जबरदस्त टक्कर के लिए! अपने कैलेंडर में तारीख नोट कर लीजिए। फिल्म 14 अगस्त 2025 को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होगी।

इसमें कियारा आडवाणी, आशुतोष राणा और अनिल कपूर भी अहम रोल में होंगे। 'वॉर' सीरीज की पहली फिल्म अक्टूबर 2019 में आई थी जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ, वाणी कपूर, आशुतोष राणा और अनुप्रिया गोयनका थे। वॉर' का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया था। इस एक्शन फिल्म में एक फअह एजेंट को अपने ही मेंटर को रोकना था। यह फिल्म बड़ी हिट साबित हुई थी।

# रेसिंग में साउथ स्टार अजीत की कार के परखच्चे उड़े

मुंबई। साउथ के पॉपुलर एक्टर अजीत कुमार इटली में हो रही कार रेसिंग में हादसे का शिकार हो गए। उनकी तेज रफ्तार कार की रेलिंग से जोरदार टक्कर हुई। रफ्तार इतनी तेज थी कि उनकी कार के परखच्चे उड़ गए। हालांकि इस एक्सीडेंट में एक्टर को कोई चोट नहीं आई है। ये पहली बार नहीं है जब अजीत कुमार किसी हादसे में बाल-बाल बचे हैं। इससे पहले दुबई में भी उनकी रेसिंग कार का जोरदार एक्सीडेंट हो चुका है। दरअसल, साउथ एक्टर अजीत कार रेसिंग जीटी 4 यूरोपियन सीरीज का हिस्सा बने थे। ये रेसिंग 20 जुलाई को इटली के मिसानो में हुई थी। अजीत कुमार रेस ट्रैक पर फुल स्पीड में ड्राइव कर रहे थे। उनसे ठीक पहले उस ट्रैक में एक कार का एक्सीडेंट हुआ था।

# दिलीप जोशी ने नहीं छोड़ा है सीरियल 'तारक मेहता'

मुंबई। टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को लेकर हाल ही में ऐसी बातें सामने आईं कि क्या दिलीप जोशी और मुनमुन दत्ता ने शो छोड़ दिया है, क्योंकि वे कुछ एपिसोड्स में नजर नहीं आए। अब इस पर शो के निमार्ता असित कुमार मोदी ने प्रतिक्रिया दी है।

> ❍ प्रोड्यूसर असित मोदी ने बताई 'जेठालाल' के कुछ एपिसोड्स में न दिखने की वजह



जब भी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को लेकर कोई खबर आती है, लोग उस पर बहुत ध्यान देते हैं। कई बार शो के बारे में संवेदनशील या भटकाने वाली बातें भी लिख दी जाती हैं। सच कहूं तो मैं इन बातों की ज्यादा परवाह नहीं करता। अगर मैं हर अफवाह का जवाब देने लगूं, तो यह कभी खत्म नहीं होगी। हाल ही में जेठालाल (दिलीप जोशी जी) कुछ एपिसोड्स में नहीं दिखे, क्योंकि उनकी कुछ निजी जिम्मेदारियां थीं।

# परेश रावल ने आलोचकों को दिया जवाब

**मुंबई।** हेरा फेरी 3 कंट्रोवर्सी से पहले परेश रावल अपने उस बयान से विवादों में घिर गए थे, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि वो बीयर की तरह पेशाब पीते थे। उनका बयान सामने आने के बाद कई लोगों ने जमकर उनकी आलोचना की थी। अब परेश रावल ने आलोचकों पर रिएक्शन दिया है।



विवादों के बाद परेश रावल ने बॉलीवुड हंगामा को दिए एक टेलिफोनिक इंटरव्यू में पेशाब के दावे पर आलोचना होने पर कहा था, 'मैंने उन्हें तो नहीं पिलाई ना। या फिर उन्हें इस बात की तकलीफ है क्योंकि मैंने उन्हें ऑफर नहीं किया। क्या उन्हें ये लग रहा है कि यार ये अकेले पी गए हमको नहीं दिया। आगे परेश रावन ने सफाई में कहा, 'ये मेरी जिंदगी का एक इंसीडेंट है, जो 40 साल पहले हुआ था। वो मैंने बोल दिया, उसमें क्या हो गया। लोगों को राई का पहाड़ बनाने में मजा आता है। करने दो उनको मजा। कुछ समय पहले ही द लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में परेश रावल ने पेशाब पीने से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा था- 'राजकुमार संतोषी की फिल्म 'घातक' की शूटिंग के दौरान मुझे घुटने में चोट लगी थी। नानावटी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

उसी दौरान वीरू देवगन (अजय देवगन के पिता) भी अस्पताल में किसी से मिलने आए थे। जब उनको मेरे बारे में पता चला तो मेरे पास आकर पूछे कि क्या हुआ है? 'मैंने उन्हें अपने पैर की चोट के बारे में बताया। उन्होंने मुझे सुबह उठकर सबसे पहले अपना पेशाब पीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी फाइटर ऐसा करते हैं। आपको कभी कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने मुझे शराब पीने, मटन या तंबाकू का सेवन न करने को कहा, जो मैंने बंद कर दिया था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com